कोटा, गुरुवार
13 फरवरी, 2025
फाल्गुन कृष्ण प्रतिपदा, संवत् 2081
पृष्ठः 8, मूल्य : 2 रुपए
नगर संस्करण
jannayakkota@gmail.com

# जननायक

वर्षः 46, अंकः 316, रजिस्ट्रेशन : 30949/73
डाक पंजीयनः कोटा/310/2025-27
https://jannayaknews.in/
कोटा, जयपुर, चित्तौड़गढ़ से प्रकाशित

## अमृत स्नान पर आस्था का रैला



**प्रयागराज।** मानवता की अमूर्त धरोहर महाकुंभ का साक्षी बनने के लिए पूरी दुनिया संगमनगरी में उमड़ रहीं है। महाकुंभ का चौथा अमृत स्नान माघी पूर्णिमा पर आस्था का रैला उमड़ पड़ा। महाकुम्भ को माघ पूर्णिमा को एक महीना पूरा हो गया। महाकुम्भ में अभी तक पावन डुबकी लगाने वालों की संख्या 46 करोड़ को पार कर चुकी है। मेला समापन में अभी दो हफ्ते का समय बाकी है।

## कमजोर पश्चिम विक्षोभ से बदलेगा मौसम, 15 से 17 के बीच बादल छाने, बूंदाबांदी की संभावना

### तापमान में उछाल, प्रदेश के 5 शहरों का दिन का पारा 30 के पार

**जयपुर।** एक कमजोर पश्चिम विक्षोभ के चलते प्रदेश के मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। 15 से 17 फरवरी के दौरान प्रदेश में आंशिक बादल छाए रहने और कुछ स्थानों पर हल्की बारिश होने की संभावना है। बुधवार को प्रदेश के 5 शहरों का दिन का पारा 30 पार दर्ज किया गया। दिन में तेज धूप ने आमजन को सताया तो वहीं रात में सर्दी का असर बरकरार है। प्रदेश के 6 शहरों का रात का पारा 10 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया।

मौसम विभाग के अनुसार राज्य में मौसम मुख्यतया शुष्क रहा। 32 डिग्री के साथ बाड़मेर का दिन और 15.4 डिग्री के साथ कोटा की रात सबसे गर्म रही। 6.1 डिग्री के साथ फतेहपुर की रात सबसे सर्द रही। बाड़मेर के अलावा चित्तौड़गढ़, फलौदी, डूंगरपुर और जालौर का दिन का पारा



30 डिग्री के पार दर्ज किया गया।

मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि राज्य के अधिकांश भागों में हवा में आर्दता की औसत मात्रा 50 से 100 प्रतिशत के मध्य दर्ज की गई। वर्तमान में राज्य के अधिकांश भागों में अधिकतम तापमान 25 से 33 डिग्री (सामान्य से 2-7 डिग्री अधिक) दर्ज हो रहे हैं। आगामी 48 घंटो में अधिकतम तापमान में 1-2 डिग्री गिरावट होने तत्पश्चात तापमान में हल्की बढ़ोतरी होने की प्रबल संभावना है। राज्य के अधिकांश भागों में आगामी दिनों में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। हालांकि कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 15-17 फरवरी के दौरान आंशिक बादल छाए रहने की संभावना है। इस दौरान 16 फरवरी को राज्य के उत्तरी भागों में कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी होने की संभावना है।

### हवाओं से जयपुर का दिन का पारा तीन डिग्री गिरा

जयपुर में बुधवार को दिनभर हवाएं चली। इससे दिन के तापमान में तीन डिग्री से ज्यादा की गिरावट दर्ज की। जयपुर के रात के तापमान में करीब दो डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की। जयपुर का अधिकतम तापमान 27.2 और न्यूनतम तापमान 15 डिग्री दर्ज किया गया। आगामी दिनों में तापमान में गिरावट आने की संभावना है।

## न्यूज ब्रीफ

### राज्यपाल ने किए रामलला के दर्शन

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने बुधवार को अयोध्या पहुंचकर परिजनों सहित भगवान राम लला के दर्शन किए। राज्यपाल बागडे ने मर्यादा पुरूषोतम भगवान राम की इस दौरान पूजा-अर्चना की। उन्होंने भगवान से राष्ट्र व राज्य की समृद्धि, सम्पन्नता व खुशहाली की कामना की। राज्यपाल ने प्रभु श्री राम के अलौकिक स्वरूप को देख भाव विभोर होते हुए कहा श्री राम की छवि दिव्य, अलौकिक व भव्य है।

### रामलला मंदिर अयोध्या के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास बृह्मलीन

**लखनऊ।** अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के रामलला मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास बुधवार सुबह सात बजे बृह्मलीन हो गए। आचार्य सत्येंद्र ने 85 वर्ष की आयु में संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान लखनऊ में अंतिम सांस ली। उन्हें 3 फरवरी को एसजीपीजीआई में भर्ती कराया था। स्ट्रोक के बाद वह न्यूरोलॉजी वार्ड एचडीयू में थे। आचार्य सत्येंद्र दास पिछले 34 साल से राम जन्मभूमि परिसर में रामलला की सेवा कर रहे थे। उन्होंने टेंट में रहे रामलला की 28 साल तक पूजा-अर्चना की थी।

## एक नजर




### प्रधानमंत्री मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने मार्सिले में महावाणिज्य दूतावास का किया उद्घाटन

# एआई से लेकर सिविल न्यूक्लियर क्षेत्र में सहयोग करेंगे भारत-फ्रांस

**पेरिस / नई दिल्ली।**

भारत व फ्रांस एआई, रक्षा, स्पेस, सिविल-न्यूक्लीयर पॉवर व अन्य क्षेत्रों पर सहयोग पर सहमत हुए हैं। भारत और फ्रांस 2026 में आगामी भारत-फ्रांस नवाचार वर्ष के मद्देनजर उभरती हुई कृत्रिम मेधा तकनीक के विकास में शामिल होकर सुनिश्चित करेंगे कि इसका अर्थव्यवस्थाओं व समाजों पर सकारात्मक प्रभाव पड़े। दोनों देशों ने कृत्रिम मेधा पर एक अलग घोषणा को अपनाया। यह दोनों देशों के लिए इस क्षेत्र में प्रमुख प्राथमिकताओं की पहचान करता है और सहयोग की संभावनाओं को तलाशता है। सीईओ के मंच पर दोनों नेताओं ने 2026 में इनोवेशन के भारत-फ्रांस वर्ष का लोगो शुरू किया। दोनों छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों उन्नत मॉड्यूलर रिएक्टरों के सहडिजाइनिंग, सह-विकास और सह-निर्माण में सहयोग करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी और फ्रांस राष्ट्रपति मैक्रों ने मार्सिले में भारत के महावाणिज्य दूतावास का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया।



विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने पीएम मोदी की फ्रांस यात्रा की समाप्ति पर पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया प्रधानमंत्री मोदी व राष्ट्रपति मैक्रों के बीच मार्सिले की हवाई यात्रा और बाद में रात्रि भोज के दौरान द्विपक्षीय चर्चा हुई। प्रधानमंत्री की वर्तमान यात्रा के दो घटक रहे। पेरिस में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक्शन समिट की सह-अध्यक्षता और पेरिस व मार्सिले दोनों में द्विपक्षीय कार्यक्रम। इसमें नेताओं ने भारत-फ्रांस के सीईओएस फोरम को संबोधित किया। सीईओ फोरम की बैठक के बाद दोनों नेताओं ने फ्रांसीसी राष्ट्रपति के विमान में मार्सिले के लिए एक साथ यात्रा की। यह दोनों देशों के बीच विशेष रिश्ते को दर्शाता है। दोनों देशों की ओर से एक संयुक्त वक्तव्य भी जारी किया गया है। इसमें भारत और फ्रांस ने सीमा पार आतंक सहित आतंकवाद के रूप की निंदा करते हुए इससे वित्तीय मदद पहुंचाने वाले नेटवर्क और इसकी सुरक्षित पनाहगाह खत्म किए जाने की मांग की है।

प्रधानमंत्री मोदी की फ्रांस की सफल यात्रा के बाद जारी संयुक्त वक्तव्य में कहा गया है कि किसी भी देश को आतंकवादी कृत्यों को वित्त, योजना, समर्थन करने वालों को सुरक्षित आश्रय प्रदान नहीं करना चाहिए। नेताओं ने सभी आतंकवादियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई का भी आह्वान किया। इसमें संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद 1267 प्रतिबंध समिति द्वारा सूचीबद्ध समूहों के साथ संबद्ध व्यक्ति शामिल हैं। दोनों नेताओं ने 2025 में मार्सिले में भूमध्यसागरीय मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करते हुए रायसीना संवाद के क्षेत्रीय संस्करण के लॉन्च का स्वागत किया। दोनों नेताओं ने एक स्वतंत्र, खुले, समावेशी, सुरक्षित और शांतिपूर्ण इंडो-पैसिफिक क्षेत्र के लिए अपनी सामान्य प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।

राष्ट्रपति एमैन्युल और प्रधानमंत्री मोदी ने भारत-फ्रांस संबंधों में एक नए अध्याय को चिह्नित करते हुए मार्सिले में वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने एक्स पोस्ट में कहा भारत के साथ मार्सिले के लिंक अच्छी तरह से ज्ञात हैं। प्रथम विश्वयुद्ध के दौरान यह भारतीय सैनिकों के लिए महत्वपूर्ण आधार था। इस शहर में वीर सावरकर के साथ भी एक करीबी लिंक है।

### सचिन पायलट ने फोन टेपिंग के आरोपों पर राज्य सरकार को घेरा

## प्राइवेसी का हनन कोई भी सरकार नहीं कर सकती : पायलट

**जयपुर।** कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा के फोन टैपिंग के आरोपों को लेकर सरकार को घेरते हुए कहा फोन टैपिंग बहुत गंभीर अपराध है। वो चाहे पहले हुआ हो या अब हुआ, उसकी जांच होनी चाहिए। जो भी नेता, अफसर, पुलिस अफसर दोषी हो, उनका सच सामने आना चाहिए। हर गलती सजा मांगती है, गलती करेगा तो सजा मिलनी चाहिए। पायलट बुधवार को अपने आवास पर पत्रकारों से बात कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि ये किसी के आरोप नहीं है बल्कि सरकार के कैबिनेट मंत्री ने खुद कहा है उनका फोन टैप हो रहा है। सरकार का कैबिनेट मंत्री आरोप लगा रहा है, सरकार के कार्रवाई करने की जगह संगठन जवाब मांग रहा है। किसी भी व्यक्ति की प्राइवेसी का हनन कोई सरकार नहीं कर सकती। जब वह नागरिक सरकार का एक मंत्री है, सार्वजनिक मंच से बोल रहा है लेकिन सरकार कोई जवाब नहीं दे रही है। उन्होंने कहा विधानसभा का सत्र जारी है और हमारी पार्टी ने सदन में जिस तरह से मांगों को उठाया, सरकार के पास उसका कोई जवाब नहीं है। पायलट ने कहा कि यह गंभीर बात है कि सत्ताधारी दल के विधायक ने पूर्व सीएम स्व. शिवचरण माथुर के सरकार के समय के आरोप लगाए हैं, यह दुर्भाग्यपूर्ण है क्योंकि व्यक्ति इस दुनिया में नहीं, दशकों पुरानी बात को लेकर अब कोई आरोप प्रत्यारोप करें यह ठीक नहीं है। राज. हाइकोर्ट की



आरपीएससी को लेकर की टिप्पणियों पर पायलट ने कहा कि आरपीएससी वह संस्था है जहां से नौजवानों का भविष्य तय होता है। लंबे समय से मैं भी कहता आया हूं आरपीएससी का गठन और चयन प्रक्रिया जवाबदेही हो। लगता है कि सरकार के पास अब कोई बहाना नहीं बचा है। वह परिवर्तन करें नौजवानों का भरोसा अगर आरपीएससी के काम करने के तरीके से उठ जाएगा। तो विश्वास खत्म हो जाएगा। चाहे वह चयन प्रक्रिया है या इंटरव्यू है या परीक्षा की कार्य प्रणाली है। उन सब पर अगर नौजवानों का विश्वास खत्म हो जाएगा तो यह दुर्भाग्यपूर्ण है। बिना समय जाया करें उसमें मूलभूत परिवर्तन करना होगा। दिल्ली चुनाव में पार्टी की हार को लेकर पायलट ने स्वीकार किया कि दिल्ली चुनाव में हमारी पार्टी का प्रदर्शन बहुत अच्छा नहीं रहा। हम लोग वहां चुनाव लड़े थे। दिल्ली में हमारी लंबे समय तक सरकार रही और लंबा जन आधार रहा। अब हमारा प्रयास है कि दिल्ली में अपनी जगह मजबूत करें।

## खाटूश्यामजी के दर्शन को जा रहे श्रद्धालुओं की कार पलटी, पति-पत्नी की मौत, 6 घायल

**सीकर।** सीकर में खाटूश्यामजी के दर्शन के लिए जा रहे श्रद्धालुओं की कार पहले डिवाइडर से टकराई और फिर टोल बॉक्स से टकराकर पलट गई। हादसे में पति-पत्नी की मौत हो गई, जबकि 3 बच्चों समेत छह लोग घायल हो गए। यह दुर्घटना बुधवार अलसुबह करीब 4 बजे श्रीमाधोपुर के खंडेला रोड स्थित रलावता टोल बूथ के पास हुई। 108 एम्बुलेंस के ईएमटी हेमंत कुमार सैनी ने बताया कि हादसे में आगरा निवासी अजीत सिंह (35) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी सीमा (33) ने जयपुर रेफर किए जाने के दौरान रास्ते में दमतोड़ दिया। 3 बच्चों समेत छह लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें जयपुर के एसएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पति के शव को श्रीमाधोपुर सीएचसी और पत्नी के शव को एसएमएस अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया गया है।

हेड कॉन्स्टेबल श्रीराम यादव ने बताया कि कार सवार लोग आगरा से नीमकाथाना-श्रीमाधोपुर होते हुए खाटूश्यामजी जा रहे थे। इसी दौरान खंडेला रोड पर बंद पड़े रलावता टोल पर हादसा हो गया। घायलों में अजीत की बेटी डिंपी (9), वर्षा (15), बेटा शिवम (12), अजीत का दोस्त रवि (40), रवि की पत्नी निशा (30) और उनका बेटा दिव्यांश शामिल हैं। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

## आम आदमी पार्टी से अब जनता का उठ चुका है भरोसा : गहलोत

**जयपुर।** पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने दिल्ली में आम आदमी पार्टी द्वारा कांग्रेस पर उन्हें हरवाने के आरोपों को पूर्णत निराधार बताया है। उन्होंने कहा असलियत में तो आम आदमी पार्टी ने कई राज्यों में कांग्रेस को हरवाने का काम किया, जहां उनका कोई आधार ही नहीं था। परन्तु केवल कांग्रेस के वोट काटने के उद्देश्य से आप वहां जाकर चुनाव लड़ी। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा मेरा मानना है दिल्ली में कांग्रेस ने अकेले चुनाव लड़कर आगे के लिए अपनी भूमिका तैयार की है। दिल्ली में कांग्रेस विपक्ष की भूमिका निभाएगी, अभी से आने वाले चुनाव की पृष्ठभूमि तैयार करेगी। आम आदमी पार्टी से अब जनता का भरोसा उठ चुका है।

### मुफ्त वादों पर सुप्रीम कोर्ट ने जताई चिंता, बोला-

## लोगों को समाज की मुख्यधारा का हिस्सा बनाया जाए

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में गरीबों को आवास मुहैया कराने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए मुफ्त वादों पर चिंता जताई। जस्टिस बीआर गवई की बेंच ने कहा लोगों को मुफ्त राशन और पैसा देने की बजाय यह बेहतर होगा कि ऐसे लोगों को समाज की मुख्यधारा का हिस्सा बनाया जाए ताकि वो देश के विकास में योगदान दे सकें। कोर्ट बोला चुनाव में मुफ्त वादों की घोषणा, मुफ्त राशन मिलने के कारण लोग काम करना पसंद नहीं कर रहे हैं। लोगों को बिना काम किए राशन और पैसा मिल रहा है। अटार्नी जनरल ने कोर्ट को बताया कि केंद्र शहरी गरीबी उन्मूलन मिशन को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में है जो



बेघरों के लिए आश्रय के प्रावधान सहित विभिन्न मुद्दों पर होगा। कोर्ट ने कहा वो सरकार से निर्देश लेकर बताएं कि उनका कार्यक्रम कब से लागू होगा।

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से शहरी गरीबी उन्मूलन मिशन और शहरी बेघर लोगों को आश्रय देने की योजनाओं को लेकर विस्तृत जानकारी मांगी है। कोर्ट ने अटॉर्नी जनरल को बताया कि सरकार सुनिश्चित करें कि जो आंकड़े दिए गए हैं, वे वास्तविक स्थिति को दर्शाते हैं या नहीं।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि भारत सरकार शहरी गरीबी उन्मूलन मिशन को अंतिम रूप देने की प्रोसेस में है, जो शहरी गरीबों और बेघर लोगों की समस्याओं का समाधान करेगा।

अदालत ने अटॉर्नी जनरल से यह भी जांचने को कहा है कि इस योजना को लागू करने में कितना समय लगेगा और इसके तहत कौन-कौन से पहलू शामिल होंगे। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से यह स्पष्ट करने को कहा है कि जब तक नई योजना लागू नहीं हो जाती, तब तक क्या राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन जारी रहेगा।

## सिख दंगाः सरस्वती विहार के मामले में सज्जन कुमार को सजा 18 को

**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने 1984 के सिख विरोधी दंगे के दौरान सरस्वती विहार के मामले में पूर्व कांग्रेस नेता सज्जन कुमार को दोषी करार दिया है। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने सज्जन कुमार की सजा पर 18 फरवरी को फैसला सुनाने का आदेश दिया। कोर्ट ने 31 जनवरी को फैसला सुरक्षित रख लिया था। यह मामला एक नवंबर, 1984 का है, जिसमें पश्चिमी दिल्ली के राज नगर में सरदार जसवंत सिंह और सरदार तरुण दीप सिंह की हत्या कर दी गई थी। इस भीड़ का नेतृत्व सज्जन कुमार कर रहे थे, जो उस समय बाहरी दिल्ली लोकसभा सीट से कांग्रेस के सांसद थे।

### बेंगलुरु में एशिया की सबसे बड़ी हथियारों की प्रदर्शनी 'एयरो इंडिया' का समापन

# एयरोस्पेस टेक्नोलॉजी में ग्लोबल लीडर के तौर पर उभर रहा है भारत : राजनाथ सिंह

### रक्षा मंत्री ने एयरो इंडिया के 15वें संस्करण को भारत के लिए बड़ी उपलब्धि बताया

**बेंगलुरु।** येलहंका वायुसेना स्टेशन में 3 दिनों से चल रही एशिया की सबसे बड़ी हथियारों की प्रदर्शनी 'एयरो इंडिया' का बुधवार को समापन हो गया। अब 13-14 फरवरी को यह प्रदर्शनी आम दर्शकों के लिए खुल जाएगी, एयर डिस्प्ले के दौरान विमानों का फ्लाईपास्ट नजदीक से देखने का मौका मिलेगा। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने एयरो इंडिया के 15वें संस्करण को भारत के लिए बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा भारत अब डिफेंस इनोवेशन व एयरोस्पेस टेक्नोलॉजी जैसे सेक्टर में सिर्फ एक प्रतिभागी नहीं, बल्कि ग्लोबल लीडर के तौर पर उभर रहा है। 'एयरो इंडिया' के समापन समारोह में राजनाथ सिंह ने विश्वास जताया एयरो इंडिया जैसी प्रदर्शनियों का भले ही भौतिक रूप से समापन हो जाए, लेकिन इसका प्रभाव कभी खत्म नहीं होता। यह रक्षा प्रदर्शनी समाप्त हो रही है, लेकिन देश-विदेश के प्रतिभागियों को एक साथ जोड़ रही है। यह प्रदर्शनी सार्वजनिक-निजी क्षेत्र के सहयोग को सुनिश्चित करके नई पीढ़ियों को प्रेरित कर रही है, जिससे मुझे लगता है कि इसका प्रभाव लंबे समय तक रहेगा। राजनाथ सिंह ने कहा कि आत्मनिर्भरता की मुहिम सशस्त्र बलों की पूर्ण संतुष्टि से ही हासिल की जा सकेगी। भारत में खड़े हो रहे डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉम्प्लेक्स के प्रति हमारी सेनाओं का भरोसा और विश्वास है।

रक्षा मंत्री ने कहा स्वदेशी रक्षा उत्पादों के प्रति हमारी सेनाओं ने अपना पूरा भरोसा दिखाते हुए जिस देश-प्रेम व देशभक्ति का परिचय दिया है, उसकी सराहना की जानी चाहिए। हमारी




सेनाओं ने देश में ही निर्मित हथियारों और युद्ध से जुड़े सभी प्रकार के साजो-सामानों को दिल से अपनाया है। राजनाथ सिंह ने कहा कि हमारी सरकार का शुरू से प्रयत्न रहा है अनिश्चितताओं को दूर करके प्राइवेट सेक्टर को समान अवसर मुहैया कराया जाए। हम लगातार ऐसी नीतियां ला रहे हैं, जिससे रक्षा विनिर्माण में सिर्फ प्राइवेट सेक्टर ही आगे न बढ़े, बल्कि सार्वजनिक और निजी क्षेत्र मिलकर आगे बढ़ें। एक ओर हमने रक्षा अधिग्रहण प्रक्रिया में बदलाव करते हुए ज्यादा से ज्यादा निजी क्षेत्र की भागीदारी सुनिश्चित की, तो दूसरी तरफ हमने स्टार्ट-अप और इनोवेटर्स को फ्रंटियर और अत्याधुनिक तकनीकों को विकसित करने के लिए प्रेरित किया है।

रक्षा मंत्री ने कहा कि आज हमारे पास एक सशक्त डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉम्प्लेक्स है। इसमें 16 रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, 430 लाइसेंस प्राप्त कंपनियां और लगभग 16 हजार एमएसएमई शामिल हैं। इसमें खास बात यह है किकुल रक्षा उत्पादन में निजी क्षेत्र 21 फीसदी की भागीदारी के साथ हमारे आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहा है। आज हम ऐसे मोड़ पर हैं, जहां फाइटर जेट, मिसाइल सिस्टम, नौसैनिक जहाज या फिर ऐसे कई उपकरण और प्लेटफॉर्म न केवल हमारी सीमाओं की सुरक्षा कर रहे हैं, बल्कि वे पूरी दुनिया के आकर्षण का केंद्र बन रहे हैं। आज छोटे तोपखाने से लेकर ब्रह्मोस व आकाश मिसाइल तक हम दुनिया के कई देशों को निर्यात कर रहे हैं। इससे सिर्फ हमारा रक्षा निर्यात ही नहीं बढ़ रहा है, बल्कि वैश्विक स्तर पर अलग-अलग देशों के साथ हमारी नई-नई साझेदारियां भी विकसित हो रही हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत ऐतिहासिक रूप से अपनी रक्षा आवश्यकताओं के लिए आयात पर प्रतिबंध लगा रहा है। लगभग एक दशक पहले की बात करें तो 65 से 70 फीसदी तक रक्षा उपकरण हमारे देश में आयात किये जा रहे थे। साथ ही आज की स्थिति देखी जाए, तो आज लगभग इतने ही प्रतिशत रक्षा उपकरण आज देश के अंदर बनाए जा रहे हैं। आज हमारा देश परिवर्तन के क्रांतिकारी दौर गुजर रहा है।

## प्रधानमंत्री मोदी के विमान पर आतंकी हमले की धमकी देने वाला गिरफ्तार

**मुंबई।** प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिका यात्रा से पहले उनके विमान पर आतंकी हमले की धमकी देने वाले को पुलिस ने बुधवार को चेंबूर इलाके से गिरफ्तार कर लिया है। मामले की पुलिस गहन छानबीन कर रही है। पुलिस के अनुसार मंगलवार रात को मुंबई पुलिस नियंत्रण कक्ष को प्राप्त धमकी भरे कॉल में दावा किया गया कि आतंकवादी प्रधानमंत्री के विमान पर हमला कर सकते हैं। इसके बाद मुंबई पुलिस ने तुरंत संबंधित सुरक्षा एजेंसियों को सूचित किया। मुंबई पुलिस ने एक बयान में कहा कि 1 फरवरी को मुंबई पुलिस नियंत्रण कक्ष को एक कॉल मिली, जिसमें चेतावनी दी गई थी कि आतंकवादी प्रधानमंत्री



मोदी के विमान पर हमला कर सकते हैं, क्योंकि वह आधिकारिक विदेश यात्रा पर जा रहे हैं। सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने अन्य एजेंसियों को सूचित किया व जांच शुरू की। इसके बाद मुंबई पुलिस ने धमकी भरे काल को ट्रेस करना शुरू किया और आरोपित को चेंबूर इलाके से गिरफ्तार कर लिया है। अब तक की छानबीन में पता चला है कि आरोपित मानसिक रुप से बीमार है, लेकिन पुलिस हर ऐंगल से पूछताछ कर रही है।

## सार–संक्षेप

### मोशन के 11 स्टूडेंट ने हासिल किए मल्टिपल सब्जेक्ट्स में 100 परसेंटाइल



जेईई मैन 2025 के पहले चरण का परिणाम

जननायक संवाददाता

**कोटा।** देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई मैन के पहले चरण के परिणाम में मोशन एजुकेक्शन के 11 स्टूडेंट ने मल्टिपल सब्जेक्ट्स में 100 परसेंटाइल हासिल की है। इसके अलावा संस्थान के 216 स्टूडेंट्स ने 99.5 परसेंटाइल या अधिक अंक अर्जित किए हैं।

मोशन एजुकेशन के फाउंडर और सीईओ नितिन विजय ने बताया कि गत वर्ष 93.23 परसेंटाइल अंक हासिल करने वाले जनरल स्टूडेंट्स जेईई एडवांस देने के काबिल माने गए थे। इस बार यह कट ऑफ 93 परसेंटाइल से ज्यादा रहने के आसार हैं। पहले चरण में मोशन के 11 हजार 19 स्टूडेंट्स ने जेईई मैन एग्जाम दिया था। उनमें 6 हजार 676 यानी 60.58 प्रतिशत स्टूडेंट्स ने 93 परसेंटाइल या अधिक अंक हासिल किए हैं। इस तरह मोशन के 60.58 प्रतिशत स्टूडेंट्स जेईई एडवांस देने के काबिल होंगे। विजय ने बताया कि हमारे स्टूडेंट मधुर चोपड़ा, दिव्यांश गंगवार, अर्णव निगम, कृषिव निझावन, ज्ञान प्रकाश, नमन गोयल, अतिन गुप्ता, देवेश गौतम, पद्मनाभ पांडे, लक्ष्य, अमोघ दिनेश गजेरा ने मल्टीपल सब्जेक्ट्स में 100 परसेंटाइल हासिल की है। इसी तरह रमित गोयल, सृजन अग्रवाल, अथर्व नाराचे, दिव्यांश अग्रवाल, लक्ष्य पाटीदार, कृष्णा टाक, आदित्य चौधरी, तनुज यादव, हेत सचिन सेठ, सक्षम दुबे, विनीत सिंघल, ध्रुव पाराशर, अभिषेक झा, मोहम्मद हसन और शिवम् सुनील विष्वेकर सहित 15 विद्यार्थियों ने 99.99 से 99.90 परसेंटाइल अंक हासिल किए हैं।

#### जश्न में थिरके स्टूडेंट और फेकल्टी

मोशन के इंद्रप्रस्थ औद्योगिक क्षेत्र स्थित द्रोणा-2 कैम्पस में जेईई मेन-2025 में मिली सफलता का जश्न मनाया गया। ज्वाइंट डायरेक्टर रामरतन द्विवेदी और डिप्टी डायरेक्टर निखिल श्रीवास्तव और अन्य सीनियर फेकल्टी ने टॉपर्स का अभिनन्दन किया। इस अवसर पर स्टूडेंट्स और फेकल्टी ढोल पर जमकर थिरके और आतिशबाजी की गई।

**टॉपर्स ने दिए सफलता के टिप्स :** इस दौरान टॉपर्स ने बताया कि अंतिम एक-दो महीने में पढ़ाई कर सफलता हासिल नहीं की जा सकती। इसलिए क्लासरूम कोचिंग के साथ निरंतर सेल्फ स्टडी बहुत जरूरी है। प्रेक्टिस ही तैयारी को परफेक्ट बनती है। टॉपिक वाइज शार्ट नोट्स बनाकर नियमित रिवीजन से सफलता की राह आसान बनी। सक्सेस के लिए फैकल्टीज की गाइडलाइंस को फॉलो और फोन का पॉजिटिव उपयोग किया।

#### पर्सेंटेज और परसेंटाइल में अंतर

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए के अनुसार किसी स्टूडेंट का एनटीए परसेंटाइल स्कोर यह बताता है कि उस परीक्षा में शामिल होने वाले कितने प्रतिशत स्टूडेंट्स के मार्क्स उससे कम आए हैं। यही वजह है कि हर सेशन के टॉपर को 100 पर्सेंटाइल मिलते हैं। पर्सेंटेज का मतलब, हर सब्जेक्ट में 100 में से स्टूडेंट को कितने मार्क्स मिले, जबकि पर्सेंटाइल का मतलब होता है कि कितने प्रतिशत स्टूडेंट्स के मार्क्स आपसे कम हैं। मान लीजिए कि आपने 90 प्रतिशत स्टूडेंट्स से ज्यादा मार्क्स हासिल किए हैं तो आपका परसेंटाइल 90 प्रतिशत होगा।

### एमआईएमटी की छात्रा गोरांशी व इवा शर्मा को कोटा विवि के दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदक



जननायक संवाददाता

**कोटा।** दादाबाड़ी स्थित मोदी इंस्टीट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी के ग्रुप डाइरेक्टर राघव मोदी ने बताया कि महविद्यालय की बीएससी माइक्रोबायोलॉजी संकाय की गोरांशी राठौर व बीएससी बायोटेक्नोलॉजी की छात्रा इवा शर्मा को राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कोटा विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदक प्रदान किया। इस अवसर पर चेयरमैन सुशील मोदी ने विद्यार्थीयों और महाविद्यालय परिवार को बधाई प्रेषित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों और शिक्षकों की कड़ी मेहनत के परिणामस्वरूप ये उपलब्धि प्राप्त हुई है। संस्थान के निदेशक डॉ एनके जोशी ने मैडल प्राप्त करने वाले विद्यार्थीयों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि बेहतर शिक्षा सभी के लिए आवश्यक है।

### आज बिजली बंद रहेगी

**कोटा।** विद्युत लाइनों के रखरखाव के कारण गुरुवार को निम्न स्थानों पर बिजली बंद रहेगी।




सुबह 10:30 से दोपहर 3:30 बजे तक-बालाजी मार्केट, एलआईसी बिल्डिंग, यूआईटी ऑडिटोरियम, मेडिकल कॉलेज क्वार्टर, श्रीनाथपुरम सेक्टर-ए, नांता, गुलाब बाड़ी, कायनात नगर, क्रेशर एरिया, पीपली चौराहा, गौतम स्कूल, नारी निकेतन, इदगाह, करणी नगर, शंभुपुरा, राम नगर पत्थर मंडी, पीजीसीआईएल, सोडिया तलाई, बंजारा बस्ती

सुबह 10:30 से दोपहर 2:30 बजे तक- विनोबा भावे नगर, आरोग्य नगर, गणेश नगर, बंसल स्कूल, कोटा विश्वविद्यालय, श्रीनाथपुरम सेक्टर बी और ए, जैन सर्जिकल अस्पताल आदि।

सुबह 10:30 से दोपहर 12:00 बजे तक- चाणक्यपुरी, टैगोर नगर, बॉम्बे योजना, खनिज भवन के आसपास, खनन कार्यालय, रानी लक्ष्मी बाई योजना आदि।

दोपहर 12:00 से शाम 5:00 बजे तक- महावीर नगर विस्तार योजना सेक्टर 3 आदि।

सुबह 10:30 से शाम 4:30 बजे तक- वीर सावरकर नगर आदि।

सुबह 10:30 से दोपहर 3:00 बजे तक- भामाशाहमंडी आदि।

दोपहर 2:30 से शाम 5:00 बजे तक- संतोष नगर आदि।

सुबह 11:30 से शाम 5:00 बजे तक- अक्षत विला सोगरिया आदि।

सुबह 10:00 से दोपहर 3:00 बजे तक- इंद्र विहार, पीएमएस अमेरिकन हॉस्पिटल, फ्रेंड्स बाजार इंद्र विहार आदि।

सुबह 10:00 से शाम 4:00 बजे तक- देवाशीष सिटी , अरावली विहार, अर्जुन कॉलोनी, तिलक स्कूल, नहर के पास, प्रताप नगर तृतीय, देवाशीष के पास, गोकुल कॉलोनी, गगन विहार, अक्षर धाम, मोती नगर स्पेशल, मोतीनगर, शेरा एन्क्लेव, आशियाना नगर, सनसिटी स्पेशल, संतोष नगर 1 और 2, थेकड़ा मुख्य सड़क, मुख्य थेकड़ा गांव आदि।

# 'विकसित भारत की नींव का आधार है केन्द्रीय बजट'

### भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अग्रवाल ने बजट-2025 पर पत्रकार वार्ता में दी जानकारी




पत्रकारों को संबोधित करते भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल।

जननायक संवाददाता

**कोटा।** भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने केन्द्रीय बजट की परिचर्चा को लेकर बुधवार को कोटा में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुये कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के स्वप्न के विकसित भारत निर्माण की नींव है प्रस्तुत बजट, जिससे जब भारत अपना 100वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा होगा, तब भारत में जीरो गरीबी हो। भारत गरीबी की समस्या से मुक्त होकर पूर्ण विकसित देश बने।

इस अवसर पर रेडक्रॉस सोसायटी प्रदेश अध्यक्ष राजेश कृष्ण बिरला, कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जैन, मीडिया कोटा संभाग संयोजक अरविंद सिसोदिया, जिला उपाध्यक्ष रितेश चित्तोड़ा, सोशल मीडिया प्रदेश संयोजक मयंक सेठी मंचस्थ रहे। स्वागत जिलाध्यक्ष जैन ने और संचालन मीडिया संभाग संयोजक सिसोदिया ने किया। राष्ट्रीय प्रवक्ता अग्रवाल ने कहा कि भारत को विकसित बनाने के लिए बहुआयामी लक्ष्य तय करके, पूरी जबाब देही से कार्यों को पूरा करने की रणनीति से मोदी सरकार काम कर रही है, जिससे भारत पूर्ण विकसित राष्ट्र बनें। उन्होंने बताया कि मोदी सरकार ने बजट में कर प्रणाली को आसान किया है और मध्यमवर्ग को बड़ी राहत दी है।

#### बजट में चार ग्रोथ इंजन तय किए

अग्रवाल ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व में सबसे तेज और व्यवस्थित गति से आगे बढ़ रही है। जिसकी जीडीपी दर विश्व में सबसे तेज है। विदेशी मुद्रा भंडार में हम आत्मनिर्भर हैं, इतिहास का सबसे बड़ा विदेशी मुद्रा भंडार वर्तमान में भारत के पास है। देश अपनी सभी आयात जरूरत को पूरा करने में आत्मनिर्भर है, सक्षम है। इस तरह से भारत विश्व में सबसे तेज गति वाली अर्थव्यवस्था वाला देश बन चुका है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के विजन आत्मनिर्भर भारत-2047 के लिए वर्तमान बजट में चार ग्रोथ इंजन तय किए हैं, यह है कृषि, लघु उद्योग, निवेश और निर्यात, जिन पर विशेष फोकस कर देश की प्रगति को नई ऊंचाई देने की कोशिश की जाएगी।

#### सरकार ने 6 प्रमुख कार्य चुने हैं

अग्रवाल ने कहा कि इस बजट के माध्यम से मोदी सरकार ने 6 प्रमुख कार्य चुने हैं, जिससे देश में व्यवस्थाओं का सरलीकरण और विकास कार्यों में उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने बताया कि कर प्रणाली का सरलीकरण किया जा रहा है, आयकर प्रावधानों में छूट के नए प्रावधानों से मध्यम वर्ग एवं सभी आयकरदाताओं को बड़ी राहत दी है। कॉर्पोरेट कर और जीएसटी में भी राहतपूर्ण तरीके से व्यवस्थित किया है, उनकी दरें कम की है। सरकार अर्बन डेवलपमेंट पर पूरा जोर दे रही है। सरकार ने कानून सुधार पर भी व्यापक ध्यान दिया है 1400 गैर जरूरी कानून भारत सरकार खत्म कर चुकी है और 100 अन्य गैर जरूरी कानून खत्म करने के लिए चिन्हित हैं। अग्रवाल ने कहा कि केंद्र के बजट में नए एयरपोर्ट, नए टूरिज्म सेंटर, जल जीवन मिशन, नेशनल हाइवे, पावर सेक्टर , रेलवे जैसे विशिष्ट क्षेत्रों में भी अतिरिक्त निवेश का लाभ मिलेगा।

### युवक-युवती ने जहर खाकर जान देने का प्रयास किया

जननायक संवाददाता

**कोटा।** विभिन्न थाना क्षेत्रों में युवक-युवती ने जहर खाकर जान देने का प्रयास किया। पुलिस ने बताया कि इटावा थाना क्षेत्र में रामपुरिया निवासी ज्योति (20) ने घर पर सल्फास का सेवन कर लिया। सुल्तानपुर थाना क्षेत्र में सारोला निवासी महावीर (30) ने घर पर विषाक्त खा लिया। दोनों की हालत बिगड़ने पर परिजनों ने एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां दोनों का उपचार चल रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**आग से युवक झुलसाः** आरकेपुरम थाना क्षेत्र में धर्मेन्द्र प्रजापति (30) घर पर खाना बन रहा था। उसी दौरान तेल में आग लगने से वह झुलस गया। परिजनों ने उसे एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया है।

**कीटनाशक के असर से किसान अचेतः** कापरेन थाना क्षेत्र में बजरनी निवासी सत्यनारायण मीणा (40) खेत में फसल में कीटनाशक का सेवन कर रहा था। उसी दौरान उसके असर से अचेत हो गया। परिजनों ने उसे एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया है।

### पुलिस ने की सेंट्रल जेल की औचक सघन चैकिंग



जननायक संवाददाता

**कोटा।** कोटा पुलिस ने बुधवार को सेंट्रल जेल की औचक सघन चैकिंग की। पुलिस अधीक्षक शहर डॉ. अमृता दुहन ने बताया कि बुधवार को सांय 4.30 से 5.10 बजे तक सेंट्रल जेल में अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट अनिल कुमार सिंघल, एएसपी शहर दिलीप सैनी, सीओ प्रथम योगेश शर्मा, सीओ चतुर्थ मनीष शर्मा, पुलिस उपाधीक्षक एससी एसटी सैल कोटा हरिराम सोनी, शहर के 20 थानाधिकारियों सहित जेल अधीक्षक राजेन्द्र कुमार, उपाधीक्षक धारा सिंह, कारापाल हरिकेश मीणा, महिला बंदी सुधार गृह की उप कारापाल फरजाना बानो, 200 पुलिसकर्मी व जेल प्रहरियों के साथ बंदियों के सामान, बैरिक, लंगर, अस्पताल, हार्डकोर वार्ड की मेटल डिटेक्टर के माध्यम से गहनता से संयुक्त रूप से सघन तलाशी ली। चैकिंग एवं तलाशी के दौरान कारागृह एवं बंदियों के पास कोई अवैध निषिद्ध सामग्री बरामद नहीं हुई।

### चिकित्सा कैंप में 74 मरीजों को परामर्श

जननायक संवाददाता

**कोटा।** सीएमएचओ डॉ. नरेन्द्र नागर के निर्देशन में बुधवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तत्वावधान में शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गोविंद नगर की ओर से वार्ड 11, काली माता मंदिर सूर्य नगर में निःशुल्क आउटरीच चिकित्सा एव परामर्श शिविर लगाया गया।

कैम्प में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. परवेज़ खान, फिजिशियन डॉ. हिदायत पठान, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. टीसी आचार्य ने सेवाएं दी। कैंप प्रभारी गिरीश शर्मा ने बताया कि कैम्प में 74 मरीजों को निःशुल्क परामर्श व दवाइयां दी। एनसीडी स्क्रीनिंग, टीकाकरण भी किया गया। आभा आईडी, मां वाउचर योजना, आयुष्मान कार्ड वितरण सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी व मौसमी बीमारियों से बचाव के उपाय बताए गए।

### 'महर्षि दयानन्द का अंधविश्वास, कुरीतियों को दूर करने में अहम योगदान'

#### 201वीं जन्म जयंती पर आर्य समाज कोटा ने मरीजों को फल वितरित किए

जननायक संवाददाता

**कोटा।** आर्य उप प्रतिनिधि सभा कोटा संभाग ने महर्षि दयानन्द सरस्वती की 201वीं जयंती पर एमबीएस अस्पताल के कैंसर वार्ड व जेके लोन मातृ शिशु अस्पताल में मरीजों को फल वितरित किए। आर्य समाज के मीडिया प्रभारी मुकेश चढ्डा ने बताया कि एमबीएस अस्पताल के कैंसर विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. आरके तंवर का स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया व सर्वे सन्तु निरामया की भावना तथा वेद मन्त्रों के साथ वार्ड में फल वितरित किए।



डॉ. आरके तंवर क सम्मान करते आर्य उप प्रतिनिधि सभाके सदस्य।

इस अवसर पर डॉ. तंवर ने कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती महान समाज सुधारक थे। समाज में व्याप्त अंधविश्वास, कुरीतियों, बुराइयों को मिटाने के लिए महत्वपूर्ण कार्य किया।

महर्षि दयानन्द सरस्वती के विचार व सिद्धांत स्पष्ट व जन कल्याणकारी थे। इस अवसर पर आर्य उप प्रतिनिधि सभा कोटा संभाग के प्रधान अरविंद पाण्डेय, डीएवी स्कूल कोटा की प्राचार्य पल्लवी अरोड़ा, धर्म शिक्षक शोभाराम आर्य, वैदिक विदुषी डॉ. सुदेश आहूजा, कोषाध्यक्ष राधाबल्लभ, राकेश चढ्डा, प्रदीप शर्मा, जयप्रकाश श्रीवास्तव, किशन आर्य हरियाणा उपस्थित रहे। जेके लोन अस्पताल के नर्सिंग अधीक्षक मोहनलाल बैरवा ने मातृ शिशु वार्ड में फल वितरण में सहयोग किया।

### लेनदेन के विवाद में युवक पर जानलेवा हमला

जननायक संवाददाता

कोटा। केशवरायपाटन थाना क्षेत्र में लेनदेन के विवाद में एक युवक को जानलेवा हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने बतायाि क देलूंदा निवासी दिनेश मीणा (31) ने गांव मे रहने वाले एक व्यक्ति को ट्रॉली किराए पर दी थी। मंगलवार को वह किराए के रुपए मांगने के लिए उस व्यक्ति के पास गया था। रुपए मांगने के दौरान दोनों में कहासुनी हो गई।

इसी कहासुनी में उस व्यक्ति ने दिनेश पर सरिए से जानलेवा हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर घायल हो गया।

परिजनों ने उसे एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने घायल के पर्चा बयान पर मारपीट करने वाले व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## सांसद ने रिटायर रेलकर्मियों की दुबारा नियुक्ति पर उठाए सवाल

#### जवाब में रेलमंत्री ने छुपाई संख्या, महत्वपूर्ण पदों पर हो रही नियुक्ति




जननायक संवाददाता

**कोटा।** संसद के चालू सत्र में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के केरल से राज्यसभा सदस्य एए रहीम ने युवाओं को मौका नहीं देते हुए रिटायर रेलकर्मियों की पुनः नियुक्ति पर सवाल उठाए हैं। साथ ही दुबारा नियुक्त रिटायर कर्मचारियों की संख्या भी पूछी। लेकिन रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रहीम के इस प्रश्नों का उत्तर देना जरूरी नहीं समझा। इसकी जगह रेल मंत्री ने रेलवे में नियुक्त होने वाले कर्मचारियों की संख्या गिनाई।

रहीम ने अपने लिखित प्रश्न में पूछा था कि विगत तीन वर्षों में रेलवे में कितने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को दुबारा नियुक्त किया गया तथा इसी अवधि में नई नियुक्ति के बाद रिक्त पदों की संख्या कितनी है। इसके अलावा रहीम ने नए युवा अभ्यर्थियों को नियुक्त करने की जगह सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पुनः नियुक्ती की आवश्यकता और इसके लिए निर्धारित मानदंड के बारे में भी सवाल उठाए थे।

#### नहीं दिया जवाब

इसके लिखित जवाब में रेलमंत्री ने कहा कि कभी-कभी आवश्यकता पूर्ति के लिए सेवानिवृत्त रेल कर्मचारियों को योग्यता और अनुभव आदि के आधार पर रिक्त पदों पर अस्थायी रूप से पुनः नियुक्त किया जाता है, ताकि विकासात्मक एवं अन्य कार्यों की सुचारू प्रगति सुनिश्चित हो सके, लेकिन रेल मंत्री ने अपने जवाब में पिछले तीन साल में दुबारा नियुक्त कर्मचारियों की संख्या नहीं बताई और न ही रेलवे में रिक्त पदों की कोई जानकारी दी गई। इसके अलावा रेलमंत्री ने दुबारा नियुक्त होने वाले कर्मचारियों के निर्धारित मानदंड के बारे में भी कुछ नहीं कहा।

#### महत्वपूर्ण पदों पर हैं नियुक्त

उल्लेखनीय है कि रेलवे द्वारा बड़ी संख्या में रिटायर कर्मचारियों को दुबारा भर्ती किया जा रहा है। मामले में खास बात यह है कि इनमें से कई कर्मचारियों को महत्त्वपूर्ण पदों पर भी लगाया जा रहा है। इन पदों पर काम करते इन रिटायर कर्मचारियों को न चार्जशीट देने का अधिकार रहता है और न ही बिल आदि महत्त्वपूर्ण कागजों पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। ऐसे में इन कर्मचारियों की नियुक्ति पर लगातार प्रश्न उठ रहे हैं। इससे कर्मचारियों में अघोषित असंतोष भी नजर आ रहा है। वर्षों से कर्मचारी या अधिकारी पदोन्नति या दूसरे पदों पर जाने की उम्मीद करते हैं, लेकिन रिटायर होकर कर्मचारी दुबारा उसी पद पर आ जाते हैं। इससे कर्मचारियों का मनोबल प्रभावित हो रहा है।

#### कोटा में भी सामने आ रहे मामले

कोटा में भी ऐसे मामले सामने आ रहे हैं। ताजा मामला स्टेशन निदेशक पर का सामने आया है। यहां पर करीब डेढ साल पहले स्टेशन निदेशक पद से रिटायर हुए नंदकिशोर मीणा को वापस उसी पद पर नियुक्त कर दिया। जबकि स्टेशन पर इन दिनों अमृत भारत योजना के तहत महत्वपूर्ण काम चल रहा है। ऐसे में यहां पर कभी भी कोई महतवपूर्ण फैसले लिए जा सकते हैं।

#### तीन महिने में ही स्थानांतरण

उल्लेखनीय है कि तीन महिने पहले 4 नवंबर को ही हनुमान प्रसाद मीणा ने यह स्टेशन डारयेक्टर का पद संभाला था। इस फेरबदल के आदेश के समय हनुमान मीणा कुंभ मेले की ड्यूटी पर गए हुए थे। हनुमान का स्थानांतरण भोपाल किया गया है, लेकिन हनुमान फिलहाल इतनी जल्दी यहां से जाना नहीं चाहते थे। इसके चलते ऐसा लग रहा है कि प्रशासन रिटायर कर्मचारियों की दुबारा नियुक्ति पर कुछ ज्यादा ही उत्सुक है।

#### नहीं दी जानकारी

मैने पिछले तीन साल में दुबारा नियुक्त रिटायर रेल कर्मचारियों की संख्या और अन्य प्रश्न पूछे थे। लेकिन रेल मंत्री ने इसका उत्तर देना जरुरी नहीं समझा। - **एए रहीम,** राज्यसभा सांसद

## विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम रही राज्य की टीम

#### राष्ट्रीय एकता शिविर में युवाओं ने किया राज्य का प्रतिनिधित्व

जननायक संवाददाता

**कोटा।** युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा इस बार चंडीगढ़ विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय एकता शिविर का आयोजन किया। राष्ट्रीय सेवा योजना की जिला समन्वयक रीना मीणा ने बताया कि 5 से 11 फरवरी तक आयोजित इस शिविर का विषय 'मेरा भारत - सशक्त भारत - विकसित भारत-2047' रहा, जिसमें पूरे भारत से 200 राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवक (100 युवक और 100 युवतियां) तथा एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों ने भाग लिया।

कोटा जिले से 5 युवक और 5 युवतियों ने इस शिविर में भाग लिया। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व राष्ट्रीय युवा पुरस्कार से सम्मानित और एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनुज विलियम्स ने किया। डॉ. विलियम्स वर्तमान में जय मीनेष आदिवासी विश्वविद्यालय रानपुर, कोटा में सहायक आचार्य पद पर कार्यरत है। टीम राजस्थान ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोग्यताओं में सर्वाधिक प्रथम स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग में प्रथम स्थान पर नागर कृष्णा, जय कुमार, रंगोली में प्रथम प्रिया मीणा एवं नागर कृष्णा, भाषण प्रतियोगिता में प्रथम जाह्नवी सेन, वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रथम राठौर व जाह्नवी सेन दूसरे स्थान पर रही। शिविर के समापन समारोह की मुख्य अतिथि आईपीएस गुरप्रीत कौर स्पेशल डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस पंजाब सरकार एवं जय भगवान क्षेत्रीय निदेशक राष्ट्रीय सेवा योजना चंडीगढ़ ने राजस्थान टीम को पदक एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। राजस्थान टीम ने शिविर के दौरान राजस्थानी लोक नृत्य की प्रस्तुति दी।




राष्ट्रीय एकता शिविर में लोक नृत्य की प्रस्तुति देती राजस्थान टीम।

### नवनियुक्त संभागीय आयुक्त शेखावत का किया सम्मान



संभागीय आयुक्त शेखावत का सम्मान करते श्री राजपूत कर्मचारी संघ के पदाधिकारी।

जननायक संवाददाता

**कोटा।** श्री राजपूत कर्मचारी संघ राजस्थान ने कोटा में नवनियुक्त संभागीय आयुक्त राजेन्द्र सिंह शेखावत का मंगलवार को सीएडी सर्किल स्थित कार्यालय में स्वागत-सम्मान किया गया।

श्री राजपूत कर्मचारी संघ राजस्थान के सदस्य गजराज सिंह मोठपुर ने बताया कि विभिन्न विभागों में कार्यरत राजपूत समाज के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने संभागीय आयुक्त शेखावत को माला पहनाकर एवं पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। उनको वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की तस्वीर भेंटकर सम्मान किया। इस अवसर पर समाजबंधु दशरथ सिंह मारखेड़ा, नन्दराज सिंह सिसोदिया नर्सिंग कोलेज, खेमराज सिंह सोलंकी जिला अध्यक्ष राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ वन विभाग, देवेंद्रसिंह शेखावत कृषि विश्वविद्यालय, अजय सिंह राठौड़ प्रोग्रामर, देवराज सिंह हाड़ा , दिग्विजय सिंह राजावत, राज सिंह, निरंजन सिंह, रामसिंह हाडा शिक्षा विभाग, जसवंत सिंह झाला, भंवरदीप सिंह हाडा, हनुमान सिंह भाटी सहित बारां, झालावाड जिले के भी समाजबंधु मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### सौरभ शर्मा आरबीआई के डीईपीआर में मैनेजर पद पर चयनित

जननायक संवाददाता



**कोटा।** सौरभ शर्मा पुत्र देवीशंकर शर्मा विवेकानंद नगर कोटा ने वर्ष 2017 में आईआईटी में अच्छी रैंक प्राप्त करके आईआईटी कानपुर से इकोनॉमिक्स में मास्टर डिग्री एवं माइनर डिग्री इंडस्ट्रियल मैनेजमेंट एवं इंग्लिश लिटरेचर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में प्राप्त किया। आईआईटी कानपुर से कैंपस प्लेसमेंट में मल्टीनेशनल कंपनी में डाटा साइंटिस्ट के पद पर दो वर्ष तक कार्यरत रहे। अभी छह माह पहले भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के कॉरपोरेट ऑफिस-मुम्बई में स्पेशल केडर इकोनॉमिस्ट के पद पर कार्यरत है। सौरभ शर्मा को यूजीसी नेट (इकोनॉमिक्स) परीक्षा में ऑल इंडिया टॉपर रहे। अभी सौरभ शर्मा का भारतीय रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के इकोनॉमिक एवं पॉलिसी रिसर्च डिपार्टमेंट (डीईपीआर) में मैनेजर पद पर चयनित होने पर मित्रों और परिचितो ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। सौरभ शर्मा के बड़े भाई गौरव शर्मा भी आईआईटी कानपुर से पास आउट है। डब्ल्यू क्यू यू-यूएसए से मास्टर ऑफ साइंस एवं फाइनेंशियल इंजीनियरिंग की डिग्री प्राप्त की और बैंगलूरु में मल्टीनेशनल कंपनी में कार्यरत है।

### नगरीय विकास कर को लेकर समस्या समाधान शिविर लगाया

जननायक संवाददाता

**कोटा।** नगर निगम उत्तर के स्वागत कक्ष में बुधवार को नगरीय विकास कर को लेकर आमजन को आ रही परेशानियों के समाधान के लिए बुधवार को समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया।

कोटा उत्तर निगम के उपायुक्त महावीरसिंह सिसोदिया ने बताया कि शिविर में 5 व्यक्तियों ने यूडी टैक्स बिल में आपत्ति दर्ज कराइ, जिसका मौके पर ही समाधान किया गया। साथ ही निगम ने 400 विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को करीब 35 लाख रुपये के मांग पत्र भी जारी किए। उन्होंने बताया कि यह समस्या समाधान शिविर 21 फरवरी तक नियमित प्रातः 11 से सांय 4 बजे तक स्वागत कक्ष में आयोजित होंगे।

### हॉस्टल एवं पीजी के लिए रजिस्ट्रेशन की अवधि 22 तक बढ़ी



जननायक संवाददाता

**कोटा।** कोटा में सभी हॉस्टल एवं पीजी के रजिस्ट्रेशन के लिए जिला प्रशासन द्वारा जारी ऑनलाइन लिंक के माध्यम से रजिस्ट्रेशन की अवधि बढ़ाकर 22 फरवरी कर दी गई है। पहले यह अवधि 7 फरवरी तक ही थी। कोचिंग क्षेत्र के समस्त हॉस्टल, पीजी संचालकों के रजिस्ट्रेशन से जिला प्रशासन के पास एक विस्तृत डाटा बैंक उपलब्ध होगा, जिससे पुलिस और जिला प्रशासन को हॉस्टल एवं पीजी संचालकों से संवाद कायम करने में आसानी होगी। उल्लेखनीय है कि कोटा में पीजी एवं हॉस्टल की संख्या काफी अधिक है। ऐसे में उनके ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करने से सटीक जानकारी मिल सकेगी। डाटा बैंक पर उपलब्ध जानकारी के माध्यम से सभी संचालकों को गेट कीपर ट्रेनिंग एवं अन्य दिशा-निर्देशों की पालना की जानकारी भी आसानी से दी जा सकेगी। जिला प्रशासन ने सभी पीजी ऑनर्स एवं एवं हॉस्टल संचालकों के साथ बुधवार को शहर के 4 थानों में बैठक आयोजित की, जिसमें उन्हें अपने कर्मचारियों को गेट कीपर ट्रेनिंग दिलवाने तथा राज्य सरकार के सभी दिशा-निर्देशों का पालन अनिवार्य रूप करने के निर्देश दिए।

**विद्यार्थियों में तनाव कम करने के उपायों पर की चर्चा:** कुन्हाडी थाने में अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन मुकेश चौधरी एवं उपखण्ड अधिकारी गजेन्द्र सिंह ने बैठक ली। विज्ञाननगर थाने में अतिरिक्त जिला कलक्टर सीलिंग कृष्णा शुक्ला एवं ईआईजी स्टांप पुष्पा हरवानी ने, जवाहर नगर थाने में अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर अनिल सिंघल एवं सीईओ जिला परिषद राजपाल सिंह ने तथा महावीर नगर थाने में विशेषाधिकारी भूमि केडीए मालविका त्यागी एवं जिला आबकारी अधिकारी भंवरलाल जनागल ने हॉस्टल एवं पीजी संचालकों के साथ बैठक कर कोचिंग विद्यार्थियों में तनाव कम करने के उपायों तथा आगामी नीट, जेईई तथा बोर्ड परीक्षाओं को लेकर चर्चा की।उल्लेखनीय है कि जिला कलक्टर ने कोचिंग संस्थाओं के लिए नियुक्ति नोडल अधिकारियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों को कोचिंग संस्थानों, हॉस्टलों एवं पीजी में विजिट कर वहां व्यवस्थाएं देखने, मानसिक अवसाद दूर करने एवं सम्बलन के लिए छात्रों से संवाद करने तथा हॉस्टल व पीजी संचालकों से गेट कीपर ट्रेनिंग सहित राज्य सरकार द्वारा जारी गाइड लाईन की पालना कराने के संबंध में दिशा-निर्देश दिए हैं।

**एंटी हैगिंग डिवाइस नहीं होने पर कमरे सीजः** अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर अनिल सिंघल ने शहर के प्रतापनगर दादाबाडी में मकान नम्बर 167 में रह रहे कोचिंग छात्र अंकुश मीणा की आत्महत्या के प्रकरण में कार्यवाही करते हुए दादाबाडी थानाधिकारी की रिपोर्ट के आधार पर संबंधित मकान के कमरे सीज करने के आदेश जारी किए हैं। थानाधिकारी ने अपनी रिपोर्ट में मकान में किराए पर दिए गए कमरों में एंटी हैगिंग डिवाइस नहीं होने का उल्लेख किया था, इसके आधार पर यह कारवाई की गई। जिला प्रशासन ने समस्त हॉस्टलों एवं पीजी सहित मकानों में कोचिंग छात्रों को किराए पर दिए जाने वाले कमरों में अनिवार्य रूप से एंटी हैगिंग डिवाइस लगाने के लिए पाबंद किया हुआ है।

# सरकारी स्कूलों में योजनाएं बनी खानापूर्ति!

## गरिमा पेटी कहीं कागजों में तो कहीं प्रधानाचार्य कक्ष की शोभा बढ़ाती नजर आई

## स्कूल शिक्षा निदेशक ने आदेश जारी कर पल्ला झाड़ा

जननायक संवाददाता

**कोटा।** शिक्षा मंत्री के गृह जिले के सरकारी स्कूलों में शिक्षा विभाग की योजनाओं का बैंड बजा पड़ा है। कोटा जिले में इन स्कूलों पर विभागीय अधिकारियों का भी कोई ध्यान नहीं है। सरकारी स्कूलों में जो योजनाएं सुधार के लिए लागू की गई, वो धरातल पर महज खानापूर्ति ही नजर आ रही है। उपयोगिता विद्यार्थियों को नहीं बताई जा रही, जिसके चलते मन ही मन घुटने के बाद विद्यार्थी नासमझी भरे कदम उठा रहे हैं। विद्यालयों में गरिमा पेटी की उपयोगिता व उपलब्धता कोटा शहर ही नहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी नजर नहीं आई। गरिमा पेटी कहीं कागजों में, तो कहीं प्रधानाचार्य के कक्ष में रखी मिली। कोटा ग्रामीण के आधा दर्जन से अधिक स्कूलों में जननायक संवाददाता पहुंचे, जहां जानकारी करने पर सभी स्कूलों से अलग-अलग बातें बताई गई। इस गरिमा पेटी को लगाने के लिए स्कूल शिक्षा निदेशक ने आदेश तो जारी कर दिए, लेकिन कोई गाइड लाइन तैयार नहीं की। स्थानीय अधिकारियों ने तो इन्हें कभी गंभीरता से लिया ही नहीं।

शिक्षा मंत्री के ही विधानसभा रामगंजमंडी क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय **सुकेत** में अध्यापकों ने यह तो बताया कि इस गरिमा पेटी को बालिका उत्पीड़न और यौन शोषण जैसी घटनाओं को रोकने के लिए स्कूलों में लगाने के निर्देश हैं। यहां अध्यापक इसकी उपयोगिता जानते तो हैं लेकिन मानते नहीं। उनका कहना है कि पेटी कागजों में दर्ज है। बनवाने के लिए कह रखा है। जल्द ही बनकर आ जाएगी, तो लगा देंगे। महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय सुकेत में अध्यापकों ने बताया कि गरिमा पेटी लगाई थी, लेकिन बच्चे बार-बार तोड़ देते हैं। दोनों ही विद्यालयों में प्रधानाचार्य नही मिले। सुल्तानपुर ब्लॉक के राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय बड़ोद में गरिमा पेटी लगी हुई थी। कार्यवाहक प्रधानाचार्य नम्रता सामरिया ने बताया कि छात्राओं ने कभी किसी बात को लेकर इसका उपयोग नहीं किया। उनका कहना था कि छात्राएं सीधे अध्यापिकाओं को अवगत करवा देती है। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय **खातौली** में गरिमा पेटी प्रधानाचार्य कक्ष में अन्दर की तरफ रखी हुई थी। महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय **करवाड़** में भी गरिमा पेटी तो थी, लेकिन यहां भी प्रधानाचार्य कक्ष में कूलर के ऊपर रखी थी, जबकि इसे बाहर लगाना होता है। प्रधानाचार्य विपिन मामोदिया भी विभागीय प्रशिक्षण में थे और जिस अध्यापिका के पास चाबी रहती है, वो भी 2 दिन से विभागीय कार्य से बाहर है।

महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय **मंडाना** में यह पेटी प्रधानाचार्य कक्ष के बाहर बरामदें लगी हुई थी। प्रधानाचार्य का कहना था कि हर माह खोली जाती है, जबकि इस पर लगी स्लिप में गरिमा पेटी बन्द करने की दिनांक 6 दिसम्बर 2024 अंकित थी। मतलब इसे खोले 2 माह से अधिक का समय हो चुका है। महात्मा गांधी विद्यालय मंडाना में लगी गरिमा पेटी आगे बोर्ड खड़ा होने से नजर नहीं आ रही थी। प्रधानाचार्य सुलक्षणा ने इसे दिखाया, उनका कहना था कि एसडीएमसी बैठक में खोली जाती है।




उच्च माध्यमिक स्कूल सुकेत, जहां गरिमा पेटी चोरी जा चुकी है।



सरकारी स्कूलों में गरिमा पेटी की गरिमा तार-तार

कहीं चाबी नहीं, कहीं अलमारी में कैद तो कहीं ताला ही नहीं

जननायक में दिनांक 12 फरवरी को प्रकाशित



बालिका स्कूल खातौली में प्रधानाचार्य कक्ष में रखी हुई गरिमा पेटी।




महात्मा गांधी स्कूल करवाड में प्रधानाचार्य कक्ष में रखी हुई गरिमा पेटी।

### गरिमा पेटी में दो शिकायतें भी मिली

महात्मा गाँधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मंडाना के प्रधानाचार्य राजीव मिश्रा ने बताया कि एक बार किसी टीचर को हटाने की शिकायत गरिमा पेटी के माध्यम से मिली थी। शिकायत पर शिकायतकर्ता का कोई नाम नहीं लिखा था, जिस कारण कोई जांच भी नहीं हो पाई।महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय करवाड़ के प्रधानाचार्य विपिन मामोदिया ने बताया कि गरिमा पेटी से विद्यालय में पानी की समस्या की शिकायत मिली थी, जिसे दुरूस्त करवा दिया गया।




बड़ौद स्कूल में गरिमा पेटी को खोलकर दिखाती अध्यापिका।




महात्मा गांधी स्कूल सुकेत में गरिमा पेटी नहीं मिली।




महात्मा गांधी स्कूल मंडाना में गरिमा पेटी, जो 2 माह से नहीं खुली।

### डीईओ से सीधी बात

इस मामले में जननायक संवाददाता ने जिला शिक्षा अधिकारी केके शर्मा से सीधी बात की।

**सवाल-** आज आप शिक्षा मंत्री के साथ थे, क्या स्कूल भी देखे?

**जवाब-** हां, आज जवाहर नवोदय विद्यालय खैराबाद व एक दो अन्य विद्यालयों का निरीक्षण किया था।

**सवाल-** सुकेत के दोनों स्कूलों में गरिमा पेटी नहीं हैं?

जवाब- कौनसे स्कूल है, आप नाम बताओ।

**सवाल-** स्कूलों में गरिमा पेटी खानापूर्ति हो रही है?

जवाब- गरिमा पेटी है या नहीं, जांच की जा रही है।

**सवाल-** अध्यापक मान रहे हैं कि कागजो में हैं, बनकर आएगी तो लगा देंगे?

**जवाब-** कोई अध्यापक ऐसा कह रहे हैं, तो गलत हैं। मामला गंभीर है, सभी को अर्ल्ट किया गया है।

# मास्टर ब्लास्टर का फाइनल में प्रवेश

## गौरव सैनी का शानदार शतक

## विंटर बैटल कप अंडर-17 क्रिकेट प्रतियोगिता

जननायक संवाददाता



**कोटा।** ओमेंद्र क्रिकेट अकेडमी कोटा द्वारा ओमेंद्र क्रिकेट अकेडमी ग्राउंड, गांवड़ी रंगपुर रोड पर चल रही विंटर बैटल कप अंडर-17 क्रिकेट प्रतियोगिता में बुधवार को पहले सेमीफाइनल मैच में मास्टर ब्लास्टर क्रिकेट अकेडमी ने कोटा स्पोर्ट्स क्लब को हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

प्रतियोगिता के संयोजक ओमेंद्र सिंह ने बताया कि मास्टर ब्लास्टर टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 286 रन का बड़ा स्कोर बनाया। टीम की ओर से तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे गौरव सैनी ने 98 गेंदों पर 17 चौके और 6 छक्कों की सहायता से 157 रन की शानदार शतकीय तथा यथार्थ भारद्वाज ने 64 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। कोटा स्पोर्ट्स टीम की ओर से अथर्व गोयल ने 4 विकेट, यश भार्गव ने तीन विकेट ओर अक्षत ने दो विकेट लिए। जवाब में कोटा स्पोर्ट्स टीम के सलामी बल्लेबाजों ने तेज शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 123 रन की साझेदारी की, लेकिन पहला विकेट गिरने के बाद विकेट पतन होता रहा ओर टीम 9 विकेट के नुकसान पर 227 रन बना सकी। टीम की ओर से कलश गुप्ता ने 61 रन तथा माधव गोपाल गौतम ने 59 रन की अर्धशतकीय पारियां खेली तथा अंश मालव ने 24 रन बनाए। मास्टर ब्लास्टर टीम की ओर से नवीन ने चार, तरुण कुमार, विशेष चौधरी ने दो-दो तथा प्रिंस ने एक विकेट लिया। मास्टर ब्लास्टर टीम ने यह मुकाबला 59 रन से जीतकर प्रतियोगिता के फाइनल में स्थान बना लिया। सेमीफाइनल मैच में गौरव सैनी प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

ओमेंद्र सिंह ने बताया कि मैच के दौरान मुख्य अतिथि राजस्थान सीनियर सिलेक्शन कमेटी के सदस्य अमरसिंह नेगी रहे। लोकेश बातकी, अभिमन्यु शर्मा, प्रियांशु मेघवाल, कलीम खान, अंपायर दिनेश कुमार, कुनाल सिंह लोधा, भरत मीणा, पीयूष वर्मा, रोहित गुजराती सहित खिलाड़ी मौजूद रहे।

### कोटा के सिद्धार्थ चतुर्वेदी की फिल्म 'अजाब' का फिल्म फेस्टिवल में चयन

जननायक संवाददाता



**कोटा।** कोटा के प्रताप नगर दादाबाड़ी निवासी सिद्धार्थ चतुर्वेदी की फिल्म 'अजाब' का फिल्म फेस्टिवल में चयन हुआ है।

पेशे से सॉफ्टवेयर इंजीनियर चतुर्वेदी ने बताया कि अजाब फिल्म उनके द्वारा लिखित और निर्देशित फिल्म है। इसमें भारतीय समाज में बढ़ते छेड़छाड़ और बलात्कार के मामलों पर गहरी टिप्पणी और महिला सुरक्षा की आवश्यकता को उजागर किया है। फिल्म में सिनेमैटोग्राफी और संपादन का कार्य अक्षय शर्मा ने किया, जबकि संगीत निर्देशन अभिमन्यु सिंह ने संभाला। कलाकार शैली शर्मा, रौनक माहेश्वरी, अक्षिता पंचोली, देवेंद्र खटाना और शरद गुप्ता ने इसमें अहम योगदान दिया।

### नखराली घूमर ज्योति माहेश्वरी को चुना




जेसीआई कोटा शक्ति का फैलोशिप कार्यक्रम में सदस्याएं।

#### जेसीआई कोटा शक्ति का फैलोशिप कार्यक्रम

जननायक संवाददाता

**कोटा।** जेसीआई कोटा शक्ति का फैलोशिप कार्यक्रम नख़राली घूमर बुधवार को एक निजी गार्डन में हुई। कार्यक्रम में सभी महिलायें रंग-बिरंगी राजस्थानी वेशभूषा में नज़र आई। रैंप वॉक, हाउज़ी, ग्रुप गेम सहित सभी महिलाओं ने पार्टी का आनंद उठाया। शक्ति परिवार के सदस्यों ने पधारो मेरे देश पर घूमर नृत्य किया। नख़राली घूमर ज्योति माहेश्वरी को चुना गया।

अध्यक्ष ऋचा गुप्ता व सीनियर सदस्यों ने नये सदस्यों को उपहार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रोजेक्ट डायरेक्टर आरती मलिक तथा डॉ ममता शर्मा का धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में दिव्या गर्ग, प्रियंका गुप्ता, सरोज अग्रवाल, रुचिता जैन, निकिता,अर्पिता, ज्योति गुप्ता, प्रीना ताँबी, सुनीता खंडेलवाल, पारुल विजय, प्रीति व रोली पांडे आदि उपस्थित रहीं।

# डायमंड जुबली स्काउट गाइड प्रतियोगिता रैली आज से

## 13 से 17 फरवरी तक होंगे विभिन्न आयोजन

जननायक संवाददाता

**कोटा।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड कोटा जिले की ओर से पांच दिवसीय जिला डायमंड जुबली स्काउट गइड प्रतियोगिता रैली गुरुवार से दशहरा मैदान कोटा में आयोजित होगी।

स्काउट गाइड कोटा जिला प्रधान प्रकाश जायसवाल ने बताया कि 13 से 17 फरवरी तक आयोजित इस प्रतियोगिता रैली में कोटा जिले के विभिन्न स्थानीय संघों से लगभग 1 हजार स्काउट गाइड भाग लेंगे। सहकार नेता राजेशकृष्ण बिरला इस रैली के संयोजक होंगे। रैली की थीम 'स्वच्छ राजस्थान सुंदर राजस्थान' रखी गई है। जहां रैली संभागी प्रत्येक स्काउट गाइड उक्त थीम की निहित भावना को प्रधानता देते हुए उच्च स्तरीय कार्यक्रम एवं प्रदर्शन करेंगे। जायसवाल एवं सीओ स्काउट बृजसुंदर मीणा ने बताया कि इस रैली के माध्यम से स्काउट गाइड का शारीरिक, बौद्धिक एवं आध्यात्मिक विकास होगा, जिसके लिए राष्ट्रीयता से ओतप्रोत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर बालक बालिकाओं को विश्वबंधुत्व, परस्पर प्रेम, सहयोग, टीम भावना एवं राष्ट्रीय भावात्मक एकता के खुले पाठ पढ़ने एवं अभ्यास के अवसर उपलब्ध करवाए जाएंगे।



स्काउट गइड प्रतियोगिता रैली की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए।

जायसवाल एवं सीओ गाइड प्रीति कुमारी ने बताया कि रैली में 12 वर्ष से 18 वर्ष के स्काउट एवं गाइड अपने यूनिट लीडर के नेतृत्व में सहभागिता करेंगे। जहां विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा। रैली में व्यक्तिगत, ग्रुप स्तरीय एवं स्थानीय स्तर की प्रतियोगिताएं आयोजित होगी। रैली को लेकर जिला प्रधान जायसवाल ने बुधवार को व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर विभिन्न निर्देश दिए। इस दौरान उप प्रधान विजय माहेश्वरी, सीओ स्काउट बृजसुंदर, सीईओ गाइड प्रीति कुमारी, जिला ट्रेनिंग कमिश्नर गोपाल मिश्रा, स्थानीय संघ सचिव दयाल सिंह, नरेश चित्तौड़ा, इंद्राज दाधीच, जसराज गुर्जर, प्रदीप मीणा, मनरूप गुर्जर आदि मौजूद रहे।

### प्रेम प्रसंग में युवक ने स्वयं को चाकू मारा

**कोटा।** भीमगंजमंडी थाना क्षेत्र में प्रेम प्रसंग में युवक ने स्वयं को चाकू मार कर घायल कर लिया। थानाधिकारी रामकिशन गोदारा ने बताया कि कैलाशपुरी निवासी रजत पांडे (21) मंगलवार को रंगपुर पुलिया के पास मोबाइल फोन पर किसी से बात कर रहा था। उसी दौरान उसने अपने पेट में चाकू मार लिया, जिससे वह घायल हो गया। आसपास के लोगों ने उसे लहूलुहान हालत में पड़ा देखकर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार चल रहा है। युवक ने स्वयं को प्रेम प्रसंग के चलते चाकू मारा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### युवक पर तलवारों से जानलेवा हमला

जननायक संवाददाता

**कोटा।** कापरेन थाना क्षेत्र में आपसी रंजिश में एक युवक पर घर में घुसकर आधा दर्जन हमलावरों ने तलवारों से जानलेवा हमला कर दिया। जिससे युवक गंभीर घायल हो गया।

पुलिस ने बताया कि विजय मीणा (22) मंगलवार को घर पर था। रात को 12 बजे आधा दर्जन लोग तलवारें लेकर उसके घर में घुस गए। जिन्होंने उस पर तलवारों से जानलेवा हमला कर दिया, जिससे युवक गंभीर घायल हो गया। परिजनों ने उसे एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने घायल के पर्चा बयान पर हमलावरों के खिलाफ जानलेवा हमले का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

**व्यापारी का शव परिजनों को सौंपाः** गुमानपुरा थाना क्षेत्र में मंगलवार को पानी के टैंकर से कुचलकर मरे कपड़ा व्यापारी पंकज जैन के शव को पुलिस ने बुधवार सुबह पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया।

# प्रसिद्ध नृत्यांगना दिव्या राम ने भरतनाट्यम की प्रस्तुति से मनमोहा

## अकलंक कॉलेज ऑफ एजुकेशन में स्पिक मैके का आयोजन

जननायक संवाददाता

**कोटा।** अकलंक कॉलेज ऑफ एजुकेशन, बसंत विहार, कोटा में स्पिक मैके के तत्वावधान में प्रसिद्ध भरतनाट्यम नृत्यांगना दिव्या राम ने मनमोहक प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। दिव्या राम ने नृत्य के माध्यम से कई आध्यात्मिक प्रसंगों का जीवंत चित्रण किया, जिनमें गणेश वंदना, वामन अवतार, केवट प्रसंग और शिव स्तुति प्रमुख थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ अकलंक विद्यालय एसोसिएशन के अध्यक्ष पीयूष बज, सचिव अनिमेष जैन और अकलंक कॉलेज ऑफ एजुकेशन के समस्त व्याख्याताओं ने दीप प्रज्वलन कर किया। दिव्या राम की प्रस्तुति ने दर्शकों को भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिकता की गहराई में ले जाया। उनके नृत्य में भाव, लय और ताल का अद्भुत समन्वय देखने को मिला। उन्होंने अपनी भावपूर्ण अभिव्यक्ति और नृत्य कौशल से दर्शकों को बांधे रखा।




अकलंक विद्यालय में भरतनाट्यम नृत्यांगना दिव्या राम का सम्मान करते हुए।

अकलंक विद्यालय एसोसिएशन के अध्यक्ष पीयूष बज व सचिव अनिमेष जैन ने कहा कि स्पिक मैके द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम छात्रों के लिए भारतीय संस्कृति और कला को जानने का एक अच्छा अवसर था। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन भविष्य में भी किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन छात्रा महक पचेरिया ने किया। सचिव अनिमेष जैन ने बताया कि उपस्थित दर्शकों ने दिव्या राम के नृत्य को सराहा। कार्यक्रम में अकलंक कॉलेज ऑफ एजुकेशन के छात्र-छात्राओं के अलावा शहर के कई गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

संपादकीय

# तेजी से बढ़ता एआई क्षेत्र

पेरिस में आयोजित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस शिखर सम्मेलन में भारतीय प्रधानमंत्री ने यह सही कहा कि इस तकनीक में दुनिया को बदलने की ताकत है, लेकिन यह भी आवश्यक है कि इसके उपयोग के संदर्भ में कोई वैश्विक ढांचा बने। ऐसा इसलिए किया जाना चाहिए, क्योंकि एआई के दुरुपयोग के खतरे किसी से छिपे नहीं।

अभी एआई का उपयोग अपने प्रारंभिक चरण में ही है, लेकिन उससे पैदा होने वाली कई चुनौतियों ने सिर उठा लिया है। यह उन्नत तकनीक बनाने वाली कुछ कंपनियां उसे अपने हिसाब से संचालित करती भी दिख रही हैं।

इस तकनीक का मनमाना इस्तेमाल न होने पाए, इसके लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय को कोई प्रभावी तंत्र इसलिए बनाना होगा, क्योंकि अमेरिका की कुछ बड़ी तकनीकी कंपनियों ने सूचना संसार में अपना एकाधिकार स्थापित कर लिया है। उनके एकाधिकार और उनकी मनमानी से निपटना विश्व के तमाम देशों के लिए मुश्किल हो रहा है।

यदि इसी तरह का एकाधिकार एआई कंपनियों ने भी स्थापित कर लिया तो फिर समस्या गंभीर हो जाएगी। सबसे अधिक समस्या विकासशील और निर्धन देशों को होगी, जो पहले से ही चुनिंदा तकनीकी कंपनियों के वर्चस्व से दो-चार हैं।

एआई एक नई तकनीक है और बहुत से लोग उसके प्रयोग के तौर-तरीकों से अपरिचित हैं। इसीलिए यह आशंका उभरी है कि उसके कारण रोजगार का संकट पैदा हो सकता है। निःसंदेह नई तकनीक अवसर बनती है, लेकिन उन्हीं के लिए जो उससे परिचित हो जाते हैं।

यह स्वाभाविक है कि भारत एआई को अपने लिए एक अवसर के रूप में देख रहा है, लेकिन यह समझा जाना चाहिए कि उसका समुचित लाभ उठाने के लिए बहुत कुछ करने की जरूरत है। एआई के जरिये वे अनेक काम किए जा सकते हैं, जो मनुष्य करते हैं, लेकिन यह ध्यान रहे कि उसमें मानवीय संवेदनाएं नहीं होतीं और वह उपलब्ध डाटा के आधार पर ही किसी नतीजे पर पहुंचती है। अब यदि डाटा ही सटीक न हो तो नतीजे भी नुकसान पैदा करने वाले हो सकते हैं। इस पर हैरानी नहीं कि अति उन्नत एआई को मानव सभ्यता के लिए संकट के रूप में भी देखा जा रहा है। इस आशंका को निर्मूल साबित करने वाले उपाय करना समय की मांग हैं। यह ठीक है कि पेरिस शिखर सम्मेलन में एआई के क्षेत्र में भारत और प्रमुख देशों के बीच सामंजस्य बढ़ने के संकेत मिले, लेकिन बात तब बनेगी, जब यह मंच एआई के नियमन के लिए सहमति कायम करने की आधारशिला बने।



राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 में संपन्न हुए एक हजार करोड़ रुपये से अधिक के समझौता ज्ञापनों के संबंध में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक ली। अधिकारियों को निवेश प्रस्तावों के त्वरित क्रियान्वयन, समयबद्ध अनुवर्ती कार्रवाई एवं निवेशकों से निरंतर संवाद बनाए रखने हेतु निर्देशित किया।

- **भजनलाल शर्मा**
मुख्यमंत्री

# सांस्कृतिक युद्ध ऐतिहासिक घटना

**अक्सर अच्छे विचार ही बुरे सिद्धांत बन जाते हैं। जागरूकता (वोकनेस) की जड़ें नस्लीय संवेदनशीलता में देखी जा सकती हैं, जो सत्ता और विशेषाधिकारों द्वारा किए जाने वाले सामाजिक अन्याय के प्रति सजग रखती है। इस शब्द का अर्थ संभवतः धार्मिक सांस्कृतिक मानदंड हो गया है, लेकिन जिस शुद्ध भावना को अब यह हथियार मुहैया करा रहा है, वह कभी सभ्य लोगों द्वारा साझा की जाती थी, जिन्हें आचरण के लिए किसी वैचारिक फतवे की आवश्यकता नहीं होती थी। जॉर्ज फ्लॉयड एक अफ्रीकी-अमेरिकी व्यक्ति था, जिसकी अमेरिका में 2020 में एक श्वेत पुलिस अधिकारी ने हत्या कर दी थी। सड़क पर बर्बरता और नस्लीय असंवेदनशीलता के कारण फ्लॉयड की मौत के बाद सब कुछ बदल गया। उसकी शहादत के बाद जो पैदा हुआ, वह आक्रोश का सिद्धांत था, जो अमेरिकी शहरों में लाखों लोगों के मार्च और लूट के कारण उभरा।**

एस प्रसन्नराजन

एक वक्त था, जब सत्य और तथ्य की विसंगति केवल उन लोगों के लिए मायने रखती थी, जो साहस करते थे। तब वोकेइज्म जैसे सिद्धांत की जरूरत भी थी। लेकिन आज के सोशल मीडिया युग में स्थितियां बदल चुकी हैं। कुछ गलत होगा, तो वह किसी से भी छिप नहीं सकेगा। आज हर कोई इतना जागरूक है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि सभी के हाथ में हथियार दे दिए जाएं। वोकनेस की परिभाषा अस्पष्ट हो सकती है, जो समर्थकों की चेतना के स्तर के अनुसार बदलती रहती है, लेकिन इसने अपने शास्त्रीय विस्तार में पहचान की राजनीति की सभी चिंताओं को शामिल कर लिया है। यह उन खांचों को पहचानता है, जिनमें पहचान की राजनीति ने सामाजिक समूहों को रखा है और राजनीतिक फायदे के लिए अनुक्रमित भी किया है। वोकनेस की किताब में न्याय सत्ता के खिलाफ एक सांस्कृतिक संघर्ष है, जो जीवित लोगों को याद दिलाता है कि इतिहास कैसे झूठ और खंडन का पुलिंदा मात्र है। इसने किसी भी चीज को नहीं छोड़ा, यहां तक कि जीवविज्ञान को भी विवाद में बदल दिया। असल में जो मायने रखता है, वह यह नहीं है कि आप किस लिंग के साथ पैदा हुए हैं, बल्कि यह है कि यह सामाजिक संरचना के रूप में कैसे विकसित होता है। यह पुराने जमाने के नारीवादियों को बर्दाश्त नहीं हो सका। शायद नारीवाद शब्द ही असंवेदनशील रूप से लिंग-विशिष्ट था। हैरी पॉटर की लेखिका जेके रोलिंग जानती हैं कि निश्चितताओं पर सवाल उठाने का साहस कैसे किया जाता है। वह इसलिए बच गई, क्योंकि वह जेके रोलिंग थीं। जॉर्डन पीटरसन और डगलस मुरे जैसे वोकनेस-विरोधी योद्धा भी इसलिए बच गए, क्योंकि वे उन कट्टरपंथियों से बेहतर तर्क देते हैं, जो तर्क नहीं करते और केवल आज्ञाओं को दोहराते हैं, जैसा कि कट्टरपंथी हमेशा करते हैं। अगर वोकनेस पर प्रहार होगा, तो उस पर प्रतिक्रिया तो यकीनन होगी, क्योंकि उदारवाद के भीतर प्रगतिशील धर्मनिष्ठतावादी लोग अपने युद्धक्षेत्र का विस्तार करना चाहते थे। डोनाल्ड ट्रंप द्वारा विविधता, समानता और समावेशन की अस्वीकृति कोई हैरान करने वाली बात नहीं है, क्योंकि यह एक ऐसे व्यक्ति की ओर से आया है, जिसने स्वयं को उस चीज के अग्रदूत के रूप में रखा है, जिसे वह कॉमन सेंस की क्रांति कहता है। अमेरिकी रक्षा बलों में पुरुष वर्चस्व को बहाल करना द्वि-लिंगीय सामान्यता के उनके दृष्टिकोण के अनुरूप है। वोकनेस को कभी राजनीतिक नेतृत्व की आधिकारिक स्वीकृति नहीं मिली, भले ही इसे सत्ता में उदारवादी वर्ग का समर्थन प्राप्त रहा हो।

फिलहाल ट्रंप आदर्शवाद से उपजी सभी समस्याओं का संहार करने की भूमिका निभा रहे हैं, लेकिन दिक्कत यह है कि इसमें हारने वाले अपने सार्वजनिक व निजी, पेशेवर व सामाजिक जीवन में उनकी विचारधारा को बिल्कुल नहीं स्वीकारेंगे। जब उदारवाद राजनीतिक सत्ता के लिए अपना संघर्ष खोकर अपने संपूर्ण वैचारिक संसाधनों को पहचान में लगाकर सांस्कृतिक शक्ति हासिल करने के लिए चरम सीमा तक चला गया, तो इसने एक नए संघर्ष की आशंका पैदा की है। इस माहौल में, राजनीति को अच्छाई और बेहतरी की लोककथा में बदलने के लिए ट्रंप जैसे तेज-तर्रार और सतर्क व्यक्ति की ही जरूरत है।

# भारत के विकास पथ में संस्कृति और विरासत की महत्ता

किशन भावनानी

वैश्विक स्तरपर दुनियां के हर देश में विकास की एक आंधी सी चल रही है। हर देश वैश्विक वित्तीय मंचों संस्थाओं से अपने देश के लिए धन आवंटित कराने की दिशा में कार्य कर रहे हैं, ताकि अपने देश को आधुनिकता की दिशा में आगे बढ़ा सकें।भारत ने भी अपना विज़न 2047 रूपी विकसित भारत का विकासपत्र तैयार किया है, जिसमें आगे बढ़ाने की प्लान हमने पूर्ण बजट 1 फ़रवरी 2025 में भी देखें। परंतु इस बजट में ध्यान देने योग्य बात यह है कि माननीय वित्तमंत्री ने अपने बजट भाषण में देश के विकास पथ में विकास और विरासत दोनों पर सरकार के जोर को रेखांकित किया जो ध्यान देने योग्य बात है। सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए संस्कृति मंत्रालय के लिए बजट में 100 करोड़ रुपये की वृद्धि करते हुए 3360.96 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं. मंत्रालय के भीतर, एक बड़ा हिस्सा भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को गया है,जिसे 2024- 25 में आवंटित 1273.91 करोड़ रुपये के मुकाबले 1,278.49 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जिसे संशोधित कर 1191.99 करोड़ रुपये कर दिया गया था.सरकार कल्चरल डेवलपमेंट तो चाहती है, लेकिन इसने शताब्दी और वर्षगांठ मनाने के लिए कार्यक्रमों के आयोजन में होने वाले बजट में बहुत कमी कर दी है, इन आयोजनों के लिए बजट 2024-25 में 110 करोड़ रुपये से घटाकर 2025-26 में सिर्फ 35 करोड़ रुपये कर दिया गया है। हालांकि, बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती, संविधान दिवस की 75वीं वर्षगांठ और अहिल्या बाई होल्कर की 300 वीं जयंती जैसे प्रमुख समारोह अभी भी सरकार के समर्थन से मनाए जाएंगे अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक सहयोग के लिए निर्धारित धनराशि में तीव्र गिरावट देखी गई है। 2024-25 में 10.50 करोड़ रुपये से 2025-26 में 4.65 करोड़ कर दी गई है एएसआई वह एजेंसी है जिसे यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थलों सहित 3,693 केंद्रीय संरक्षित स्मारकों के संरक्षण, संरक्षण और विकास का कार्य सौंपा गया हैअन्य आवंटनों के अलावा, राष्ट्रीय पुस्तकालयों और अभिलेखागार के लिए 156.55 करोड़ रुपये अलग रखे गए हैं,जो ऐतिहासिक अभिलेखों और दस्तावेजों के रखरखाव को सुनिश्चित करते हैं।राष्ट्रीय संग्रहालय और राष्ट्रीय आधुनिक कला गैलरी जैसे संग्रहालयों को सांस्कृतिक संरक्षण प्रयासों को बढ़ाने के लिए 126.63 करोड़ रुपये प्राप्त होंगे. प्राचीन लिपियों के संरक्षण के लिए एक महत्वपूर्ण बढ़ावा देते हुए, पांडुलिपियों के लिए राष्ट्रीय मिशन को 60 करोड़ रुपये मिलेंगे, जो पिछले वर्षों की तुलना में काफी अधिक है।इस बीच, सांस्कृतिक मानचित्रण पर राष्ट्रीय मिशन के लिए 22.46 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं, जिसका उद्देश्य एक एकीकृत डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म के तहत सांस्कृतिक गतिविधियों को समेकित करना है।सरकार संगीत नाटक अकादमी, साहित्य अकादमी, राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र जैसे स्वायत्त सांस्कृतिक संस्थानों को महत्वपूर्ण वित्तीय सहायता प्रदान करना जारी रखेगी।इन निकायों को सामूहिक रूप से 411.42 करोड़ रुपये मिलेंगे, इसके अतिरिक्त, विक्टोरिया मेमोरियल और भारतीय संग्रहालय सहित संग्रहालयों को उनके प्रदर्शन और आउटरीच कार्यक्रमों को बढ़ाने के लिए 379.58 करोड़ रुपये दिए गए हैं। हमें भारत की पौराणिक व पारंपरिक संस्कृति विरासत पांडुलिपि धरोहर स्मारकों को सहेज कर रखने के लिए हमारी नई पीढ़ी, युवाओं को जागरूक करने की अत्यंत आवश्यकता है, जिसके लिए सरकार ने भी मेरा गांव मेरी धरोहर, भारतीय संस्कृति व विरासत के बारे में युवाओं में जागरूकता फैलाने व राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन तथा राष्ट्रीय संस्कृति कोष जैसी योजनाएं चल रहा है।चूंकि आधुनिक विकास की आंधी में भारतीय संस्कृति विरासत पुरातत्व पांडुलिपि को बचाना अत्यंत जरूरी है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारतीय विज़न 2047 के पथ में विकास के साथ संस्कृति व विरासत पर जोर देना समय की है, व युवाओं को भारतीय संस्कृति, विरासत, पांडुलिपि कला प्रथाओं धरोहर स्मारक के प्रति जागरूकता फैलाना अत्यंत ज़रूरी है।

मंत्रालय युवाओं के लिए योजनाएं संचालित करता है जैसे कि विभिन्न सांस्कृतिक क्षेत्रों में युवा कलाकारों को छात्रवृत्ति और संस्कृति के क्षेत्र में उत्कृष्ट व्यक्तियों को फेलोशिप प्रदान करना, जिनका विवरण इस प्रकार है (द्व) विभिन्न सांस्कृतिक क्षेत्रों में युवा कलाकारों के लिए छात्रवृत्ति योजना- एक बैच वर्ष में 400 तक छात्रवृत्तियां प्रदान की जाती हैं। इस योजना के तहत, 18-25 वर्ष की आयु के उत्कृष्ट प्रतिभावान युवा कलाकारों को भारतीय शास्त्रीय संगीत,भारतीय शास्त्रीय नृत्य, रंगमंचमूकाभिनय, दृश्य कला, लोक, पारंपरिक और स्वदेशी कला और सुगम शास्त्रीय संगीत आदि के क्षेत्र में भारत में उन्नत प्रशिक्षण के लिए 5,000/- रुपये प्रति माह की दर से 2 वर्षों के लिए वित्तीय सहायता दी जाती है। छात्रवृत्ति की धनराशि चार बराबर छह मासिक किश्तों में जारी की जाती है। (7) क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्र स्थापित किए हैं। ये जेडसीसी पूरे वर्ष देश भर में नियमित आधार पर विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों और कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं, जिसके लिए उन्हें वार्षिक अनुदान सहायता प्रदान की जाती है। इन सांस्कृतिक कार्यक्रमों गतिविधियों में अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए कलाकारों को जेडसीसी द्वारा लगाया जाता है, वर्ष 2015 से अब तक संस्कृति मंत्रालय द्वारा देश भर में चौदह क्षेत्रीय उत्सव तथा चार क्षेत्रीय उत्सव आयोजित किए जा चुके हैं। ये क्षेत्रीय उत्सव कला एवं संस्कृति के विकास के लिए हर वर्ष कम से कम 42 क्षेत्रीय उत्सव भी आयोजित करते हैं।संस्कृति मंत्रालय शिक्षा मंत्रालय सहित भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/ विभागों को उनकी विभिन्न पहलों/ कार्यक्रमों के लिए नियमित रूप से सांस्कृतिक सहायता प्रदान करता है। इसलिए, संस्कृति मंत्रालय द्वारा शिक्षा मंत्रालय के सहयोग से स्कूली पाठ्यक्रम में हमारी समृद्ध संस्कृति एवं विरासत के अध्यायों को शामिल करने के लिए कोई अलग कदम नहीं उठाया गया है।केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री ने आज राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। देश में प्रचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवेश अधिनियम 1958 के तहत राष्ट्रीयमहत्व के रूप में घोषित 3697 प्राचीन स्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल हैं। स्मारकों की राज्य-वार संख्या तथा पिछले पांच वर्षों के दौरान इनस्मारकों और स्थलों के संरक्षण परिरक्षण तथा रख-कखाव पर किया गया व्य अनुबंध में दिया गया है।संरक्षित स्मारकों और क्षेत्रों का संरक्षण, परिरक्षण तथाअनुरक्षण कार्य एक सतत प्रक्रिया है जिसे भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा आवश्यकता और प्राथमिकता के अनुसार किया जाता है और तदनानुसार इसके लिए निश्चित निधियां आवंटित की जाती हैं।सुरक्षा और संरक्षण तथा पर्यटक सुविधाएं/अवसंचरना उपलब्ध कराने की दृष्टि से स्मारकों की पहचान करना एक नियमित प्रक्रिया है। तमिलनाडु के स्मारकों के लिए निर्गत आवंटन निम्नानुसार है।यह जानकारी केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने आज राज्य सभा में एक लिखित उत्तर में दी।

# पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के बेटे अभिजीत ने छोड़ी तृणमूल, कांग्रेस में लौटे



कोलकाता। पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के बेटे अभिजीत मुखर्जी ने 4 साल बाद कांग्रेस में वापसी कर ली। बुधवार को उन्होंने पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष शुभंकर सरकार की मौजूदगी में कांग्रेस का झंडा थामा। अभिजीत ने कहा भाजपा की विभाजनकारी राजनीति के खिलाफ संघर्ष के लिए कांग्रेस ही एकमात्र विकल्प है। अभिजीत मुखर्जी 2021 में विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस छोड़कर तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए थे, लेकिन तृणमूल में उन्हें कोई खास जिम्मेदारी नहीं मिली। पार्टी ने उन्हें न तो लोकसभा का टिकट दिया और न विधानसभा चुनाव में उतारा। पिछले कुछ महीनों से वह तृणमूल में अपनी भूमिका को लेकर असंतोष जता रहे थे। आखिरकार उन्होंने फिर से कांग्रेस का दामन थाम लिया। माना जा रहा है कि 2026 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस उन्हें टिकट दे सकती है। अभिजीत 2012 में जंगीपुर विस सीट से उपचुनाव जीतकर कांग्रेस सांसद बने थे। यह सीट उनके पिता प्रणब मुखर्जी के राष्ट्रपति बनने के बाद खाली हुई थी। 2014 में उन्होंने फिर से इस सीट पर जीत दर्ज की, लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव में तृणमूल उम्मीदवार से भारी मतों से हार गए। इसके बाद से वे राजनीति में ज्यादा सक्रिय नहीं रहे।

अभिजीत वर्ष 2021 में कांग्रेस छोड़कर तृणमूल में शामिल हो गए। तब उन्होंने कहा था कि वह जनता की सेवा करना चाहते हैं, लेकिन तृणमूल में उन्हें कोई खास अवसर नहीं मिला। पिछले कुछ महीनों से वह पार्टी में अपनी स्थिति को लेकर नाखुश थे। कांग्रेस में वापसी के बाद अभिजीत ने कहा कि भाजपा की विभाजनकारी राजनीति के खिलाफ लड़ाई में कांग्रेस से बेहतर कोई विकल्प नहीं है। आज भी भारत के हर गांव में कम से कम एक-दो कांग्रेस समर्थक परिवार मौजूद हैं। मेरा प्रयास होगा कांग्रेस में लोगों का भरोसा दोबारा मजबूत करूं।

महाकुंभ पहुंचे नार्वे के पूर्व मंत्री एरिक सोलहेम

# ऐसा मानव समागम इतिहास में कभी नहीं हुआ

महाकुंभ नगर।

महाकुम्भ के दिव्य-भव्य आयोजन के लिए संकल्पबद्ध उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने इस महाआयोजन को विश्वस्तर पर लोकप्रिय कर दिया है। पूरी दुनिया से लोग प्रयागराज महाकुंभ की अनुभूति करने आ रहे हैं। इसी क्रम में नॉर्वे के पूर्व जलवायु एवं पर्यावरण मंत्री एरिक सोलहेम महाकुम्भ पहुंचे। उन्होंने इस महाआयोजन को 'अद्वितीय व जीवन में एक बार मिलने वाला अनुभव' बताया। उन्होंने इसे न केवल विश्व का सबसे बड़ा आध्यात्मिक आयोजन बल्कि इतिहास का सबसे विशाल मानव समागम भी करार दिया। एरिक सोलहैम ने इस भव्य आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि मानव इतिहास में इससे बड़ा कोई आयोजन कभी नहीं हुआ, न अमेरिका में, न यूरोप में, न चीन में और न ही विश्व के किसी अन्य कोने में।



## यह मेरे लिए जीवन में एक बार होने वाला अनुभव

नॉर्वे के पूर्व जलवायु एवं पर्यावरण मंत्री एरिक सोलहेम ने कहा महाकुम्भ 2025 में अब तक 400 मिलियन (40 करोड़) से अधिक श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। ये श्रद्धालु यहां देवों का आशीर्वाद लेने, आध्यात्मिक और भावनात्मक यात्रा पर निकलने, मित्रता को प्रगाढ़ करने तथा परिवार के साथ पर्व मनाने के लिए जुटे हैं। यह मेरे लिए जीवन में एक बार होने वाला अनुभव था। उन्होंने कहा ये मेरे लिए अविस्मरणीय अनुभव है और मुझे यहां आकर बहुत खुशी हुई, क्योंकि अगला महाकुम्भ 144 साल बाद होगा।

**दुनिया देख रही श्रद्धा, भक्ति व अनुशासन का अद्वितीय संगम**

सुरक्षा, स्वच्छता, यातायात प्रबंधन व डिजिटल सुविधाओं के कारण न केवल करोड़ों सनातनी बल्कि पूरी दुनिया से विभिन्न धर्मों के लोग भी महाकुम्भ की अनुभूति करने आ रहे हैं। योगी सरकार द्वारा महाकुम्भ के जरिए पूरी दुनिया के सामने भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिकता का भव्य प्रदर्शन कर रहा है। पूरी दुनिया से लोग यहां श्रद्धा, भक्ति और अनुशासन का अद्वितीय संगम देखने के लिए लगातार पहुंच रहे हैं।

# दांगीपुरा कैंप में बनाई 838 फार्मर आईडी



## अतिरिक्त जिला कलक्टर ने कैंप में पहुंचकर किया निरीक्षण

**मनोहरथाना।** तहसील क्षेत्र के ग्रामपंचायत दांगीपुरा में तीन दिनों से लगे फार्मर रजिस्ट्री कैंप में किसानों की कुल 838 फार्मर आईडी बनाई गई। इस दौरान ग्राम पंचायत सरपंच बहादुर सिंह एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। बुधवार को भी बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी फार्मर आईडी बनवाने के लिए कैंप में पहुंचे। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर सत्यनारायण ने कैंप में पहुंचकर अवलोकन किया। कैंप में पहुंचे किसानों को बनाई जा रही इस विशिष्ट आईडी से होने वाले लाभों की जानकारी दी। किसानों ने उन्हें कई समस्याओं से भी अवगत कराया। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने कैंप में किसानों को बताया कि 11 अंकों के इस विशिष्ट आईडी से किसानों को सभी योजनाओं का लाभ मिलेगा एवं प्रत्येक किसान को यह फार्मर आईडी बनाना जरूरी है। जिसके लिए ग्राम पंचायत स्तर पर कैंपों का आयोजन किया जा रहा है।

# विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी

**अरण्डखेड़ा।** जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड कैथून के अन्तर्गत 33 केवी गलाना फीडर गुरुवार को दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। जिसके अन्तर्गत 33/11 केवी सब स्टेशन अरण्डखेड़ा, गलाना एवं मवासा सब स्टेशन से जुड़े सभी गांवों की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

# आज बिजली आपूर्ति रहेगी बंद

**केशवरायपाटन।** विद्युत विभाग में आवश्यक लाइन मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा। जिस के लिए बून्दी रोड चौराहा व रडी-चड़ी फीडर से जुड़े चौराहा, रेलवे स्टेशन, कोटा रोड, केशव नगर, रडी, चढ़ी, भिया, कमोलर, हत्तापुर, रंगराजपुरा आदि गांवों की विद्युत सप्लाई सुबह 11 से 2 बजे तक बंद रहेगी।

# मुंबई में जीबीएस से पहली मौत

**मुंबई।** गुइलेन-बैरे सिंड्रोम (जीबीएस) से मुंबई में पहली मौत हुई है। नायर अस्पताल में 53 वर्षीय व्यक्ति की मौत होने के बाद मुंबई नगर निगम के आयुक्त भूषण गगरानी ने शहर के सभी बीएमसी अस्पतालों को अलर्ट मोड पर रहने का निर्देश दिया है।

मुंबई नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी ने बुधवार को बताया कि अंधेरी निवासी 53 वर्षीय व्यक्ति को 23 जनवरी को नायर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्हें सांस लेने में कठिनाई हो रही थी, इसलिए मरीज को आईसीयू में स्थानांतरित कर दिया था। मंगलवार को देर रात उनकी मौत हो गई। नायर अस्पताल में पालघर की एक 16 वर्षीय जीबीएस से पीड़ित एक लड़की का इलाज चल रहा है।

# कथा में सजाई शिव-पार्वती विवाह की झांकी



**सांगोद।** उपखंड के ग्राम डूंगरपुर में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन शिव-पार्वती विवाह की मनमोहक झांकी सजाई गई। कथावाचक पंडित मुकुट बिहारी शास्त्री ने कहा कि हमारा सनातन धर्म, प्राचीन धर्म है। जो मानव को मानव से प्रेम करना सीखाता है। जिस परिवार में धर्म सुरक्षित होता है। उस परिवार का धन वैभव संपदा भी सुरक्षित होती है। आज के युवा संस्कार और हमारी संस्कृति से दूर भागते जा रहे हैं। इसलिए उनका जीवन दुखी होता हुआ जा रहा है। यदि जीवन में सुखी रहना चाहते हो तो हमारे भारतीय संस्कृति और संस्कारों की रक्षा करो। कथा के मुख्य यजमान सूरजमल नागर ने भागवत कथा का पूजन किया।

# भाजपा के पूर्वोत्तर प्रभारी पात्रा की मणिपुर के राज्यपाल से मुलाकात

इंफाल।

भाजपा के पूर्वोत्तर प्रभारी संबित पात्रा ने बुधवार सुबह राज्यपाल अजय कुमार भल्ला से मुलाकात की। राज्य में राजनीतिक अनिश्चितता के बीच राज्यपाल से संबित पात्रा की इस मुलाकात के बाद अटकलों का दौर शुरू हो गया है। भाजपा सांसद व पूर्वोत्तर प्रभारी संबित पात्रा बुधवार सुबह 9:55 बजे राजभवन पहुंचकर मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला से मुलाकात की। दोनों के बीच यह मुलाकात एक घंटे तक चली। मुलाकात के संबित पात्रा ने राज्य की राजनीतिक स्थिति पर पत्रकारों के सवालों का जवाब देने से परहेज किया। राज्यपाल से इस मुलाकात के बाद कई तरह की अटकलें लग रही हैं। उल्लेखनीय है राजनीतिक गतिविधियों के बीच संबित पात्रा ने 11 फरवरी को होटल इंफाल में राज्य के विधायकों के साथ बैठक कर चर्चा की थी। राज्य में मुख्यमंत्री पद से एन बीरेन सिंह के इस्तीफे के बाद 10 फरवरी से लगातार भाजपा नेताओं की बैठकें हो रही हैं, ताकि बदलते हालात को संभाला जा सके। इन चर्चाओं में सपम रंजन, के इबोमचा, शेख नूरुल हसन, सपम कुंजेश्वर और मंत्री थोंगम बिस्वजीत शामिल रहे। बैठकों में मुख्य रूप से राज्य में शांति बहाली पर चर्चा हुई।

# पीएम सूर्य घर योजना की बैठक और शिविर आयोजित



**जननायक संवाददाता**

**अंता।** आदर्श सौर ग्राम के लक्ष्य की प्राप्ति और पलायथा ग्राम पंचायत में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को सफल बनाने के लिए बैठक और कैम्प रखा गया। बैठक में पलायथा सरपंच भंवर अनूप सिंह ने उक्त के सम्बंध में जानकारी लेते हुए सोलर रूफटॉप के लिए आवेदन किया गया और पलायथा ग्राम में अधिक से अधिक रूफ टॉप सोलर उपभोक्ताओं के आवास पर लगे। इसके लिए उनके द्वारा बिज़ली विभाग के साथ भविष्य में अधिक से अधिक पंचायत स्तर पर कैम्प लगाने कि सहमती जतायी। कैम्प में पलायथा के 40 से अधिक व्यक्तियों ने विजिट किया। जिनमें से 20 उपभोक्ताओं ने सोलर इंसटोलेशन के लिए पंजीकरण करवाया। उक्त योजना में सोलर कनेक्शन लेने पर केंद्र सरकार द्वारा 1 किलोवॉट के प्लांट पर 30000 रुपये, 2 किलोवॉट पर 60000 रुपये और 3 या 3 किलोवॉट से अधिक का सोलर इंस्टॉलेशन करवाने पर अधिकतम 78000 की सब्सिडी प्रदान की जायेगी। उक्त कैम्प में सहायक अभियंता जेवीवीएनएल अंता कमलेश मीना, पलायथा सरपंच भंवर अनूप सिंह, प्रेम प्रकाश सुमन, रमेश पारेता, गोविंद सिंह और पंचायत के जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# छात्रा के आत्मदाह के प्रयास के बाद छात्र ने भी खाया विषाक्त

## दोनों जिंदगी व मौत के बीच लड़ रहे जंग

जननायक संवाददाता

**कोटा।** जिले के इटावा में छात्रा के आत्मदाह के प्रयास मामले में नया मोड सामने आया है। जिस छात्र के परेशान करने पर छात्रा ने आत्मदाह के प्रयास का कदम उठाया था, उस छात्र ने भी विषाक्त का सेवन कर लिया। वर्तमान में छात्रा एमबीएस चिकित्सालय कोटा के बर्न वार्ड में व छात्र मेडिकल कॉलेज में जिंदगी और मौत से संघर्ष कर रहे हैं।

बात इस मामले में पुलिस कार्रवाही की करें तो इटावा पुलिस ने बालिका के घर जाकर मौका देखने की जहमत तक नहीं उठाई है। जिस कमरे में बालिका ने स्वयं को आग लगाई थी, वहां बिस्तर अभी भी जले हुए ही पड़े हैं। घर पर दादी व भाई-बहिन हैं।

पिता व माता बालिका के साथ हैं। बालिका ने यह कदम क्यों उठाया, उस बारे में बालिका की छोटी बहिन ने बताया कि लड़का 7 फरवरी को शाम के समय उनके घर आया था। उसके हाथ में गुलाब था। वह बालिका को गुलाब देकर उसके पिता से शादी की बात करने को कह रहा था। पहले तो दोनों बहनों ने उसे धक्के देकर बाहर निकाल दिया, लेकिन वो फिर आ गया। उन्होंने लड़के की मां को भी सूचना दी तो वह लड़के को लेकर आई व लड़के को डांटते हुए कहा कि अब लड़का गली में नजर नही आएगा।

इससे गुस्साया लड़का फिर आया व कहा कि उसके पास जो फोटो है वो लड़की के पिता को दिखाएगा। प्रत्यक्षदर्शी बालिका ने बताया कि उसकी बहिन लड़के से राखी बांधने की बात कहती रही। दूसरे दिन 8 फरवरी को दोपहर में जब बालिका की मां स्नानघर में थी, तो बालिका ने स्वयं को कमरे में डीजल डाल आग के हवाले कर दिया। समय रहते परिजनों व आस पास के लोगों ने बालिका को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया।

पीड़ित बालिका के पिता ने बताया कि बालिका ने बताया कि लड़का पिछले 6 माह से उसे परेशान कर रहा था। बालिका ने यह बात समय रहते परिजनों को बताई होती तो आज बालिका जिंदगी व मौत के बीच नही झूल रही होती। पुलिस के अनुसार इस आत्मदाह की घटना के बाद बालक ने भी विषाक्त का सेवन कर लिया।

### डर ने कारित करा दी घटना

बालिका के बताए अनुसार लड़का उसे पिछले 6 माह से परेशान कर रहा था। बालिका इस दौरान परिजनों को बताती तो लड़की व लड़का दोनों सकुशल होते। जानकार सूत्रों के अनुसार 1 माह पहले लड़के के परिजनों को लड़के की हरकतों से अवगत भी करवाया गया था। डीजल बालिका के घर में ही रखा हुआ था, जिसका उपयोग बालिका ने कर लिया।

-मामला संज्ञान में हैं। बालिका के बाद बालक ने भी विषाक्त का सेवन कर लिया। वो भी मेडिकल कॉलेज में भर्ती है। जांच दोनों मामलों में की जा रही है।

**संदीप विश्नोई,**
थानाधिकारी, इटावा

# 14 वरिष्ठजनों का निःशुल्क मोतियाबिंद का ऑपरेशन करवाया



जननायक संवाददाता

**कोटा।** कोटा-बूंदी संसदीय क्षेत्र के 14 वरिष्ठजनों का बुधवार को निःशुल्क मोतियाबिंद का ऑपरेशन करवाया गया।

पार्षद लक्ष्मी मेहरा ने बताया कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के निर्देशानुसार चलाये जा रहे सामाजिक सरोकार कार्य के अभियान में जरूरतमंद लोगों को वार्डों में सर्व करके चिन्हित कर वरिष्ठजनों के मोतियाबिंद के ऑपरेशन निजी अस्पताल में निःशुल्क करवाए जा रहे हैं। मोतियाबिंद के साथ हॉस्पिटल ऑन व्हील एंव अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं से जनता की अन्य समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। इस मौके पर ओमप्रकाश मेहरा (पप्पू), धर्मेंद्र मेहरा, कुलदीप मेहरा आदि कार्यकर्ताओं का सहयोग रहा।

# डीआरएम के पार्किंग सुधार के निर्देश



**कोटा।** डीआरएम अनिल कालरा ने बुधवार को कोटा स्टेशन परिसर और प्लेटफार्म का निरीक्षण किया। स्टेशन परिसर निरीक्षण के दौरान कालरा ने वाहन पार्किंग स्टैंड और यातायात व्यवस्था को देखा। इस दौरान कालरा ने अधिकारियों को यातायात व्यवस्था में सुधार के विशेष निर्देश दिए। कालरा ने कहा कि अव्यस्थित यातायात के चलते यात्रियों को परेशानी नहीं होने चाहिए। उल्लेखनीय है कि अमृत भारत योजना के तहत चल रहे काम के चलते ठेकेदार ने स्टेशन परिसर में कई जगह बेरिकेट्स लगा रखे हैं। इस कारण स्टेशन परिसर में कई जगह रास्ता बंद हो रहा है। इसके चलते स्टेशन परिसर की यातायात व्यवस्था बिगड़ी हुई है। ट्रेन के समय यह समस्या और भी गंभीर हो जाती है। कई बार नो पार्किंग एरिया में भी वाहन खड़े हो जाते हैं। इसके चलते कई बार यात्रियों को गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ता है। जाम में फंसने ट्रेन छूटने का डर बना रहता है।

### यात्री सुविधाओं पर विशेष ध्यान

गौरतलब है कि पद संभालने के बाद से कालरा यात्री सुविधाओं पर विशेष ध्यान दे रहे हैं। इसके चलते काम से स्टेशन पर बिगड़ी यात्री सुविधाएं काफी हद तक पटरी पर आ गई हैं। हालांकि इसके चलते काम की रफ्तार भी प्रभावित हुई है, लेकिन यात्री पहले से अधिक सुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

### गंदगी पर तीन लाख जुर्माना

कोटा रेल मंडल ने पिछले 10 महिने में स्टेशन और ट्रेनों में गंदगी फैलाते कुल 1518 यात्री पकड़े। इनसे रेलवे ने कुल 3 लाख 3 हजार 6 सौ रूपए का जुर्माना वसूला

# वार्षिक उत्सव में छात्र-छात्राओं ने रंगारंग प्रस्तुतियां दी

जननायक संवाददाता

**कोटा।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बड़गांव कोटा में बुधवार को वार्षिक उत्सव एवं भामाशाह सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया। शाला प्रधान सुनीता त्रिपाठी ने बताया कि समारोह में 20 छात्र-छात्राओं ने रंगारंग प्रस्तुतियां दी। बोर्ड परीक्षाओं में शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम के लिए विद्यालय के आठ शिक्षकों को सम्मानित किया, उनको प्रमाण पत्र और प्रतीक चिन्ह भेंट किए। जिला स्तर पर खेल प्रतियोगिता में विजय रहे तीन विद्यार्थियों को तथा सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए 11 विद्यार्थियों को सम्मानित किया। बेस्ट स्टूडेंट वर्ष



पर्यंत के लिए लोकेश मेघवाल कक्षा 11 को तथाकक्षा 1 से कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों जो अपनी कक्षा में अव्वल रहे, उनको भी सम्मानित किया। मनोज भारद्वाज व्याख्याता स्थानीय विद्यालय को भामाशाह एवं शत प्रतिशत परिणाम के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर राम किशन, किशन, जगन्नाथ, गिरिराज अतिथि रहे। कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का भी आयोजन किया।

# पीएनबी का एमएसएमई आउटरिच कार्यक्रम आज



**कोटा।** पंजाब नेशनल बैंक के मण्डल कार्यालय कोटा द्वारा हाड़ोती क्षेत्र में ओद्योगिक तथा व्यावसायिक विकास को गति देने तथा एमएसएमई इकाइयों को त्वरित, न्यूनतम ब्याज दर एवं आसान शर्तो पर ऋण उपलब्ध करवाने के लिए आज एसएसआई एसोसिएशन सभागार, पुरुषार्थ भवन में एमएसएमई आउटरिच कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त उक्त तिथि को मण्डल की सभी शाखाओं में भी एमएसएमई ऋण मेले का आयोजन किया जा रहा है। पंजाब नेशनल बैंक के कोटा मण्डल प्रमुख हनीफ मोहम्मद ने बताया कि बैंक द्वारा एमएसएमई व्यवसायियों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए एक ही मंच पर एमएसएमई ऋण से संबंधित विभिन्न बैंक उत्पादों तथा स्कीमों की जानकारी तथा ऋण स्वीकृति भी की जाएगी। ऋण की कम ब्याज एवं शर्तो में आसानी के लिए फाईनेंशियल में सुधार के उपायों सहित डिजिटल ऋण में ब्याज दर में राहत के लिए जानकारी दी जाएगी।

# रेलवे क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमीफाइनल आज



जननायक संवादाता

**कोटा।** रेलवे मजदूर संघ की अंतर विभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मुकाबले गुरुवार को खेले जाएंगे। इससे पहले बुधवार को 4 मैच खेले गए।

पहले मैच में वर्कशॉप-11 ने एस एंड टी पैंथर्स पर जीत दर्ज की। 3 ओवर में 8 रन देकर 6 विकेट लेने वाले राम अवतार चौधरी को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे मैच में सुपर वॉरिसर्य11 ने वर्कशॉप रॉयल को हराया। 3 ओवर में 15 रन देकर 4 विकेट झटकने वाले राहुल मैन ऑफ द मैच रहे। तीसरे मैच में वर्कशॉप-ए ने पावर-11 की टीम पर जीत दर्ज की। वर्कशॉप के 163 रन के जवाब में पावर-11 की टीम 72 रन ही बना सकी। 3 ओवर में 5 रन देकर 5 विकेट लेने पर राजेश मीणा को मैन ऑफ द मैच चुना गया। अंतिम मैच में टीआरओ-11 ने मेडिकल टीम को हराया। 22 गेंद पर 42 रन बनाने पर संदीप गुर्जर को मैन ऑफद मैच चुना गया।

### इंजीनियरिंग ने जीता वॉलीबॉल मैच

इसी तरह गुरुवार को वॉलीबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच भी खेला गया। इसमें इंजीनियरिंग टीम ने वर्कशॉप को 3-0 से हराया।

# मुनि ने विद्यार्थियों को सही दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी

## सैंट जोसफ पब्लिक स्कूल में नवाचार

जननायक संवाददाता

**कोटा।** 'संस्कारों से ही जीवन में मिलती है सही दिशा' मुहिम के तहत सेंट जोसफ पब्लिक स्कूल में बुधवार को विशेष संस्कार शिविर का आयोजन किया, जिसमें राकेश मुनि म.सा. ने अपने प्रवचनों से विद्यार्थियों को जीवन के मूलभूत संस्कारों और सही दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का शुभारंभ जैन धर्म के मंगलाचरण से हुआ। इसके पश्चात् चेयरमैन ने मुनि श्री का परिचय दिया।



प्रवचन में मुनि श्री ने बताया कि जीवन में सफलता केवल विद्या से नहीं, बल्कि अच्छे संस्कारों से भी मिलती है। मुनि श्री ने बताया कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए तीन गुरु अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं माता-पिता - जो हमें पहला ज्ञान देते हैं और संस्कारों की नींव रखते हैं। शिक्षक - जो शिक्षा देकर हमें सही राह दिखाते हैं। धर्मगुरु - जो हमें जीवन का गहरा अर्थ समझाते हैं और आत्मिक शांति प्रदान करते हैं। उन्होंने समझाया कि यदि हम इन तीनों गुरुओं के मार्गदर्शन को स्वीकार करते हैं और उनके बताए हुए रास्ते पर चलते हैं, तो निश्चित रूप से हमारा जीवन सफल और सार्थक बनेगा।

अपने कर्मों पर ध्यान दें, दूसरों पर नहीं : अपने संदेश में मुनि श्री ने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि हमें दूसरों की गलतियों पर ध्यान देने की बजाय, अपने कर्मों को सुधारने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा, दूसरों की गलतियों को देखने से पहले, हमें खुद को सुधारने की आदत डालनी चाहिए। जब हम अपने कर्मों को सही दिशा में मोड़ते हैं, तो जीवन में सकारात्मक बदलाव आना निश्चित है।

प्रवचन के बाद प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया, जिसमें विद्यार्थियों ने मुनि श्री से अपने जिज्ञासापूर्ण प्रश्न पूछे। उन्होंने धैर्यपूर्वक सभी सवालों के जवाब दिए और सभी को आत्मनिरीक्षण करने की प्रेरणा दी।

# इंटर व फाइनल परीक्षा में कोटा से पास विद्यार्थियों का किया सम्मान

## सीएमए टारगेट सक्सेज एवं केरियर प्लानिंग पर सेमिनार आयोजित

**कोटा।** दी इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया कोलकता द्वारा कॉस्ट एंड मैनेजमेंट कोर्स की दिसम्बर-2024 टर्म की इंटरमीडिएट एवं फाइनल परीक्षा में कोटा चैप्टर से पास विद्यार्थियों का बुधवार को सीएमए भवन कोटा में आयोजित समारोह में सम्मान किया।



चेयरमैन सीएमए राजेन्द्र नाटाणी ने बताया कि कोटा से फाइनल परीक्षा में 8 छात्र कंपलीट एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में 16 विद्यार्थी कंपलीट पास हुए। संस्था के डायरेक्टर, कोचिंग सीएमए मुकुट सोंखिया ने प्रोग्राम को कोआर्डिनेट किया। चैप्टर सेक्रेटरी सीएमए तपेश माथुर ने बताया कि कोटा से फाइनल का 29 प्रतिशत एवं इंटरमीडिएट का 23 प्रतिशत रिजल्ट रहा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता नार्थन इंडिया रीजनल कॉउन्सिल के वाईस चेयरमैन सीएमए सत्यनारायण मित्तल ने कैरियर प्लानिंग एवं सीएमए टारगेट सक्सेज पर विस्तार से बताया। सीएमए फाइनल परीक्षा में कोटा से आल इंडिया 29वी रेंक प्राप्त करने पर वसुदा तोड़वाल को सम्मानित किया।

प्रोग्राम में सीएमए रामप्रसाद व्यास, सीएमए जगदीश सारदा, सीएमए पूर्वा अग्रवाल, सीएमए अनिता दरगड़ , सीएमए कुंजबिहारी भावनानी एवं सीएमए राजीव अग्रवाल आदि ने सहभागिता की। मैनेजिंग कमेटी मेम्बर्स ने सभी पास छात्रों को बधाई दी तथा सभी सदस्यों एवं फेकल्टी का आभार व्यक्त किया। प्रोग्राम में करीब 48 विद्यार्थियों, अभिवावकों एवं मेम्बर्स ने सहभागिता की।

# समाज में बदलाव के लिए जरूरी है शिक्षा



जननायक संवाददाता

**कोटा।** राजकीय सीनियर महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यमिक विद्यालय, इटावा का वार्षिक उत्सव बुधवार को नगर पालिका अध्यक्ष रजनी सोनी के आतिथ्य में संपन्न हुआ। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि शिक्षित व्यक्ति समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य असलम अंसारी, विशिष्ट अतिथि मानव सेवा समिति के अध्यक्ष रिंकू सोनी एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी राम नारायण मीणा, पार्षद गंगाधर नगर एवं प्रधानाचार्य छितर लाल मीणा ने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम के दौरान बोर्ड स्तरीय परीक्षाओं की प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए शिक्षक शिव प्रकाश मीणा, रामावतार गौड़, हंसराज महावर एवं दिनेश कुमार वैष्णव को सम्मानित किया। शिक्षक शिवप्रकाश मीना ने भामाशाह के रूप में विद्यालय के विकास एवं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट करने वाले विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार देने के लिए कहा। कार्यक्रम के दौरान 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को विदाई दी। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। संचालन मनोज मीना ने किया।

# गलतियों से सीखें और आगे बढ़ते रहें

## जिला कलेक्टर डॉ. गोस्वामी ने मोशन एजुकेशन के स्टूडेंट्स को मोटिवेट किया

जननायक संवाददाता

**कोटा।** जिला कलेक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने कहा कि जीवन हार-जीत का ही नाम है। हम अगर सफल नहीं हुए हैं तो इससे सीखना चाहिए कि हमसे जो गलतियां हुई, अगली बार नहीं हो ।

कामयाब कोटा मुहिम के तहत कलेक्टर डॉ. गोस्वामी लगातार कोचिंग स्टूडेंट्स के बीच जाकर उन्हें मोटिवेट कर रहे हैं। बुधवार को वे मोशन एजुकेशन के दक्ष कैम्पस पहुंचे और नीट की तैयारी कर रहे स्टूडेंट्स को प्रेरित किया। उन्होंने स्टूडेंट्स के सवालों के जवाब दिए और स्वयं के जीवन के अनुभवों से समझाते हुए सकारात्मक रहने को कहा। इस दौरान नीट डिवीजन के हेड और ज्वाइंट डायरेक्टर अमित वर्मा ने उनका स्वागत किया। जिला कलेक्टर ने कहा कि आज मैं जो काम करता हूं, उसे समाज में सफलता की ऊंचाई माना जाता है, लेकिन मुझे पता है कि मैं आज भी दिन में कई बार फेल होता हूं। डॉ. गोस्वामी ने बताया कि पीएमटी के पहले



प्रयास में विफल होने के बाद उन्होंने आत्ममंथन किया और यह समझा कि सिर्फ मेहनत ही नहीं, बल्कि सही रणनीति भी सफलता के लिए आवश्यक है। उन्होंने परीक्षा की तैयारी के लिए पुराने प्रश्नपत्रों और सिलेबस का विश्लेषण कर महत्वपूर्ण टॉपिक्स पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी।

डॉ. गोस्वामी ने कहा कि अपनी च्वाइस को हमेशा जिंदा रखें, इसलिए नहीं पढ़ें कि आपके साथ वाला पढ़ रहा है या कोचिंग ने कहा है, पढ़ें इसलिए क्योंकि आपका मन कर रहा है। गीत-संगीत या जो अच्छा लगे सुनो, पढ़ो। मोटिवेशनल कोट्स लिखकर रखो, ताकि आपमें ऊर्जा बनी रहे। उन्होंने आइज़ेन हॉवर मैट्रिक्स को सरल शब्दों में समझाते हुए कहा- परीक्षा और जीवन में क्या करना है, उससे अधिक महत्वपूर्ण है कि क्या नहीं करना है। जब यह स्पष्ट हो जाता है, तो सफलता निश्चित होती है। परीक्षा पैटर्न में बदलाव पर चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि किसी भी बदलाव का प्रभाव सभी छात्रों पर समान रूप से पड़ता है, इसलिए इससे घबराने की आवश्यकता नहीं है।

### लंबी नहीं, छोटी प्लानिंग करें

जिला कलक्टर ने कोचिंग विद्यार्थियों को प्रतिदिन प्रश्नपत्र हल करने की प्रैक्टिस करने, पढ़ाई के लिए अटेंशन स्पान तय करके प्लानिंग करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि लम्बी प्लानिंग नहीं करें और छोटी प्लानिंग कर उसे कार्यरूप में परिणत करें। उन्होंने छात्राओं से कहा कि वे पढ़ाई और दिनचर्या की अन्य गतिविधियों में बेलेंस बनाकर चलें। उन्होंने स्वयं पर भरोसा रखने, व्यर्थ की बातों को दिमाग में नहीं रखने और अपने आपको मोटिवेट करते रहने की सलाह दी।

### रोजाना मम्मी-पापा से बात करो

उन्होंने स्टूडेंट्स से अपने माता-पिता के साथ संवाद बनाए रखने की अपील की और कहा कि हर छात्र को दिन में कम से कम एक बार अपने परिवार से अवश्य बात करनी चाहिए, क्योंकि माता-पिता ही उनके सबसे बड़े शुभचिंतक होते हैं। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि जिंदगी खूबसूरत है, इसे तनाव में उलझाने की आवश्यकता नहीं है। रोज जो हुआ, उसके बारे में बताया करो। क्या पढ़ा, क्या समझ आया, क्या समझ नहीं आया, सब कुछ उनसे शेयर करो।

## आज का राशिफल

**मेष** — चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ
**व्यस्तता** से आज राहत मिलेगी। आप अपने लिए भी समय निकालने में कामयाब रहेंगे आपके मनोनुकूल तरीके से पूरा हो जाएगा नए कपड़े, ज्वेलरी जैसी चीजें खरीदने की योजना बनेगी।

**वृषभ** — ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो
**दिनभर** मेहनत रहेगी, लेकिन उसके बेहतरीन परिणाम भी मिलेंगे। वित्तीय योजनाओं पर काम करने में समय लगाएं महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हो सकती है।

**मिथुन** — का, की, कू, घ, ङ छ, के, को, हा
**कोई** पारिवारिक समस्या हल होने वाली है। चिंता दूर होगी जरूरतमंद लोगों की सहायता से मानसिक सुकून मिलेगा काफी समय बाद नजदीकी रिश्तेदारों के साथ मेलजोल से मन प्रसन्न रहेगा।

**कर्क** — ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो
**आज** मेल मुलाकात का दौर चलता रहेगा। आपका बेहतरीन योगदान रहेगा व्हीकल या प्रॉपर्टी संबंधित खरीदी-बिक्री संबंधी योजनाओं पर विचार-विमर्श करके किसी नतीजे पर पहुंचेंगे।

**सिंह** — मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे
**हर** काम सलीके से और व्यवस्थित रूप से करने से जल्दी ही लक्ष्य हासिल कर लेंगे। इससे आप अपने अंदर ऊर्जा और आत्मविश्वास महसूस करेंगे परिवार के साथ शॉपिंग में समय बीतेगा।

**कन्या** — टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो
**दोपहर** बाद परिस्थितियां शुभ रहेंगी। समय का सही उपयोग करें। सामाजिक कामों में आपके विचारों को प्राथमिकता मिलेगी। मन मुताबिक काम बनने से युवाओं को सुकून मिलेगा।

**तुला** — रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते
**आज** ज्यादातर समय धार्मिक कामों में बीतेगा आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी। संतान संबंधित समस्या हल हो जाएगी आर्थिक योजनाएं आसानी से पूरी होंगी।

**वृश्चिक** — तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू
**आपकी** व्यवस्थित दिनचर्या और कार्य प्रणाली रुके कार्यों को पूरा करने में मदद करेगी। नकारात्मक आदत छोड़ने का भी संकल्प करें पारिवारिक मामला उलझा है।

**धनु** — ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ड़ा
**सामाजिक** कामों आपका रुझान बढ़ेगा। अपनी कार्य प्रणाली से दूसरों का दिल जीत सकते हैं। दोस्तों या साथियों से फोन पर महत्वपूर्ण बातचीत फायदेमंद होगी।

**मकर** — भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी
**आज** दिन भर व्यस्तता रहेगी। घर में नजदीकी रिश्तेदारों के आने से खुशनुमा माहौल रहेगा। मुश्किल काम सोच-विचार कर और शांति से निपटा लेंगे।

**कुंभ** — गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,
**अनुकूल** समय है योजनाएं सफल हो सकती हैं खुद को भावनात्मक रूप से बहुत मजबूत महसूस करेंगे आशीर्वाद से आपकी योजनाओं को ताकत मिलेगी।

**मीन** — दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची
**दिन** सुखद रहेगा करियर में नया मौका मिलेगा। घर की देखरेख और व्यवस्था बनाए रखने में आपका सकारात्मक सहयोग मिलेगा। युवा और विद्यार्थी अपनी योग्यता और प्रतिभा के दम पर उपलब्धि हासिल कर लेंगे।


**कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति "विशिष्ट श्रेणी" बून्दी (राज0)**

क्रमांक :- 1013-1019 — दिनांक :- 11/02/2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

कृषि उपज मण्डी समिति बून्दी में टेन्ट व्यवस्था हेतु स्वीकृत बजट 17.00 लाख की सीमा में सेवा प्रदाताओं पंजीकृत फर्मो से राजस्थान लोक उपापन में पारदर्षिता अधिनियम 2012 एवं नियम 2013 के अन्तर्गत सेवाओं के उपापन के सम्बंध में ऑन लाईन निविदा ई–प्रोक्यूोरमेंट (www.eproc.rajasthan.gov.in) के माध्यम से दिनांक 04.03.2025 को सांय 6.00 बजे तक निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदाओं से सम्बन्धित विस्तृत विवरण www.sppp.rajasthan.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट www.rsamb.rajasthan.gov.in पर भी देखा जा सकता है।

UBN No. : DAM2425SLOB01243

राज.संवाद/सी/24/11573 — प्रशासक — सचिव

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड सुल्तानपुर**

क्रमांक- 1460 — **निविदा सूचना संख्या 26 / 2024-25** — दिनांक - 3/2/2025

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से भवन एवं सड़क निर्माण कार्यके लिये उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवम् दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के एए ए बी, सी, डी श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से कार्यो हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जायेंगी। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट www.dipronline.org व http://www.pwd.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा अपलोड करने की तारीख 20.02.2025 को 06.00 बजे तक ।

| S.No. | UBN No. | S.No. | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1 | PWD2425WSOB14518 | 2. | PWD2425WSOB14519 |
| 3. | PWD2425WSOB14520 | 4. | PWD2425WSOB14521 |
| 5 | PWD2425WSOB14522 | | |

DIPR/C/2025/1586

(अंकित बिन्द्रल)
अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. खण्ड सुल्तानपुर

**कार्यालय -अधिशाषी अभियन्ता**
**जनस्वा.अभि. विभाग खण्ड - भवानीमण्डी**

Email: eepbha.jha.phed@rajasthan.gov.in

**Notice Inviting Bid No. 11/2024-25, NIB PHE2425A4302**

Bids for Water Transportation in various problematic Villages of P.S./Schemes in Division Bhawanimandi Dirstrict Jhalawar of Division Jhalawar are invited from interested bidders up to 20-02-2025, 18:00 Hours. Other particulars of the bid may be visited on the http://www.eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in, and http://rajwater.gov.in departmental website.

| आईटम सं. | UBN No. | अनु. लागत |
|---|---|---|
| 1. | PHE2425WSOB09219 | 45.00 |
| 2. | PHE2425WSOB09220 | 25.00 |
| 3. | PHE2425WSOB09221 | 17.50 |

Executive Engineer
PHED Div-Bhawanimandi

DIPR/C/2025/1642

**कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति "विशिष्ट श्रेणी" बून्दी (राज0)**

क्रमांक :- राजकाज 13316990 — दिनांक :- 30/01/2025

**सूचना**

मण्डी समिति की आवंटन सूचना क्रमांक 1059–69 दिनांक 30.06.2017 एवं संशोधित सूचना क्रमांक 1086–96 दिनांक 07.07.2017 एवं 800–822 दिनांक 29.07.2021 एवं 259–274 दिनांक 10.06.2022 एवं 655–679 दिनांक 14.10.2024 एवं संशोधित आवंटन सूचना 685–705 दिनांक 17.10.2024 से नवीन कृषि उपज मण्डी प्रांगण (कुंवारती) बून्दी में द्वितीय एवं पश्चातवर्ती चरणों के आवंटन के क्रम में निर्धारित दिनांक 15.11.2024 तक प्राप्त आवेदन पत्रों की अस्थाई सूची आज दिनांक 30.01.2025 को जारी कर दी गई है, जिसका नोटिस बोर्ड कार्यालय नवीन कृषि उपज मण्डी प्रांगण कुवांरती बून्दी में अवलोकन किया जा सकता है।

अस्थाई सूची के सम्बन्ध में दिनांक 17.02.2025 तक आपत्तियां मण्डी समिति कार्यालय में प्रस्तुत की जा सकेगी। प्राप्त आपत्तियों पर आवंटन समिति द्वारा लिया गया निर्णय अन्तिम होगा।

राज.संवाद/सी/24/11576 — सचिव

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वा. अभि. विभाग, खण्ड झालावाड़**

Email, eejha.phed@rajasthan.gov.in

**Notice Inviting Bid No. 15/2024-25, NIB PHE2425A4269**

Bids for Water Transportation in various problematic Villages/Schemes & GPS installation work in Division Jhalawar Dirstrict Jhalawar of Division Jhalawar are invited from interested bidders up to 24-02-2025, 18:00 Hours. Other particulars of the bid may be visited on the http://www.eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in, and http://rajwater.gov.in departmental website.

| आईटम सं. | UBN No. | अनु. लागत |
|---|---|---|
| 1. | PHE2425WSOB09117 | 25.00 |
| 2. | PHE2425WSOB09118 | 20.00 |
| 3. | PHE2425WSOB09119 | 10.00 |
| 4. | PHE2425WSOB09120 | 25.00 |
| 5. | PHE2425WSOB09121 | 25.00 |
| 6. | PHE2425WSOB09122 | 10.00 |
| 7. | PHE2425WSOB09123 | 03.50 |
| 8. | PHE2425WSOB09124 | 10.50 |
| 0. | PHE2425WSOB09125 | 02.00 |

अधिशाषी अभियंता
जनस्वा, अभि विभाग
खण्ड झालावाड़

DIPR/C/2025/1609

## आगामी त्योहारों को शांति व सद्भाव के साथ मनाएं

**जननायक संवाददाता @ इटावा।** आगामी दिनों में आने वाले त्योहारों के आयोजन को लेकर व नगर की समस्याओं को लेकर बुधवार को इटावा थाने में इटावा एसडीएम रामनिवास मेहता की अध्यक्षता में सीएलजी सदस्यो की बैठक हुई। इस दौरान इटावा डीएसपी शिवम जोशी भी मौजूद रहे। इटावा उपखंड अधिकारी मेहता ने कहा कि आगामी दिनों में विशेष पर्व त्यौहार है। लोग आपसी भाईचारे और सद्भावना के साथ मनाएं। कोई अगर कही गलत करे तो उसकी सूचना तत्काल प्रशासन को दे। साथ ही उन्होंने क्षेत्र में होने वाली गतिविधियों की जानकारी ली। इटावा डीएसपी शिवम जोशी ने कहा कि सीएलजी सदस्य बिना वर्दी की पुलिस है। उन्होंने कहा कि इन दिनों साइबर अपराध बढ़ रहे हैं। अभिभावक बच्चों पर निगाह रखे और मोबाइल पर होने वाली गतिविधियों पर नजर रखे। इस दौरान स्कूलों व कालेजों में छुट्टी के बाद नजर रखने, बाइकर्स पर कार्यवाही करने सहित क्षेत्र डीजे बजाने पर आवाज कम रखने सहित कई विषयों पर चर्चा की। इस अवसर पर इटावा थाने के उपनिरीक्षक श्याम सुंदर चौधरी, सहायक उपनिरीक्षक कमल मीना, केसरीलाल नागर, पुष्पेंद्र सिंह, पार्षद भेरूलाल गुर्जर, हयात पठान, शहजाद दीवान, रफीक, देवकीनन्दन परिहार, बृजमोहन नागर, पवन गौड़, सतीश सोनी सहित कई लोग मौजूद रहे।



## सोशल मीडिया पर सावधानी बरतने की अपील

**जननायक संवाददाता @ अयाना।** आगामी त्योहारों को लेकर मंगलवार सायं पीपल्दा तहसीलदार अरुण सिंह की अध्यक्षता में सीएलजी बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें दोनों समुदायों के त्योहारों को शान्तिपूर्ण मनाने को लेकर चर्चा की गई। तहसीलदार अरुण सिंह ने कहा कि आपस में मिलकर त्योहार मनाए। सोशल मीडिया पर किसी भी धर्म जाति अथवा सम्प्रदाय पर कोई आपत्तिजनक सामग्री या अनावश्यक कमेन्ट ना करें। जिला परिषद सदस्य गिरिराज मीणा ने अयाना में मुख्य सड़क मार्ग किनारे अस्थाई अतिक्रमण से आवागमन बाधित होने की समस्या पर थानाधिकारी उम्मेद सिंह ने पंचायत प्रशासन तथा प्रबुद्ध नागरिकों के सहयोग से अतिक्रमण हटाने का आश्वासन दिया। बैठक में भीम सिंह चौधरी, पदम जैन, शिवराज शर्मा समेत कई सदस्य मौजूद रहे।



## बोर्ड परीक्षाओं को देखते हुए डीजे की आवाज कम रखे



**जननायक संवाददाता @ खातौली।** कस्बे में थानाधिकारी मंशीराम विश्नोई ने सीएलजी सदस्यों की मीटिंग ली। आगामी त्यौहार और मेले व शादी-विवाह के सीजन को देखते हुए लोगों को समझाइश की गई व बताया कि डीजे ध्वनि कम आवाज में बजाये। दसवीं बोर्ड की परीक्षाएं नजदीक हैं। ताकि बच्चों पढ़ाई बाधित न हो। नाबालिग बच्चों को अभिभावक मोटरसाइकिल नहीं चलाने दे। ताकि दुर्घटना से बचाए जा सके। अगर समझाइश के बाद भी नहीं मानते हैं तो कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। आपसी सौहार्द भावना बनाए रखें। आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्वक मनाने की अपील की। इस दौरान शांति समिति के सदस्य जितेंद्र अवस्थी, रामस्वरूप बैरवा सहित कई लोग मौजूद रहे।

## सन्त रविदास जयंती पर कई आयोजन सम्पन्न

**जननायक संवाददाता @ केशवरायपाटन।** सन्त रविदास जयंती पर एरवाल समाज ने कार्यक्रम आयोजित किए। खेडा महोल्ला में स्थित समाज के मंदिर पर मंगलवार रात्रि में भजन संध्या और जागरण हुआ। जिसमें कलाकारों ने भजनों की प्रस्तुतियां दी। अगले दिवस पूर्णाहुति और शोभायात्रा का आयोजन हुआ। जिसमे देव विमान के साथ बड़ी संख्या में क्षेत्र के समाजजन उपस्थित हुए। शोभायात्रा मुख्य बाजार मार्गो से होती हुई समाज के मंदिर पर पहुंची। जहां समापन के बाद प्रसादी का वितरण हुआ। शोभायात्रा का कई जगह लोगों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।



## संत रविदास महान समाज सुधारक जाने जाते हैं

**जननायक संवाददाता @ इटावा।** पीपल्दा क्षेत्र के ऐरवाल समाज ने बुधवार को संत रविदास जयंती मनाई। इस मौके पर उनके चित्र पर माल्यार्पण किया गया। वक्ताओं ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संत रविदास ने भक्ति मार्ग पर चलने का संदेश दिया था। इस दौरान जगदीश अयानी, अशोक, सीताराम, हजारीलाल, मुकेश रनोदिया, सुरेश इटावा, हेमराज, रामदयाल, बाबुलाल, बद्रीलाल, सुरेश, जितेंद्र, नरेंद्र, बंटी, रवि, अशोक, जगदीश, महेंद्र, धनराज सहित कई लोग मौजूद रहे। वहीं संत रविदास जयंती वार्ड नंबर 5 में वार्ड वासियों के साथ गौशाला के पास हनुमान जी मंदिर परिसर में मनाई गई। पार्षद ने कहा कि धार्मिक ग्रंथों के अनुसार संत रविदास महान समाज सुधारक के रूप में भी जाने जाते हैं। उन्होंने सभी को बिना किसी के भेदभाव के प्रेम करने की शिक्षा दी है। इसलिए इस दिन उन्हें विचारों को ध्यान करने का खास महत्व माना जाता है। वहीं गुरु रविदास जयंती, संत रविदास के जन्म दिवस के रूप में मनाते हैं। संत रविदासजी समानता और मानव अधिकारों की शिक्षा दिया करते थे। वे संत कवि और दार्शनिक थे। इस अवसर पर उमाशंकर बैरवा, बजरंग लाल, रामलाल, रामकिशन, रामबाबू महावीर, जोधराज नायक, भंवरलाल, साहब लाल, बब्लू सहित कई उपस्थित रहे।



## आरएसएस के वरिष्ठ स्वयंसेवक बजरंगलाल का निधन

**जननायक संवाददाता @ केशवरायपाटन।** कस्बे में सेवानिवृत्त शिक्षक व आरएसएस के वरिष्ठ स्वयंसेवक बजरंगलाल विकल का लम्बे बीमारी के चलते 90 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। विकल बचपन से संघ के स्वयंसेवक थे। विभिन्न दयित्व पर रहते हुए सामाजिक कार्य करते थे। विकल ने शंखनाद, जाग जवानी जैसी प्रेरणादायक पुस्तके लिखी हैं। एक पुस्तक बृज भाषा मे भी लिखी है। साहित्य के क्षेत्र में कही बार अलग अलग स्तर पर सम्मानित भी हुए है। विकल के निधन की सूचना से सामाजिक संगठनों में शोक की लहर दौड़ गई। बड़ी संख्या में सामाजिक संगठनों से जुड़े कार्यकर्ता अंतिम यात्रा में पहुंचे।



## ग्रामीणों का अनिश्चितकालीन क्रमिक धरना जारी, नगर पालिका में शामिल करने का विरोध

**जननायक संवाददाता @ नैनवां।** ग्राम खानपुरा एवं टोपा को नैनवां नगर पालिका में शामिल करने का आदेश निरस्त करवाने की मांग को लेकर मंगलवार को छठे दिन भी जारी रहा। ग्रामीणों ने बुधवार को पंचायत समिति कार्यालय पहुंचकर प्रधान पदम नागर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया। साथ ही ग्रामीणों ने एसडीएम कार्यालय पर ज्ञापन दिया। धरने पर सीताराम सैनी खानपुरा, दीक्षांत सोनी, पप्पूलाल सैनी, रामकरण गुर्जर, भीमराज मीणा, आशाराम नागर मानपुरा, किशोर माली, कमलेश सैनी, बद्रीलाल चोपदार, दयाराम सैनी, नरेश सैनी, मूलचंद, जगदीश सैनी सहित ग्रामीण धरने पर रहे।

# शिविर में 360 आवेदनों का शिक्षा मंत्री ने किया निस्तारण

### गौसेवा एम्बुलेंस का लोकार्पण किया

**जननायक संवाददाता**

**रामगंजमंडी।** सुकेत के सलावद खुर्द में बुधवार को सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने शिरकत की। इसके बाद मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर शिविर का शुभारम्भ किया गया। दोपहर 2 बजे शुरू हुए शिविर में शाम तक 360 आवेदन आए। जिनका मौके पर ही निस्तारण किया गया। शिविर में कोटा जिला अतिरिक्त परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा रुपेश सिंह के नेतृत्व में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी केके शर्मा सहित अन्य अधिकारियों ने सूर्य सप्तमी पर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनने पर शिक्षा मंत्री को 51 किलो का पुष्पहार पहना कर अभिनंदन और स्वागत किया।

मंत्री ने शिविर में आम जन की समस्याओं की सुनवाई की तथा शिविर में उपस्थित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों को तत्काल लोगों की समस्याओं के समाधान करने के निर्देश दिए। मंत्री दिलावर ने कहा कि चुनाव जीतने के बाद से हम निरंतर क्षेत्र में समस्या समाधान शिविर आयोजित कर रहे है। इसी क्रम में ये 18वां शिविर है। जो सलवाद खुर्द में आयोजित हो रहा है। शिविर में स्थानीय निवासियों की सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान मौके पर ही हो रहा है और लोगों को मौके पर ही राहत दी जा रही है। शिविर में खाद्य सुरक्षा योजना के प्रकरणों की जो सूची अभी तक तैयार की गई थी। अब सरकार ने पोर्टल खोल दिया है। उस सूची को अब रसद अधिकारियों द्वारा पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। जिसके बाद वंचित लोगों को भी गेहूं मिलना शुरू हो जाएगा। दिलावर ने कहा कि मुख्यमंत्री से आग्रह कर गत वर्ष के वार्षिक बजट में सभी संभाग मुख्यालयों पर बालिका सैनिक स्कूल स्थापित करने की घोषणा करवाई गई थी। जिसकी अनुपालन में जिला कलक्टर कोटा ने रामगंजमंडी विधानसभा क्षेत्र के खैराबाद पंचायत समिति के ग्राम पंचायत चेचट के ग्राम ऊंडवा में कुल रकबा 22.25 हेक्टर चारागाह भूमि का निशुल्क आवंटन बालिका सैनिक स्कूल स्थापना के लिए शिक्षा विभाग को आवंटित किया है। अब जल्द ही चेचट के ऊंडवा में बालिका सैनिक स्कूल शुरू होगा। मंत्री ने कहा कि मैने कहा था कि पांच साल के अंदर क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं छोडूंगा। एक ही साल में चेचट में राजकीय महाविद्यालय प्रारंभ हो गया है। आदर्श वेद विद्यालय के लिए जमीन आवंटन हो गई है। इसी शिक्षा सत्र से प्रवेश प्रारंभ हो जाएंगे। बालिका सैनिक स्कूल की भी जमीन मिल गई है। अब स्कूल का निर्माण शुरू किया जाएगा। जल्द ही बच्चियां यहां सैनिक प्रशिक्षण प्राप्त करेंगी।

मंत्री ने कहा कि अखबारों में प्रकाशित जयपुर स्कूल प्रशासन द्वारा एक छात्र पर दूसरे छात्रों से थप्पड़ लगवाने तथा बारां के कवाई में एक शारीरिक शिक्षक द्वारा एक छात्र की पिटाई करने जैसे मामलों का संज्ञान लेते हुए मामलों में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की शिक्षा विभाग के शासन सचिव को निर्देश दिए हैं। विद्यालय शिक्षा का मंदिर है। इस प्रकार शिक्षकों द्वारा हिंसक होकर छात्रों से मारपीट करना किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



### गौसेवा एम्बुलेंस का किया लोकार्पण

मंत्री ने शिविर में गौ सेवा एंबुलेंस का लोकार्पण विधि रूप से किया। इस दौरान दिलावर ने ब्रह्मलीन राणा रामपुरी दरबार के शिष्य एवं आश्रम संचालक विश्वनाथ पुरी जो कि गौ सेवा समिति खीमच के अध्यक्ष एवं संचालक हैं को 14 लाख 60 हजार 300 रुपए का चेक भेंट किया। गौसेवा प्रेमी एवं समाजसेवक सुनील खेतपालिया ने पशु एम्बुलेंस के लिए उक्त राशि का चेक दिलावर को भेंट किया था। उक्त राशि से तैयार करवाई गई विशेष गौसेवा एम्बुलेंस का ग्रामवासियों के साथ लोकार्पण किया।

## खुदखुशी करने पहुंची महिला को बचाया

**जननायक संवाददाता**

**रामगंजमंडी।** क्षेत्र के सहरावदा राष्ट्रीय राजमार्ग -52 पर एक महिला ओवर ब्रिज पर चढ़ गई। महिला खुदकुशी करने के लिए ओवरब्रिज की सुरक्षा दीवार पर चढ़कर नीचे कूदने लगी। इतने में हाईवे पेट्रोलिंग टीम की महिला पर नजर पड़ी। करीब 30 मिनट की समझाइश और महिला को बातों में लगाकर टीम ने महिला को पकड़कर नीचे खींच लिया। इसका एक लाइव वीडियो भी सामने आया। जिसके बाद टीम ने महिला से सुसाइड के कारण पूछे तो महिला ने ग्रह कलेश के चलते सुसाइड करना बताया। हालांकि महिला से समझाइश कर कर्मियों ने उसे अपने घर पर छोड़ दिया। एनएचएआई पेट्रोलिंग अधिकारी अनुराग भारती ने बताया की टीम फोरलेन सहरावदा हाईवे गश्त कर रही थी। जहां ओवरब्रिज की सुरक्षा दीवार पर एक महिला बैठी हुई दिखी। जो खुदकुशी करने का प्रयास कर रही थी। गश्त टीम ने महिला से समझाइश की। टीम ने महिला को बातों में लगाकर पकड़ कर नीचे उतार दिया।

## सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर की पूजा-अर्चना



**जननायक संवाददाता**

**अरण्डखेडा।** बुधवार को माली समाज के लोगों ने अरण्डखेडा में खेळ बाउडी के गणेशजी की पूजा अर्चना कर अक्षय तृतीया को होने वाले हाड़ोती फूलमाली समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित करने को निमंत्रण पत्र देकर सम्मेलन में आने का न्योता दिया। इस दौरान समिति अध्यक्ष प्रभुलाल सुमन ने बताया कि इस वर्ष 30 से ज्यादा जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्मेलन में विवाह होगा। इस अवसर पर सत्यनारायण सुमन, विक्रम सुमन, देवीशकर सुमन, बद्रीलाल सुमन, पुजारी शिवशंकर बैरागी, बनवारी लाल बराणा सहित कई उपस्थित रहे। वही जाखोड़ा में हाड़ोती फूलमाली सामूहिक विवाह सम्मेलन 30 अप्रैल को होगा। टीकम चन्द सुमन ने बताया कि जाखोड़ा में आयोजित होने वाले सम्मेलन का पोस्टर विमोचन करके जानकारी दी। इस अवसर पर कार्यकारणी गठन किया गया। जिसमें सचिव प्रेम चंद सुमन, संयोजक मोनू सुमन, प्रदीप सुमन, महामंत्री हुकुमचंद, गंदीफली, कालू लाल सुमन लाडपुर, कोषाध्यक्ष राधेश्याम सुमन, उपसचिव मोहनलाल सुमन लाडपुर, धनराज सुमन, प्रभुलाल सुमन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहन लाल अजमेरा गंदीफली, पटेल जगन्नाथ गोला, लाल चंद अजमेरा आदि समाज के लोग उपस्थित रहे।

## विद्यार्थियों को करवाया शैक्षणिक भ्रमण

**जननायक संवाददाता**

**सांगोद।** पीएमश्री महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सोरसन की ओर से बुधवार को विद्यालय के विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण करवाया गया। छात्रों को सर्वप्रथम कोटा कृषि विश्वविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र का भ्रमण करवाया। इस मौके पर कृषि विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने विद्यार्थियों को नर्सरी में पौधे कैसे तैयार किए जाते हैं। इस बारे में विस्तार से जानकारी दी। कृषि विज्ञान केंद्र में उत्पादित उत्पाद सोयाबीन से दूध एवं पनीर बनाने की इकाई का अवलोकन करवाया गया। बकरी की विभिन्न नस्लों, बायोगैस प्लांट, पॉलीहाउस एवं खाद्य प्रसंस्करण इकाई का निरीक्षण किया। इस मौके पर छात्रों को कोटा में स्थित अभेड़ा महल का भी अवलोकन करवाया गया। शैक्षणिक भ्रमण में 140 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया।



## पालिका बोर्ड की बैठक में लगाए पार्षदों ने भ्रष्टाचार के आरोप

### 43 करोड़ 11 लाख का बजट हुआ पारित

**जननायक संवाददाता**

**नैनवां।** नगरपालिका सभागार में बुधवार को पालिकाध्यक्ष सरिता नागर की अध्यक्षता में बुधवार को बोर्ड की बैठक आयोजित की गई। अधिशाषी अधिकारी मोतीशंकर नागर ने बताया कि बैठक में 2025-26 के लिए 43 करोड़ 11 लाख बजट सदन में सर्वसम्मति से पारित किया गया। जिसमें नगरीय क्षेत्र के विभिन्न विकास कार्य तालाब का सौंदर्यकरण, स्ट्रीट लाइट, चौराहा का सौंदर्यकरण, नाला नाली, सड़क इत्यादि, बस स्टैंड विकास कार्य, उद्यान विकास कार्य, मेला ग्राउंड विकास कार्य का अनुमोदन किया गया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की घोषणा अनुसार 10 करोड़ के प्रस्ताव पारित कराए गए एवं प्रत्येक वार्ड में कार्य के लिए 5 करोड़ 24 लाख रुपए का प्रस्ताव रखा गया। जिसको पारित किया गया। बैठक में पार्षदों ने नव पदास्थापित पालिका अध्यक्ष सरिता नागर का स्वागत किया।

**निलंबन के बाद भी कार्रवाई क्यों नहीं** - पार्षद ओमप्रकाश गुर्जर, रजनीश कुमार, दिलखुश पॉटर ने बैठक में मामला उठाया की नगर पालिका पूर्व अध्यक्ष प्रेम बाई के समय जारी फर्जी पट्टा प्रकरण में निलंबन किये जाने के पश्चात इनके कब्जे के भूखंड से अतिक्रमण हटाना व इनके विरुद्ध न्यायिक कार्रवाई क्यों नहीं की गई। जबकि पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रेम बाई को अवैध पट्टा जारी करने एवं अवैध मैरिज गार्डन संचालित करने मामले में स्वायत्त शासन सचिव ने निलंबित किया था। पालिका कर्मचारी जिनका स्थानांतरण अन्यत्र नगर पालिका हो चुका है। उनको तुरंत प्रभाव से कार्यमुक्त किए जाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया। पार्षदों ने पालिका में संवेदकों द्वारा उच्च गुणवत्तापूर्ण कार्य न करने पर ब्लैक लिस्ट किए जाने की कार्रवाई किए जाने की मांग रखी। तत्पश्चात बोर्ड के समक्ष बजट आंकलन रखे गए।

भाजपा में शामिल हुए पार्षद ओम प्रकाश गुर्जर ने बैठक में कहा कांग्रेस का बोर्ड चार साल से भ्रष्टाचार में लिप्त है। इसके कारण मजबूरन मुझे पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल होना पड़ा। उन्होंने अवैध मैरिज गार्डन को सीज कर कार्यवाही की मांग की। गुर्जर ने प्रशासन शहरों के संग अभियान ने बनाए फर्जी पतो की जांच कमेटी बनाने का मामला उठाया। जिसमें कांग्रेस भाजपा के पार्षद को शामिल कर जांच की मांग की है। पार्षद वीणा पांडेय ने आंबेडकर भवन के पास पालिका की लाखों की भूमि पर भूमाफियों द्वारा अतिक्रमण का मामला उठाया ।

**कांग्रेस पार्षदों ने किया विरोध-** कांग्रेस पार्षदों नबील अंसारी, अमृतराज मीना, सलीम खान ने कहा कि तत्कालीन पालिकाध्यक्ष प्रेम बाई के खिलाफ षडयंत्र पूर्व कार्रवाई कर निलंबित करवा दिया गया। जिसका कांग्रेस पार्षद ने विरोध किया है। साथ ही नवनियुक्त पालिका चेयरमैन सरिता नागर का स्वागत भी किया। बैठक में पालिका ईओ मोतीशंकर नागर मौजूद रहे।



## देहात जिलाध्यक्ष गोचर का किया स्वागत

**जननायक संवाददाता**

**बड़ौद।** कस्बे के उजाड़ क्षेत्र में बुधवार को नवनिर्वाचित भाजपा देहात जिलाध्यक्ष प्रेम गोचर दौरे पर रहे। इस मौके पर ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया। उन्होंने बताया कि किसी भी संगठन की ताकत उसका कार्यकर्ता होता है । इसके लिए भाजपा को बूथ स्तर तक मजबूत रहने की जरूरत है। जिला अध्यक्ष गोचर ने क्षेत्र से जुड़े भाजपा कार्यकर्ताओं से चर्चा की। वहीं लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। उनके द्वारा क्षेत्र में विकास करने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। इस मौके पर चेतराम मीणा, सरपंच भेरूलाल सुमन, सतपाल मान, नरेंद्र सुमन, ओम प्रकाश झालानी, महावीर मीणा, राजेश शर्मा, रमेश आमलिया, मुनीराम, छोटू लाल मीणा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष गोचर ने टाकरवाड़ा गांव पहुंचकर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा लेखराज मालव को भेजा पंद्रह हजार रुपए का सहायता चेक सौंपा। इस मौके पर रमेश आमल्या, धनराज सुमन उपस्थित रहे।



लेखराज मालव को सहायता का चेक देते गोचर एवं अन्य ।

## भगवानपुरा सहकारी समिति सम्मानित

**जननायक संवाददाता**

**अरण्डखेडा।** नाबार्ड द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 आयोजित सहकारिता विकास की नई राह का आयोजन जयपुर में मैरियट होटल किया गया। जिसमें सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक एवं रजिस्ट्रार मंजू राजपाल ने भगवानपुरा ग्राम सेवा सहकारी समिति को सम्मानित किया गया। सेमिनार में राज्य के सहकारिता पैक्स द्वारा किसानों के लिए बड़े स्तर पर क्रेडिट इनपुट उपलब्ध कराया जा रहा है। भगवानपुरा सोसाइटी के सचिव अनिल प्रजापति एवं उपाध्यक्ष गोरी शंकर नागर ने बताया कि यह समिति नाबार्ड और दी कोटा सेन्ट्रल को ऑपरेटिव बैंक के सहयोग से क्षेत्र के किसानों के लिए अधिक से अधिक कृषि आदान उपलब्ध कराने का कार्य करेगी ।



मंत्री गौतम कुमार दक और सीनियर आईएएस रजिस्ट्रार मंजू राजपाल ने भगवानपुरा समिति को राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया। भगवानपुर

## शहीद हेमराज मीणा की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर कल

**जननायक संवाददाता - सांगोद।** क्षेत्र के विनोद कलां गांव के पुलवामा में शहीद हुए हेमराज मीणा की पुण्यतिथि पर विशाल रक्तदान व निःशुल्क जांच शिविर आयोजित किया जाएगा। शहीद की पत्नी वीरांगना मधुबाला मीणा व बेटी रीना मीणा ने बताया कि जिला अंधता निवारण समिति कोटा के आर्थिक सहयोग व सुधा हॉस्पिटल के तत्वाधान में 14 फरवरी शहीद दिवस के अवसर पर प्रात 10 से दोपहर 2 बजे तक शहीद हेमराज मीणा स्मारक, विनोद कलां में शिविर का आयोजन होगा। शिविर में सर्जरी, फिजिशियन विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ अपनी सेवाएं देंगे।

## वार्षिकोत्सव एवं विदाई समारोह आयोजित



**जननायक संवाददाता**

**इटावा।** आस्था महाविद्यालय इटावा में सत्र 2024-25 का वार्षिकोत्सव एवं विदाई समारोह सचिव डॉ. अनीता दायमा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. जयराम दायमा रहे। विशिष्ट अतिथि हसन अब्बास पठान व डॉ. कंचन भोला ने की। शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया। प्राचार्य डॉ. दायमा ने महाविद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। साथ ही सभी अतिथियों का स्वागत किया और विदाई ले रहे सभी विद्यार्थियों को आगे बढने के टिप्स दिए। सत्र 2023-24 में महाविद्यालय में प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों, कुलदीप शर्मा व लक्ष्मी मीणा को चैक व प्रमाण.पत्र देकर अतिथियों ने सम्मानित किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रस्तुति देने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया।

मंच संचालन श्यामबिहारी नायक व अंगराज सुमन ने किया। इस अवसर पर डॉ. मोहम्मद उस्मान, कमलेश्वर मीणा, रामचन्द्र दायमा, हरिओम आर्य, भरतराज सलवाडिया और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## शिक्षा मंत्री ने किया संस्कृत महाविद्यालय के नवीन भवन का भूमि पूजन

### 2 करोड़ 50 लाख रुपए की लागत से बनेगा नया भवन

**जननायक संवाददाता**

**रामगंजमंडी।** शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने बुधवार को चेचट में संचालित राजकीय शास्त्री संस्कृत महाविद्यालय के नवीन भवन निर्माण के लिए पूजन किया। 2 करोड़ 50 लाख रुपए की लागत से बनने वाले इस नवीन भवन की नींव रखने से पूर्व शिक्षा मंत्री ने महाविद्यालय परिसर में स्थापित शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसके बाद मंत्री ने पारंपरिक विधिविधान से भूमि पूजन कर गैंती, फावड़े और तगारी तथा निर्माण कार्य करने वाले कारीगर को भी तिलक, रोली और कलावा बांध कर पूजन किया। इसके बाद मंत्री ने शिलापट्ट का अनावरण किया।

इस अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए मंत्री दिलावर ने कहा कि संस्कृत समस्त भाषाओं की जननी है। संस्कृत में अथाह ज्ञान छुपा है। अभी तक जितने भी शोध हुए है। सभी में संस्कृत का योगदान है। आज भी पूरी दुनिया नए नए आविष्कार करने के लिए संस्कृत में रचित हमारे प्राचीन ग्रंथों का अध्ययन कर रही है। संस्कृत को समाप्त करने की कालांतर में कोशिश की गई। हमारा ज्ञान और हमारी समृद्ध परंपरा आज भी पूरी दुनिया को मार्ग दिखा रही है। दिलावर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा निरंतर प्रयास कर रहे है कि संस्कृत का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार हो और लोग संस्कृत को पढ़े। इसीलिए हमने चेचट में आदर्श वेद विद्यालय खोलने का आग्रह मुख्यमंत्री से किया था। उन्होंने हमारा आग्रह मानकर यह विद्यालय खोलने की स्वीकृति दे दी है। 15 बीघा जमीन का आवंटन भी हो गया है बहुत जल्दी भवन निर्माण का कार्य भी शुरू किया जाएगा।



संस्कृत महाविद्यालय के भवन का भूमि पूजन करते मंत्री दिलावर ।

### बच्चियों ने मुझे सर बोला तो पीड़ा हुई

मंत्री ने भूमि पूजन के अवसर पर आयोजित सभा में कहा कि आज मुझे यहां आकर नवीन भवन के भूमि पूजन की खुशी भी हुई और दुख भी हुआ। दुख की बात ये है कि संस्कृत महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने मुझे सर कहकर संबोधित किया। संस्कृत के विद्यार्थी अंग्रेजी भी बोले अच्छी बात है। पर कम से कम महाविद्यालय जहां वो पढ़ते है वहां तो संस्कृत बोलने का अभ्यास करें। उन्होंने शिक्षकों को नसीहत दी कि विद्यार्थियों में संस्कृत भाषा के प्रति लगाव पैदा करे।

### 8 किलो की गोभी भेंट की

इस दौरान कार्यक्रम में एक स्थानीय किसान जगन्नाथ लोधा ने गोबर के खाद से अपने खेत में पैदा हुई 8 किलो की पत्ता गोभी मंत्री को भेंट की।

# खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का शुभारंभ

जननायक संवाददाता

**झालावाड़।** उद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय, झालावाड़ में आयोजित पंचम अन्तः महाविद्यालय खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में प्रथम दिन नाटक, संगीत, नृत्य की विभिन्न सांस्कृतिक एवं कबड्डी, बॉस्केटबॉल, वालीबॉल की लीग प्रतियोगिताएं हुई। महाविद्यालय के खेलकूद प्रभारी डॉ. राहुल चोपड़ा ने बताया कि प्रतियोगिताओं में द्वितीय दिन एथलेटिक्स प्रतियोगिता के 4 गुना 100 रिले, 5000 मीटर बॉयज, 1500 मीटर गर्ल्स एवं बॉयज, 800 मीटर बॉयज, 400 मीटर गर्ल्स एवं बॉयज, 200 मीटर बॉयज, जेवलिन थ्रो गर्ल्स एवं बॉयज, शॉटपुट थ्रो गर्ल्स एवं बॉयज, डिस्क थ्रो गर्ल्स एवं बॉयज, हाई जम्प बॉयज में उद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय, झालावाड़ विजेता रहा। 5000 मीटर गर्ल्स, 200 मीटर गर्ल्स, 100 मीटर गर्ल्स, हाईजम्प गर्ल्स में कृषि महाविद्यालय, कोटा की टीम विजेता रही। विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में राजेन्द्र सिंह झाला, कमल शर्मा, अब्दुल सलाम, देवीलाल बैरवा, दीपक बघेल एवं आवेज खान रैफरी के रूप में उपस्थित रहें। सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में नरेन्द्र दुबे, पुष्पलता दुबे एवं पूजा सोनी ने नृत्य, संगीत एवं नाट्य कला के विभिन्न प्रतियोगिताओं में निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। नृत्य में सामूहिक नृत्य एवं एकल नृत्य प्रतियोगिता में कृषि महाविद्यालय, कोटा, संगीत के एकल गान, सामूहिक गान एवं देशभक्ति गीत प्रतियोगिता में कृषि महाविद्यालय, हिण्डोली, नाट्य कला के एकल अभिनय एवं स्कीट प्रतियोगिता में उद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय, झालावाड़ तथा मूक अभिनय एवं एकांकी नाटक में कृषि महाविद्यालय, कोटा की टीम विजेता रही। अधिष्ठाता डॉ. आशुतोष मिश्र ने सभी विजेताओं को शुभकामनाएं देते हुए आने वाली प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन करने की कामना की।



## सार-संक्षेप

### दो दिवसीय ग्रामीण विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न



**अंता।** एनटीपीसी में ग्रामीण विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसका समापन 11 फरवरी को हुआ। प्रतिस्पर्धा में कुल 23 राजकीय विद्यालयों के 787 विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। कबड्डी की सीनियर बॉयेज टीम में राउमावि, पलसाया विजेता रही। जुनियर बॉयेज में केन्द्रीय विद्यालय, एनटीपीसी अंता विजेता रही। वहीं सीनियर गर्ल्स में महात्मा गांधी राजकीय माध्यमिक विद्यालय, बालदड़ा विजेता तथा जुनियर गर्ल्स में केन्द्रीय विद्यालय, एनटीपीसी अंता विजेता रही। एनटीपीसी ने समस्त विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किये। पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि परियोजना प्रभारी विपिन देशमुख रहे। खेल परिषद के महासचिव विक्की यादव ने समस्त खेलों के बारे में जानकारी दी। समापन समारोह में राजेश चुड़ासमा, अपर महाप्रबन्धक (संविदा एवं सामग्री), संदीप सिंह चंदेल, अपर महाप्रबन्धक (विद्युत अनुरक्षण), सहायक कमाण्डेंट, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, सुभाष चन्द्र, डीएस कुहाड़, मानव संसाधन प्रमुख, रघुवंत सिंह, उप महाप्रबन्धक (सिविल) आशिष जैन मौजूद रहे।

### टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू



**झालावाड़।** टेनिस बॉल प्रतियोगिता में बुधवार को चार मैच खेले गए। जिसमें पहले मैच में सुनेल, दूसरा मैच में मेव क्लब, तीसरे मैच में बादशाह क्लब विजयी रही। ब्रजनगर लीग के मुख्य आयोजनकर्ता आमिर खान ने बताया कि सुबह से ही शहर के खेल प्रेमी मैदान पर डटे रहे और अपनी अपनी पसंदीदा टीम का उत्साहवर्धन करते नजर आए। इस दौरान अली हैदर, सोहेल खान, हनी शर्मा, तौसीफ खान, दानिश खान, शिवराज रेगर, आबिद खान, विष्णु दांगी, शराफत अली, अब्बू, मुकीम बेग, रईस पठान, असलम खान सहित कई खेल प्रेमी मौजूद रहे।

### मादक पदार्थ तस्करी के दो फरार आरोपी गिरफ्तार

**झालावाड़।** जिले के मिश्रोली पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के मामले में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने मध्य प्रदेश से दो इनामी बदमाशों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी पिछले 10 महीने से फरार चल रहे थे और प्रत्येक पर ढाई हजार रुपए का इनाम घोषित था। थानाधिकारी सुरेंद्रसिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विक्रम बैरागी (26) और राधेश्याम के रूप में हुई है। विक्रम बैरागी मंदसौर जिले के गरोठ थान क्षेत्र के सैमली दिवान का रहने वाला है। जबकि राधेश्याम पिपलिया मिठ्ठेशाह का निवासी है। दोनों आरोपी मेस्केलिन नामक मादक पदार्थ की तस्करी में संलिप्त थे और थाना मिश्रोली के टॉप-टेन अपराधियों में शामिल हैं।

### शायर सलाम मुज्तर की पुस्तक का विमोचन



**छबड़ा।** कस्बे के निवासी शायर अब्दुल सलाम मुज्तर द्वारा लिखी गई पुस्तक कोई किस्सा छेड़ दे का मंगलवार रात्रि को एक निजी होटल में विमोचन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि निज़ामुद्दीन खान रहे। हस्सान खान व रहीम खान ने बताया कि कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि हरीश पाठक रहे। कवि रामकरण मेहता, दयाल परमार व देवेंद्र सिसोदिया ने काव्य पाठ किया। शायर सलाम मुज्तर ने अपनी क़िताब से गजल और शेरो शायरी सुनाकर वाहवाही लूटी। मुख्य अतिथि खान ने कहा कि उनकी रचनाओं की वज़ह से छबड़ा कस्बे को पूरे देश में पहचान मिली है। सभी अतिथियों का स्वागत अबुल कलाम ने किया। कार्यक्रम में एडवोकेट सईद फारूकी, माजिद तिलक, पवन कुमार मीणा, शाकिर खान, आदिल, अमजद, बुलंद इक़बाल, सदर साजिद खान सहित कई गणमान्य मौजूद रहे।

### विद्यालय में कॅरियर मेला संपन्न



**छीपाबड़ौद।** ग्राम झझनी उच्च माध्यमिक विद्यालय मे कॅरियर मेले का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों को विभिन्न कॅरियर विकल्पों की जानकारी दी गई। प्रधानाचार्य दया कृष्ण पंचोली ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ललित लोधा रहे। जिनका विद्यालय ने स्वागत व सम्मान किया। मेले का उद्देश्य विद्यार्थियों को अनेक उज्जवल भविष्य के लिए सही मार्गदर्शन प्रदान करना है। मेले में विभिन्न क्षेत्र के विशेषज्ञ ने छात्रों को करियर संबंधी जानकारी दी। श्रेष्ठ कार्य करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान शिक्षक इकराम खान, आबिद हसन, सुरेंद्र सालवी मौजूद रहे।

### रूपसिंह महाराज की निकली विशाल शोभायात्रा



**अंता।** रूपसिंह जी महाराज की 518वीं पुण्यतिथी के उपलक्ष्य पर बुधवार को बंजारा समाज ने द्वितीय विशाल शोभायात्रा निकाली। हरिओम बंजारा, सुरेश बंजारा, गौरीशंकर बंजारा ने बताया कि मंगलवार रात्रि को देवनारायणपुर (देवपुरा) में रात्रि जागरण का आयोजन हुआ और बुधवार को सुबह बाबा रूपसिंहजी महाराज के मंदिर देवपुरा से बड़गांव तक विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का नगर में प्रवेश होने पर जगह-जगह पुष्पवर्षा के साथ स्वागत हुआ।

# जलदाय विभाग एवं संवेदक की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे कस्बेवासी

## हजारों लीटर व्यर्थ बह रहा, घरों में आ नहीं रहा पानी

जननायक संवाददाता

**मनोहरथाना।** कस्बे में जल जीवन मिशन के अंतर्गत डाली गई नई पाइपलाइन शिफ्टिंग से पूरी तरह से कार्य पूरा नहीं होने से कस्बे वासियों के लिए यह परेशानी का सबब बनती जा रही। जहां संवेदक द्वारा इन पाइप लाइनों को जोड़ने के नाम पर जगह-जगह से रोड को खोद कर खुला छोड़ दिया है। वहीं बिना सूचना दिए ही नई पाइपलाइन से पानी की सप्लाई शुरू कर देने से हजारों लीटर पानी व्यर्थ रोड पर बह रहा है। घरों पर आमजन को पानी नसीब नहीं होने से वह पानी को तरस रहे है। कस्बेवासियों ने बताया कि पिछले तीन दिनों से नलों में पानी नहीं आ रहा। वहीं जलदाय विभाग एवं संवेदक के द्वारा बिना सूचना दिए नई लाइन को चालू कर दिया गया। जिससे नई पाइप लाइन से नल कनेक्शन के पाइप से पुराने नल कनेक्शन में नहीं जुड़ने की वजह से



हजारों लीटर पानी बुधवार को सवेरे एवं शाम के समय व्यर्थ बहता रहा।

विभाग द्वारा बिना सूचना दिए नई पाइप लाइन को चालू कर देने से जहां पानी की बर्बादी हो रही है। वहीं कस्बे की आधी से अधिक आबादी को घरों में नल का पानी नसीब नहीं हो रहा है। संवेदक के द्वारा नई पाइपलाइन के जॉइंट करने का कार्य भी अभी चल रहा है। जिसमें कई जगह जॉइंट खुले है। इन जगहों पर भी पानी का दरिया बह रहा है।

# सरसों की फसल 6 हजार से कम भाव नहीं बेचेंगे किसान

## प्रदेश बैठक में लिया निर्णय

जननायक संवाददाता

**किशनगंज।** किसान महापंचायत राजस्थान प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक किसान भवन जयपुर में राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। किसान महापंचायत के प्रदेश संयोजक सत्यनारायण सिंह ने बताया कि बैठक में 20 जिलों के पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि किसान सरसों की फसल को एमएसपी 5950 प्रति क्विंटल से कम भाव पर नहीं बेचेंगे। गत वर्ष सरसों का समर्थन मूल्य 5650 रुपये था। किन्तु किसानों को 4600 रुपये पर बेचकर घाटा उठाना पड़ा। वहीं कृषि मंडियों में व्यापारियों द्वारा प्रति क्विंटल 400 से 600 ग्राम अधिक तौल अवैध लिया जा रहा है। इसके लिए प्रत्येक जिले व उपखण्ड कार्यालय से 28 फरवरी तक ज्ञापन दिये जायेंगे। बैठक के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट ने कहा कि राज्य में सरसों का सर्वाधिक 48 प्रतिशत उत्पादन होता है।

बैठक में निर्णय लिया कि सरसों 6 हजार रुपये से कम भाव पर नहीं बेचने के लिए किसानों को गांव-गांव जाकर जागृत किया जावेगा। साथ ही बैठक में यह भी बताया गया कि सहकारी समिति में किसानों से दुर्घटना बीमा के नाम पर 46 रुपये प्रति हजार केसीसी में काटा जा रहा है, जो सरासर लूट है। बैठक में प्रदेश संयोजक सत्यनारायण सिंह, प्रदेश अध्यक्ष मुसद्दीलाल यादव, प्रदेश महामंत्री सुंदरलाल सांवरिया, प्रदेश मंत्री बत्तीलाल बैरवा, मनजिंदर सिंह अटवाल व युवा प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर चौधरी समेत सभी जिलों के प्रमुख पदाधिकारी शामिल हुए।

# अवैध हथियारों के साथ तीन गिरफ्तार

जननायक ब्यूरो

**झालावाड़।** झालरापाटन पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। मंगलवार रात शहर थाना पुलिस की टीम ने गश्त के दौरान कब्रिस्तान के पास से नगारची मोहल्ला निवासी माहिर हुसैन को एक देशी कट्टा और जिंदा कारतूस के साथ पकड़ा।

कार्रवाई में पुलिस ने दो अन्य आरोपियों समीर उर्फ गोलू उर्फ पंचोली और गिनदोर दरवाजा क्षेत्र निवासी फारूक को भी गिरफ्तार किया। दोनों के पास से एक-एक धारदार छुरा बरामद किया गया। थानाधिकारी हरलाल मीणा के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है कि उन्होंने ये हथियार कहां से प्राप्त किए और इनका उपयोग किस उद्देश्य के लिए करने वाले थे।

# पथ संचलन में दिया अनुशासन एवं एकता का संदेश

जननायक संवाददाता

**छीपाबड़ौद।** राष्ट्रीय एकता व अखंडता के प्रतीक संत रविदास की जयंती के उपलक्ष्य में स्थानीय आदर्श विद्या मंदिर केलखेड़ी छीपाबड़ौद के भैया बहिनों ने बुधवार को नगर में विशाल बाल पथ संचलन निकाला। जिसका कस्बे के नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं अभिभावकों ने स्वागत द्वार लगाकर, रंगोलियां बना एवं पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। 1000 भैया बहनों ने कदम से कदम मिलाते हुए पंक्तिबद्ध चलकर लोगों में उत्साह एवं आनंद की अनुभूति कराई। वहीं झांकियां आकर्षण का केंद्र रही ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनिरुद्ध कृष्ण महाराज श्यामपुर वृन्दावन, अध्यक्षता नरेंद्र नागर, विशिष्ट अतिथि नरेंद्र मित्तल ने भाग लिया । संत रविदास की सजीव झांकी के रूप में समाज को संगठित



रहने का समाज को संदेश दिया। बाल शक्ति पथ संचलन में सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह, महाराणा प्रताप, शिवाजी, झांसी की रानी, सप्तऋषि, गणेश, चाणक्य, शिव परिवार सहित कई झांकियां आकर्षण का केंद्र रही।

पथ संचलन के बाद आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि अनिरुद्ध कृष्ण महाराज ने संत रविदास के बारे में बताया कि इन्होंने साधु संतों की संगति से पर्याप्त ज्ञान की प्राप्ति की और कहा कि अगर मन पवित्र है तो गंगा में भी स्नान की आवश्यकता नहीं है। प्रधानाचार्य हरिसिंह गोचर के अनुसार अतिथियों ने मां भारती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प वर्षा के बाद भगवा ध्वज लहरा कर पथ संचलन का प्रारंभ किया। जो मुख्य मार्गो से होते हुए विद्यालय परिसर में पहुंचकर संपन्न हुआ।

# अभिभाषक परिषद ने डीएसपी के खिलाफ लिया निंदा प्रस्ताव

## मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

## न्यायिक कार्य का किया बहिष्कार

**चौमहला।** उन्हेल थाना क्षेत्र के चोरबर्डी गांव में शादी समारोह में चौमहला बार अध्यक्ष के साथ हुई मारपीट के मामले में चौमहला बार के अधिवक्ता लामबंद दिखाई दिए। अधिवक्ताओं ने बुधवार को न्यायिक कार्य का बहिष्कार करते हुए गंगधार डीएसपी के खिलाफ निंदा प्रस्ताव लिया। जानकारी के अनुसार 10 फरवरी को चौमहला बार का एक प्रतिनिधिमंडल अधिवक्ता के साथ मारपीट के मामले में गंगधार वृताधिकारी से मुलाकात करने पहुंचा था। इस दौरान गंगधार डीएसपी ने अधिवक्ता के साथ हुई घटना को व्यक्तिगत घटना करार दिया और कहा कि अधिवक्ता द्वारा भी पुलिस



के खिलाफ न्यायालय में परिवाद पेश कर रखा है, जो सही नहीं है। पुलिस और वकील को मिल कर चलना चाहिए और पुलिस का देरी से पहुंचने के पीछे भी यही कारण रहा। साथ ही डीएसपी ने ऐसे कई उदाहरण पेश किए। जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि अधिवक्ता पुलिस के खिलाफ कार्रवाई करता है तो उसके क्या क्या दुष्परिणाम हो सकते है। अधिवक्ताओं ने बताया कि डीएसपी के वक्तव्य से स्पष्ट होता है कि वह पूर्वाग्रह से पीड़ित होने के साथ-साथ अधिवक्ताओं के प्रति द्वेषता रखते है। जिससे आक्रोषित होकर अधिवक्ताओं ने बुधवार को दिन भर न्यायिक कार्य का बहिष्कार किया और मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान चौमहला बार के समस्त अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# श्रीकृष्ण रुकमणी विवाह प्रसंग सुनाया



**मांगरोल।** कस्बे के वार्ड नं एक भगवानपुरा बालाजी मंदिर परिसर में चल रही सात दिवसीय संगीतमय श्री मद भागवत कथा के छठे दिन मंगलवार को कथा वाचक प्रमोद शास्त्री ने कृष्ण-रुकमणी विवाह मंगल सुदामा चरित्र के कथा का प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा कि कथा सुनने व समझने के लिए प्रथम परमात्मा के प्रति अच्छी श्रद्धा, सत्संग, ईश्वर के प्रति असीम प्रीत जिसकी श्रद्धा जितनी गहरी होगी उसे उतनी प्रभु कृपा प्राप्ति होगी। कृष्ण सुदामा प्रसंग पर कहा कि सच्चा मित्र वही है। जो अपने मित्र की परेशानी को समझे और बिना बताए ही मदद कर दे। कथा समाप्ति के बाद कथा आयोजनकर्ता मूलचंद सुमन सपत्नी और परिवार ने आरती कर श्रवण करने आए श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया।

# किसान सम्मान निधि योजना को लेकर शिविर आयोजित

## तहसील में चल रहे शिविर में वंचित किसान लाभकारी योजना का लाभ ले सकते हैं

जननायक संवाददाता

**किशनगंज।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिलवाए जाने को लेकर तहसील कार्यालय में किसानों के लिए विशेष शिविर आयोजित किया जा रहा है।

तहसीलदार अभयराज सिंह ने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण मन्त्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत लाभ से वंचित पात्र परिवारों को लाभ दिलवाए जाने के लिए तहसील मुख्यालय पर विशेष शिविर का 26 जनवरी से विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे है। शिविर के अन्तर्गत प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से वचित भूमिधारक परिवारों जिनका डीबीटी, ई.केवाईसी तथा जिन लाभार्थियों का लैंड सीडिंग (भूमि विवरण सत्यापन) नहीं हुआ है। वे अपने आधार कार्ड की प्रतिलिपि, नक़ल प्रतिलिपि, जनाधार कार्ड लेकर तहसील कार्यालय चल रहे शिविर में पीएम किसान सम्मान निधि से वंचित किसान शिविर में आकर उक्त लाभकारी योजना का लाभ उठा सकते है।

वहीं सम्बंधित कार्य नही होने पर किशनगंज तहसील के 524 लाभार्थियों का ई.केवाईसी, 774 लाभार्थियों का आधार सीडिंग नहीं होने से अगामी किस्त से वंचित रहेगें। तहसील कार्यालय पर विशेष शिविर मे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लामार्थी शुक्रवार 14 फरवरी तक अपना लंबित कार्य पूरा करवा कर वंचित रह गए। किसान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ उठा सकते हैं।

# यह कैसा जिला स्तरीय सम्मान

## पीएम जनमन में कार्य किसी का और श्रेय किसी को

## ब्लॉक क्षेत्र के तीन ग्राम विकास अधिकारियों का जिला कलक्टर ने किया सम्मान

जननायक संवाददाता

**किशनगंज।** ब्लॉक पीएम जनमन पीवीटीजी प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवासों से वंचित सहरिया परिवारों का डोर टू डोर पहुंच कर सर्वे करने एवं स्वीकृत आवासों को पूर्ण करने को लेकर पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करने पर ब्लॉक क्षेत्र की तीन ग्राम पंचायतों के ग्राम विकास अधिकारियों को मंगलवार को जिला कलक्टर ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जबकि इस सम्मान के असली हकदार ग्राम पंचायत में पूर्व में कार्यरत ग्राम विकास अधिकारी है। उल्लेखनीय है कि गत 15 जनवरी को ही बीडीओ हर्ष कुमार महावर ने ग्राम विकास अधिकारियों की स्थानांतरण सूची जारी की थी। जिस पर पीएम जनमन आवास को लेकर चल रहे सर्वे के चलते ग्राम विकास अधिकारियों ने स्थानांतरण सूची का विरोध भी जताया था। जिस पर स्थानांतरण सूची जारी होने के कई दिनों बाद तक ग्राम पंचायत से दूसरी ग्राम पंचायत में स्थानांतरित हुए ग्राम विकास अधिकारियों ने संबंधित ग्राम पंचायत का कार्यभार संभाला था। स्थानांतरण के चलते कुछ दिनों पूर्व ही ग्राम पंचायतों का कार्यभार संभालने वाले ग्राम विकास अधिकारियों को बिना जानकारी जुटाए ही कलक्टर द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना में स्वीकृत आवासों का निर्माण कार्यो को समयबद्ध पूर्ण करने में सकारात्मक भूमिका, कार्य के प्रतिबद्धता एवं निष्ठा पूर्ण कार्य करने पर ग्राम पंचायतों में हाल ही में नियुक्त हुए ग्राम विकास अधिकारियों को जिला मुख्यालय पर प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित कर दिया गया। जबकि प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर सर्वे एवं निर्माण कार्यों को पूर्ण करने में स्थानांतरण से पूर्व के ग्राम अधिकारियों द्वारा तकरीबन शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर पूर्ण जिम्मेदारी के साथ कार्य किया गया था। ऐसे में प्रशस्ति पत्र पाने के असली हकदार ग्राम विकास अधिकारियों में मायूसी बनी हुई है। प्रधानमंत्री जनमन आवासों के निर्माण कार्यों को लेकर पूर्ण जिम्मेदारी से कार्य करने वाले ग्राम विकास अधिकारी प्रशस्ति पत्र से वंचित रह गए। पंचायत समिति सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कलेक्ट्रेट से किशनगंज, रानीबड़ौद एवं ख्यावदा ग्राम पंचायत के ग्राम विकास अधिकारियों के नाम मांगे गए थे।

सूत्रों ने बताया कि ग्राम विकास अधिकारियों के नाम मांगे जाने के दौरान अन्य कोई जानकारी नहीं दी गई। ऐसे में उक्त तीनों ग्राम पंचायतों में वर्तमान में कार्यरत ग्राम विकास अधिकारियों के ही नाम भिजवाए गए। जिला स्तर पर बैठे विभागीय अधिकारियों ने प्रधानमंत्री आवास योजना के आवासों के निर्माण कार्य की गहनता से जानकारी जुटाए बिना ही सीधे ही वर्तमान में कार्यरत ग्राम विकास अधिकारियों के नाम मांगना संबंधित अधिकारियों पर प्रश्नचिन्ह लगाता है।

उधर पीएम जनमन आवासों के निर्माण कराने को लेकर पूर्ण जिम्मेदारी एवं निष्ठा के साथ कार्य करने वाले असली हकदार ग्राम विकास अधिकारियों में जिला प्रशासन के खिलाफ रोष भी बना हुआ है।

# छात्राओं ने किया शैक्षणिक भ्रमण



जननायक ब्यूरो

**झालावाड़।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय तोपखाना की पुलिस कैडेट छात्राओं के एक दल ने शारीरिक शिक्षक अजीत सिंह के नेतृत्व में झालावाड़ म्यूजियम का भ्रमण किया। इस दौरान छात्राओं ने संग्रहालय में मौजूद प्राचीन कलाकृतियों, ऐतिहासिक मूर्तियों, भित्ति चित्रों एवं शास्त्रों का अवलोकन किया। यह यात्रा छात्राओं के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक रही। इसके उपरांत दल झालावाड़ महिला थाना पहुंचा। जहां हेड कांस्टेबल विकास सिंह, कांस्टेबल मोहन लाल एवं महिला परामर्श केंद्र प्रभारी रंजना ने छात्राओं को महत्वपूर्ण कानूनी जानकारियां प्रदान कीं। उन्होंने राजकोप सिटीजन ऐप के उपयोग, यातायात नियमों, महिला संबंधी अपराधों और महिला परामर्श केंद्र की भूमिका के बारे में विस्तार से बताया। इसके पश्चात साइबर पुलिस थाना में हेड कांस्टेबल प्रीतम सिंह एवं कांस्टेबल लोकेंद्र सिंह ने साइबर अपराधों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान सुनील गुप्ता, प्रतिभा शर्मा, निर्मला मालव, साक्षी शर्मा एवं वैदेही साथ में मौजूद रही। विद्यालय प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार शर्मा ने छात्राओं को इस यात्रा से प्राप्त ज्ञान और अनुभव को अन्य विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के साथ साझा करने की प्रेरणा दी।

### दक्षिण बोर्ड की बजट बैठक 3 मिनट में समाप्त करने पर जताई नाराजगी

# कांग्रेसी पार्षदों ने बजट की कॉपी हवा में उछाली







जननायक संवाददाता

**कोटा।** नगर निगम कोटा दक्षिण बोर्ड की साधारण सभा की आम बजट बैठक बुधवार को केवल तीन मिनट में समाप्त हो गई, जिससे कांग्रेसी पार्षदों में नाराजगी नजर आई। कई पार्षदों ने तो बजट की कॉपी को ही हवा में उछाल दिया। सदन से बाहर पहुंचकर भी पार्षदों ने नारेबाजी की व भाजपा बोर्ड को अब तक का फेल्योर बोर्ड उप महापौर ने बताया।

महापौर राजीव अग्रवाल 11 बजे सदन में पहुंचे। उन्होने सभी का स्वागत किया व वन्देमातरम के बाद ज्यों ही कांग्रेसी पार्षद बोलने के लिए खड़े होने लगे तो महापौर ने बजट व विविध निर्माण कार्यो के लिए अनुमोदन चाहता हूॅं। यह कहते ही भाजपा पार्षदों ने दोनों हाथ सहमति में ऊपर उठाकर व टेबल थपथपाकर स्वीकृति दी। नेता प्रतिपक्ष विवेक राजवंशी ने स्वीकृति दी तो भाजपा पार्षदों ने भारत माता की जय व जय श्री राम का उद्घोष किया।

इसके बाद ही महापौर राजीव अग्रवाल ने जन-गण-मन करने के निर्देश दे दिए। इसके बाद महापौर व भाजपा पार्षद व अधिकारी सदन से बाहर निकल गए। वहीं कांग्रेसी पार्षदों ने नारेबाजी शुरू कर दी। कईयों ने तो बजट की कॉपी ही हवा में उछाल दी। सदन से बाहर निकल कांग्रेसी पार्षदों ने महापौर चोर है के नारे भी लगाए। उप महापौर पवन मीणा ने कहा कि लोग महापौर को ज्ञापन देने आए हैं, लेकिन यहां तो महापौर ही गायब है। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में महापौर राजीव अग्रवाल का नाम दर्ज किया जाना चाहिए। ये भाजपा फेल्योर का बोर्ड है। कोटा शहर में साफ-सफाई नहीं है। सफाई कर्मियों में भर्ती भ्रष्टाचार का नजरिया है, जो स्वचछता सर्वेक्षण के नाम पर लगाए गए हैं।

उपमहापौर ने कहा कि देवरानारायण योजना में कोई भी सफाईकर्मी नहीं लगाया है। वहां गंदगी है, तो अन्य पार्षदों का कहना है कि अधिकारियों की यहीं मर्जी थी कि जनता के मुद् दो पर चर्चा नही की जाए। बजट में घालमेल है। गलत काम हुए तो कांग्रेसी पार्षद पहले भी सड़क पर उतरे हैं और फिर से तैयार हैं।

उधर, इस सम्बन्ध में महापौर राजीव अग्रवाल का कहना था कि बजट की कॉपी समय से हमने पार्षदों को उपलब्ध करवा दी थी। आज बजट का पठन एवं अनुमोदन की बात करनी थी। हर वर्ष यहीं होता है कि बजट को पढ़ा हुआ मान लिया जाता है। ऐसा कोर्द मुद्दा नहीं था जिस पर चर्चा की जानी हो। आज बैठक बजट अनुमोदन की थी। जो लोग आज आरोप लगा रहे हैं, उन्हें सरकार को बदनाम करना है। देवरानायण योजना यूआईटी का मामला है। स्पीकर साहब के साफ निर्देश है कि कोटा को साफ करना है। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रस्तावित बजट में आय 844.72 करोड़ व व्यय 796.31 करोड़ बताया गया है।

# पटवारी 4 हजार रुपए रिश्वत लेते गिरफ्तार

### चरागाह भूमि पर फसल के जुर्माने का मामला

जननायक ब्यूरो



पटवारी रामनिवास बैरवा

**झालावाड़/मनोहरथाना।** एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर बुधवार को एसीबी की झालावाड़ चौकी ने कार्रवाई करते हुये रामनिवास बैरवा पटवारी पटवार हल्का पिण्डोला तहसील मनोहरथाना जिला झालावाड़ को परिवादी से 4000 रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की झालावाड़ चौकी को परिवादी ने गत 11 फरवरी को शिकायत दी थी कि प्रार्थी पिछले 10 साल से चारागाह भूमि पर खेती करता आ रहा है, जो करीब 2.5 बीघा है। जिसका सरकार की तरफ से जुर्माना आता था, जिसको प्रार्थी समय पर जमा करवा देता था। पिछले दो साल से जमीन का जुर्माना आना बन्द हो गया, तो परिवादी पिण्डोला हल्का के पटवारी रामनिवास से मिला तो उसने जुर्माना चालू करने की एवज में 5000 रुपए रिश्वत मांग कर एक हजार रुपए पूर्व में प्राप्त किए तथा 4000 रुपए रिश्वत राशि की मांग की जा रही है। इस पर 11 फरवरी को रिश्वत मांगने का सत्यापन करवाये जाने पर परिवादी से आरोपी ने रिश्वत की मांग करना प्रमाणित पाया गया। इस पर 12 फरवरी को ट्रेप कार्रवाई कर एसीबी झालावाड़ चौकी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगराम मीना ने मय टीम के कार्रवाई करते हुए आरोपी रामनिवास बैरवा पटवारी पटवार हल्का पिण्डोला तहसील मनोहरथाना जिला झालावाड़ को परिवादी से 4000 रुपए रिश्वतलेते हुए रंगे हाथों पकड़ा। आरोपी से पूछताछ की जा रही है। एसीबी ने मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जाएगा।

# जानलेवा हमले के आरोपी को 5 वर्ष की कैद

### 15,500 रुपए जुर्माना भी लगाया

जननायक संवाददाता

**कोटा।** न्यायालय अपर सेशन न्यायाधीश क्रम-2 के न्यायाधीश नरेन्द्र सिंह ने विज्ञान नगर थाना क्षेत्र में युवक पर पिस्टल से जानलेवा हमला करने के आरोपी को दोषी पाएं जाने पर बुधवार को पांच वर्ष के कारावास व 15,500 रुपए जुर्माना की सजा से दण्डित किया है। विशिष्ट लोक अभियोजक संजय पटोदी ने बताया कि प्रकरण के तथ्यों के अनुसार 9 मार्च 2011 को फरियादी कल्याण सिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि वह 8 मार्च को रात्रि को 8.30 बजे अपने बच्चे को छत्रपुरा तालाब में डॉक्टर को दिखाने जा रहा था। तभी उनके मोहल्ले का निवासी तौफिक मिला, जो बाइक पर था। उसके पीछे शंकर व एक अन्य व्यक्ति बैठा हुआ था। दो तीन बाइक उसके साथ ओर भी थी, जिन पर अन्य व्यक्ति बैठे हुए थे। सभी ने उसे गली के कोने पर जाते हुए रोका। तौफिक ने कहा कि वह भोजराज का दोस्त है, जिसकी वजह से वह पहले थाने में बंद हो गया था। उस समय उसके दो हजार रुपए खर्च हो गए थे। जो उससे लेकर छोड़ूंगा। यह कहकर उसने पिस्टल निकाल कर उसे जान से मारने की नीयत उसके सीने पर निशाना लगाकर गोली चलाई। वह एकदम साइड में हो गया। गोली उसके साइड से निकल गई। गोली की आवाज सुनकर उसका दोस्त भोजराज, मुकेश व अन्य लोग भागकर आए, जिन्हें देखकर सभी वहां से भाग गए। उन्होंने बताया कि पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर आरोपी तौफिक के खिलाफ जानलेवा हमले का मामला दर्ज किया था। अभियोजक पक्ष की ओर से न्यायालय में 20 गवाहों के बयान दर्ज करवाए गए थे। न्यायालय ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद आरोपी को दोषी पाए जाने पर सजा से दण्डित किया है।

# अतिक्रमण निरोधी दस्ते से अभद्रता करने के 2 आरोपी शांतिभंग में गिरफ्तार

जननायक संवाददाता

**कोटा।** भीमगंजमंडी थाना पुलिस ने नगर निगम के अतिक्रमण निरोधी दस्ते के अधिकारियों व कर्मचारियों से अभद्रता करने वाले दो आरोपियों को शांतिभंग में गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी रामकिशन गोदारा ने बताया कि नगर निगम उत्तर के उपायुक्त महावीर सिंह सिसोदिया, पुलिस उपाधीक्षक व अतिक्रमण प्रभारी तरूणकांत सोमानी की अगुवाई में कनिष्ठ अभियंता हनुमान रामा व नरेन्द्र नागर, यातायात पुलिसकर्मी व निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने मंगलवार को मस्जिद गली व रंगपुर पुलिस के नीचे से अस्थाई अतिक्रमणों को जेसीबी से हटाया था। इस दौरान मौके पर थाने का पुलिस जाप्ता भी मौजूद था। इस दौरान कुछ लोगों ने निगम की इस कार्रवाई का विरोध करते हुए दस्ते के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ अभद्रता कर दी थी, जिसकी रिपोर्ट दस्ते के प्रभारी ने थाने में दर्ज करवाई थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बुधवार को दस्ते के साथ अभद्रता करने के दो आरोपियों मजहर व साजिद को शांतिभंग में गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों को एडीएम सिटी में पाबंद करवाया गया है।

# नकली पुलिसकर्मी बनकर 36 लाख लूटने के दो आरोपी गिरफ्तार

### दिल्ली की तिहाड़ जेल से बापर्दा किया गिरफ्तार

जननायक संवाददाता



**कोटा।** गुमानपुरा थाना पुलिस ने नकली पुलिसकर्मी बनकर फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी से 36 लाख रुपए लूटने के फरार दो आरोपियों को दिल्ली की तिहाड़ जेल से बापर्दा गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक शहर डॉ. अमृता दुहन ने बताया कि 25 नवम्बर 2024 को फरियादी विशाल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि वह टीचर्स कॉलोनी गुमापुरा में स्थित फाईनेंस कंपनी में काम करता है। शाम को 4.16 बजे वह कंपनी के किराए के मकान में सो रहा था। उस समय तीन व्यक्ति उसके पास आए। उन्होंने कमरे का दरवाजा खुलवाया। उसने गेट खोला। उसने देखा दो व्यक्तियों पुलिस की वर्दी पहन रखी थी। एक व्यक्ति सादा कपड़ों में था, जिसने उसके बाल पकड़ कर कहा कि यहां रहने वाले लोग ड्रग्स बेचते हैं। वह कमरे की तलाशी लेने लगा। अलमारी में काले रंग का बैग था, जिसमें 36 लाख रुपए, उसकी आईडी रखे थे। उस व्यक्ति ने उसके दो चांटे मारे। वह 36 लाख रुपए से भरा बैग लेकर उसके कमरे से बाहर ले गए। एक व्यक्ति बाहर खड़ा था। बाहर कार खड़ी थी। उन्होंने उसे कार में बैठा लिया। वह उसे रावतभाटा रोड फोरलेन से पहले पेट्रोल पंप के पास कार से उतार कर रुपयों से भरा बैग लेकर फरार हो गए। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ लूट का मामला दर्ज किया था।

उन्होंने बताया कि इस प्रकरण में दो आरोपी फरार चल रहे थे। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए एएसपी शहर दिलीप सैनी, सीओ योगेश शर्मा के निर्देशन में गुमानपुरा थानाधिकारी अनिल कुमार टेलर के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया था। पुलिस टीम को सूचना मिली कि लूट के फरार दो आरोपी दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद है। पुलिस टीम ने प्रोडक्शन वांरट प्राप्त कर दोनों आरोपियों रामा विहार नई दिल्ली निवासी राहुल गुप्ता उर्फ नकटा (35) व निहाल विहार दिल्ली निवासी कमलजीत (33) को बापर्दा गिरफ्तार किया है। इस प्रकरण में पुलिस ने पूर्व में दो आरोपियों पंजाब के लुधियाना निवासी संजीव चौपड़ा (45) व गुजरात के अहमदाबाद निवासी अमित (29) को गिरफ्तार किया था।

# भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी 2 को कोटा आएंगे

जननायक संवाददाता



**कोटा।** भाजपा प्रवक्ता, राज्यसभा सांसद एवं सनातन के ओजस्वी वक्ता सुधांशु त्रिवेदी 2 मार्च को कोटा प्रवास पर रहेंगे। जितेंद्र गोयल तथा रवि अग्रवाल ने बताया कि त्रिवेदी कोटा के दशहरा मैदान में भारत विकास परिषद् एवं जनमंच की ओर से आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। भारत विकास परिषद सुभाष शाखा की बुधवार को हुई आमसभा में कार्यक्रम को लेकर जिम्मेदारियां सौंपी गई, जिसमें जनमंच के अध्यक्ष गोयल ने कहा कि सुधांशु त्रिवेदी अपने विचारों के धनी, हिन्दुत्व को बदनाम करने वालों का पर्दाफाश करने वाले सनातनी व राज्यसभा सदस्य हैं। बैठक में जनमंच के गोविंद माहेश्वरी, सुरेश अग्रवाल, शाखा अध्यक्ष तेजेश-रीमा, सचिव विकास-सौम्या, सतीश-ज्योति, दीप-अभिलाषा, प्रवीण-उषा, विष्णु-शशि, कमल-उमादेवी, वेदप्रकाश, बालमुकुंद, मुकुट बिहारी, अनिल उपस्थित रहे।

# गौतम को प्रशासक पद से हटाया



**बड़ौद।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत टाकरवाडा के पूर्व सरपंच महावीर प्रसाद गौतम के विरूद्ध ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग पंचायती राज विभाग राजस्थान सरकार के इन्द्रजीत सिंह अति. आयुक्त एवं शासन उप सचिव (जांच) ने महावीर प्रसाद गौतम, सरपंच, टाकरवाडाए के विरुद्ध निर्माण कार्य, भुगतान एवं अन्य अनियमितताएं करने संबंधित जांच रिपोर्ट में उक्त सरपंच को उत्तरदायी पाया गया है। जिसके क्रम में राज्य सरकार द्वारा उक्त पूर्व सरपंच को प्रशासक के पद से पदमुक्त करने का विनिश्चय किया गया है। राज्य सरकार द्वारा लिये गये विनिश्चय के क्रम में ग्राम पंचायत टाकरवाडा, पंचायत समिति सुल्तानपुर, कोटा के प्रशासक महावीर प्रसाद गौतम को प्रशासक पद से पदमुक्त किया जाता है।

# रेलवे स्टेशन पर अज्ञात वृद्ध का शव मिला

जननायक संवाददाता

**कोटा।** जीआरपी ने रेलवे स्टेशन से अज्ञात वृद्ध का शव बरामद किया है। जीआरपी थाना पुलिस ने बताया कि थाने पर सूचना मिली थी कि रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म-3 पर एक वृद्ध अचेत पड़ा हुआ है। इस पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस वृद्ध को एमबीएस अस्पताल ले गई। जहां चिकित्सकों ने जांच करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पास पहचान का कोई दस्तावेज नहीं मिला। पुलिस ने शिनाख्त के लिए शव को एमबीएस अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। मृतक की उम्र 70 वर्ष है। जीआरपी मृतक की पहचान के प्रयास कर रही है।

### हाडोती संभाग कोचिंग समिति ने भाजपा प्रवक्ता अग्रवाल को सौंपा मांग पत्र

# छोटे कोचिंग संस्थानों को लघु उद्योग श्रेणी में मिले लाभ

जननायक संवाददाता



अग्रवाल को ज्ञापन देने पहुंचे हाड़ौती संभाग कोचिंग समिति के प्रतिनिधि।

**कोटा।** हाड़ौती संभाग कोचिंग समिति की ओर से विभिन्न मांगों को लेकर बुधवार को भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपालकृष्ण अग्रवाल को ज्ञापन दिया। अग्रवाल कोटा में आयोजित बजट-2025 परिचर्चा में भाग लेने के लिए केंद्र सरकार के प्रतिनिधि के रूप में कोटा आए थे।

समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओम मेहता ने बताया कि समिति के संभागीय अध्यक्ष बुद्धिप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने केंद्र सरकार के सलाहकार अग्रवाल को सौंपे ज्ञापन में कहा कि भारत प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में लगातार समृद्धि की और बढ़ रहा है। स्पीकर ओम बिरला देश की सबसे बड़ी पंचायत के अध्यक्ष है। अतः राष्ट्र की इस समृद्धि में कोचिंग संस्थानों को भी शामिल करें। इसके अंतर्गत छोटे व मंझले कोचिंग संस्थानों को लघु उद्योग की श्रेणी में लेकर लाभ दें, क्योंकि निजी कोचिंग संस्थानों के निजी शिक्षकों को कोई भी सरकारी बैंक ऋण नहीं देता। अतः उन्हें विवश होकर प्राइवेट बैंक से ऊंची ब्याज दर पर ऋण लेना पड़ता है। शिक्षक चाहे राजकीय हो या निजी, शिक्षक राष्ट्र की धरोहर होते हैं। राष्ट्र की दिशा और दशा तय करने में शिक्षक की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

प्रतिनिधिमंडल में संभागीय संरक्षक राकेश मिश्रा, कोटा जिला अध्यक्ष सोनिया राठौर शामिल रहे। इस अवसर पर नागरिक सहकारी बैंक के चेयरमैन राजेशकृष्ण बिरला, कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा, भाजपा कोटा शहर जिलाध्यक्ष राकेश जैन तथा भाजपा प्रदेश मंत्री अनुसुइया गोस्वामी ने समिति की मांगों का समर्थन किया।

# दो आरोपी गिरफ्तार



**बड़ौद।** क्षेत्र के बूढ़ादीत पुलिस ने अलग-अलग मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। कोटा ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि थानाधिकारी रघुवीर सिंह हाडा के नेतृत्व में टाकरवाड़ा रोड स्थित गौशाला के सामने बूढादीत के पास अवैध शराब के 50 पव्वों का परिवहन करते हुए बूढ़ादीत निवासी नरेश कुमार मीणा पुत्र द्वारका लाल मीणा को गिरफ्तार किया। वही एक अवैध धारदार छुर्री को लेकर घूमते हुये बूढ़ादीत निवासी देशराज पुत्र केदार लाल मीणा को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

# लोन की किश्त जमा नहीं करवाई तो विधवा के साथ किया दुष्कर्म

**नैनवां।** थाना क्षेत्र के धानूगांव निवासी एक विधवा महिला के साथ दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। पुलिस ने बताया विधवा महिला ने रिपोर्ट दी है कि मैने घरेलू खर्च के लिए एक फाइनेस कंपनी से 50 हजार का लोन लिया था।

जिसकी दो किश्ते बकाया चल चल रही थी। अज्ञात आरोपी किश्त लेने के बहाने मेरे पास आया। मेरा देवर उस समय गांव गया हुआ था। मेरी सास पेड़ के नीचे सो रही थीं। आरोपी मुझे पकड़कर सरसों के खेत में ले गया। मैं चिल्लाने लगी तो मेरे मुंह में कपड़ा ठूंस दिया। मेरे साथ दुषकर्म किया।

आरोपी ने कहा अब तू समय पर लोन की किश्त नहीं देगी तो तेरे साथ किश्तों की पेलेंटी लेके जाऊंगा। मेरे घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण समय पर किश्त जमा नहीं करवा सकी और किश्ते चूक गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की ।

# दरा में ट्रैफिक जाम से मिलेगी राहत, वैकल्पिक मार्ग की मरम्मत शुरू

### अस्थायी मार्ग से डायवर्ट होंगे हल्के वाहन, ओवरटेक पर होगी सख्ती

जननायक संवाददता





**कोटा।** दरा नाल क्षेत्र में ट्रैफिक जाम की समस्या के समाधान के लिए प्रशासन सक्रिय हो गया है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के निर्देश के बाद जिला प्रशासन, एनएचएआई, रेलवे, वन विभाग और पीडब्ल्यूडी सहित सभी संबंधित एजेंसियां आपसी समन्वय के साथ कार्य कर रही हैं।

एन.एच.ए.आई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर संदीप अग्रवाल ने बताया कि बीते दिनों हुई बैठक में दरा नाल के पास से जा रहे रियासतकालीन मार्ग को पुनः शुरू करने सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई थी। इसके बाद सभी विभागों की आम सहमति से इस मार्ग को वैकल्पिक मार्ग के रूप में उपयुक्त माना गया है। बुधवार से ही इस पुराने मार्ग की मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया गया है। इसके शुरू होने के बाद हल्के वाहनों को इस मार्ग से डायवर्ट किया जाएगा, जिससे मुख्य मार्ग पर यातायात का दबाव कम होगा। वहीं, एक्सप्रेस से कोटा और जयपुर की ओर जाने वाले भारी वाहनों को रावतभाटा की ओर डायवर्ट किया जा रहा है, जिससे यातायात व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार देखा जा रहा है।

पीडब्ल्यूडी एनएच के अधिशासी अभियंता मुकेश गुप्ता ने बताया कि भटवाड़ा-चेचट रोड पर सड़क के किनारे झाड़ियों को हटाने और ढलान वाले क्षेत्रों को समतल व सड़क की चौड़ाई बढ़ाने के लिए डामरीकरण का कार्य भी किया जा रहा है। दरा नाल के पास पुलिया की टूटी हुई रेलिंग की मरम्मत का कार्य भी जारी है, जिससे यातायात को सुरक्षित बनाया जा सके।

### 500 मीटर के दायरे में लगेंगे स्प्रिंग बैरियर्स

दरा नाल के दोनों ओर 500 मीटर के दायरे में स्प्रिंग बैरियर्स लगाने का कार्य गुरुवार से शुरू किया जाएगा। पीडब्ल्यूडी द्वारा बुधवार को इसका ट्रायल किया गया, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी वाहन ओवरटेक न कर सके और ट्रैफिक जाम की समस्या न बने। इसके साथ ही, यातायात पुलिस द्वारा इस क्षेत्र की लगातार मॉनिटरिंग की जाएगी और ओवरटेक नहीं करने की अपील की जाएगी। जो वाहन ओवरटेक करेंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए जुर्माना भी वसूला जाएगा।

### दरा नाल का तीसरा हिस्सा भी होगा शुरू

वर्तमान में रेलवे ब्रिज (दरा नाल) के नीचे दो लेन से यातायात संचालित होता है, लेकिन अब तीनो लेन से वाहन गुजरेंगे। पहला और दूसरा हिस्सा कोटा की ओर से आने वाले वाहनों के लिए और तीसरा हिस्सा चेचट से आने वाले वाहनों के लिए होगा। इस नए ट्रैफिक प्लान के तहत तीसरे लेन में डामरीकरण का का कार्य शुरू हो गया है, जिससे वाहनों के निर्बाध आवागमन को सुनिश्चित किया जा सके और ट्रैफिक जाम की समस्या का त्वरित समाधान हो सके।

# कोटा मंडल में जल्द 160 से दौड़ेंगी रेल गाड़ियां

**कोटा।** कोटा रेल मंडल में ट्रेनें जल्द ही अधिकतम 160 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से दौड़ती नजर आएंगी। इसके लिए किया जा रहा मिशन रफ्तार का करीब 91 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। इसमें इंजीनियरिंग एवं संकेत एवं दूर संचार विभाग का काम लगभग पूरा हो चुका है। गंगापुर-नागदा रेल खंड में ओवर हेड एक्युमेंट (ओएचई) का कुछ काम बाकी है। जिसके मार्च में पूरा होने की संभावना है। नागदा-मथुरा रेलखंड के बीच कुल 545 किलोमीटर में यह काम कुल 2890.39 करोड़ रुपए में किया जा रहा है।

### यह हो चुके काम

- पशुओं को पटरी पर आने से रोकने के लिए पटरी के दोनों तरफ 1090 किलोमीटर में बेरिकेट्स।
- 87 विद्युत लोको में कवच सिस्टम।
- 549 किमी में 117 नए कवच टावर।
- 4 मुख्य एवं 300 छोटे ब्रिजों की मरम्मत।
- 6028 से अधिक ब्रिजों बदले स्लीपर।
- 54 नान इंटरलाक समपार फाटक समाप्त।
- 50 से अधिक जगह पटरियों का घुमाव कम किया।
- ट्रैक चेंजिंग प्वांट्स पर अधिक स्पीड पर कम्पन को कम करने के लिए 516 थिक वेव स्विच लगाए।

स्वामी एशियन न्यूजमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक-मुद्रक जयदीप शर्मा द्वारा जननायक प्रिंटर्स प्लाट नं. F-9 (B), रोड नं. 1, इन्द्रप्रस्थ इंडस्ट्रीयल एरिया, कोटा से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक- जयदीप शर्मा, फोन : 9414243142, 0744-2411101 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)